निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार 28 मई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 11 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते सीएम हेमंत सोरेन

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी अंपायर बनी झारखंड की बेटी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड की बेटी नीतू कुमारी महतो ने हॉकी जगत में राज्य का नाम रोशन करते हुए एक नई उपलब्धि हासिल की है। रांची जिले के हरदाग की रहने वाली नीतू अंतर्राष्ट्रीय हॉकी अंपायर के रूप में क्वालीफाई कर झारखंड की दूसरी महिला अंतर्राष्ट्रीय अंपायर बन गई हैं। अब वह 29 मई से 6 जून तक जापान के काकामिगाहारा में आयोजित होने वाले यू18 एशिया कप 2026 में अंपायरिंग करती नजर आएंगी।

### सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत

**दुमका(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रानीश्वर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर बरमसिया पथ पर रानीश्वर पुराना ब्लाक के गेट के पास बुधवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मृत छात्रा अंजली सिंह (14) वह रघुनाथपुर मोड़ की रहने वाली थी। वह प्लस टू हाईस्कूल रघुनाथपुर की दशम की छात्रा थी। वह सुबह साइकिल से कहीं जा रही थी उसी क्रम में पीछे से एक वाहन के जोरदार धक्का मारने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### घर से भागे तीन बच्चे सकुशल बरामद

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** प्रदेश से बच्चों के गायब होने के मामलों को लेकर रांची पुलिस बेहद परेशान है। हाल के तीन मामलों को लेकर पुलिस को भारी फजीहत भी झेलनी पड़ी थी लेकिन जब गायब बच्चे बरामद हो रहे हैं तो कहानी कुछ और ही सामने आ रही है। रांची के धुर्वा स्थित पटेल नगर से गायब 10 साल की रोशनी कुमारी और 6 साल के युवांश महतो को रांची पुलिस ने हटिया इलाके से बरामद किया है। दूसरी ओर रांची से लापता आशविन आनंद को भी रांची पुलिस ने नई दिल्ली से बरामद किया है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पचम्बा थाना क्षेत्र अंतर्गत चकटांड़ गांव में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। गिरिडीह-कोडरमा रेलवे लाइन के पोल संख्या 98/14 के पास युवक का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया जिससे प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से कटकर मौत का प्रतीत हुआ। मृतक की पहचान सुंदरटांड़ गांव निवासी इसराइल अंसारी के 32 वर्षीय पुत्र मोहम्मद इरफान के रूप में हुई।

### तालाब में डूबकर बच्चे की मौत

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना अंतर्गत तांतनगर ओपी क्षेत्र के छोटा बड़दाडीह गांव में 6 वर्षीय सूर्य कुंकल की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह गांव के अन्य बच्चों के साथ नहाने गया था। इसी दौरान खेलते-खेलते वह तालाब के गहरे हिस्से में चला गया और डूब गया।

# गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे विकास योजनाओं का लाभ : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि विकास योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता व गति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। झारखंड मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने ग्रामीण आवास योजनाओं की प्रगति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसे परिवारों को चिन्हित किया जाए जो अब भी आवासविहीन हैं या जर्जर मकानों में जीवन गुजार रहे हैं ताकि उन्हें जल्द योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए



जेएसएलपीएस को सखी मंडलों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल खेती तक सीमित नहीं रखा जाए बल्कि सोलर पावर उत्पादन, मधुमक्खी पालन और अन्य रोजगारपरक गतिविधियों से भी जोड़ा जाए। इसके लिए प्रशिक्षण और बाजार उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य में पांच हजार नए सखी मंडल गठित करने की प्रक्रिया चल रही है जिससे लगभग 60 हजार परिवारों को जोड़ा जाएगा। इसके अलावा महिलाओं के समूहों को मजबूत करने के लिए बैंकों से पांच हजार करोड़ रुपये तक ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया गया है। विभाग ने ढाई लाख महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने की योजना भी रखी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों के साथ-साथ दूसरे राज्यों में भी पलाश मार्ट जैसे बिक्री केंद्र स्थापित किए जाएं। मनरेगा और बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बागवानी और जल संरक्षण आधारित योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने लिफ्ट इरीगेशन और वाटर मैनेजमेंट सिस्टम को गांव स्तर पर प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, ग्रामीण विकास सचिव मनोज कुमार, मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय कुमार वर्णवाल आदि उपस्थित थे।

# झूठे और अनर्गल आरोपों के खिलाफ दर्ज कराएंगे प्राथमिकी : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा स्वास्थ्य विभाग पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। रांती के नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने घोषणा की कि वे इन झूठे और अनर्गल आरोपों के खिलाफ बाबूलाल मरांडी पर एफआईआर दर्ज कराएंगे और इस पूरे मामले को अदालत में ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा सरकार और विभाग की छवि धूमिल करने की नीयत से यह पूरी साजिश रची गई है। प्रेस वार्ता के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बाबूलाल मरांडी द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब दिया। एंबुलेंस और दवा खरीद में किसी भी तरह के घोटाले के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए मंत्री ने कहा कि बाबूलाल मरांडी एक झूठे व्यक्ति हैं, आरोप लगाना और फिर भाग जाना उनकी पुरानी फितरत रही है। वह सूबे के मुख्यमंत्री जैसे गरिमामई और उच्च संवैधानिक पद पर रह चुके हैं। ऐसे में उन्हें बिना तथ्यों के अनर्गल आरोप लगाते हुए अपनी गरिमा का ख्याल रखना चाहिए था। स्वास्थ्य मंत्री ने मीडिया के सामने नेता प्रतिपक्ष को चुनौती दी कि वे अपने आरोपों की प्रमाणिकता साबित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस महालेखाकार की प्रारंभिक रिपोर्ट को आधार बनाकर बाबूलाल मरांडी उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, उसके तथ्य कई साल पुराने हैं। इस संबंध में उन्होंने खुद महालेखा कार्यालय को पत्र लिखकर स्थिति स्पष्ट की है। बाबूलाल मरांडी के उस बयान पर जिसमें उन्होंने दावा किया था कि एनएचएम परिसर में 251 एंबुलेंस बेकार खड़ी धूल फांक रही हैं, स्वास्थ्य मंत्री ने तीखा तंज कसा। पत्रकारों के सामने एक दूरबीन लहराते हुए मंत्री ने कहा कि मैं बाबूलाल मरांडी को यह दूरबीन उपहार में देता हूं, वह इसके जरिए देखकर जनता को बताएं कि आखिर कहां एंबुलेंस बेकार खड़ी हैं।

# 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत 30 से अधिक लोग धराये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी में आपराधिक घटनाओं पर नकेल कसने के लिए रांची पुलिस के द्वारा ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है। ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस की ओर से पिछले 24 घंटे में 30 से ज्यादा अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। साथ ही साथ 135 से अधिक लंबित वारंट का निष्पादन भी कर दिया गया है। सीनियर एसपी राकेश रंजन ने बताया कि 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत अपराध नियंत्रण, वारंट निष्पादन और संगठित अपराध पर शिकंजा कसने की विशेष रणनीति बनाई गई है, जिसे बीच-बीच में निश्चित समयावधि पर दोबारा एक्टिव कर देर रात तक चलाई जाती है। ऑपरेशन प्रहार के दूसरे चरण में रांची पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर फरार अपराधियों, वारंटियों और संदिग्धों को धर दबोचा है। कई आरोपी ऐसे भी पकड़े गए है जो लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। अभियान में जिले के सभी एसपी, उपाधीक्षक, थाना प्रभारी और अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे। सिटी एसपी पारस राणा और ग्रामीण एसपी की अगुवाई में रांची में चलाए गए 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत गंभीर मामलों में फरार चल रहे 30 से ज्यादा अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए रांची पुलिस की एक बड़ी टीम पिछले 24 घंटे से काम कर रही थी। इससे पहले 'ऑपरेशन प्रहार' के पहले चरण में रांची पुलिस द्वारा 100 से ज्यादा अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था। साथ ही 220 से अधिक लंबित वारंटों का निष्पादन किया गया था। अपराधियों के खिलाफ रांची पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई में से एक है।

# दम घुटने से तीन लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

हजारीबाग। जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत कुद गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की संदिग्ध मौत हो गई है। घटना के पीछे का कारण अवैध रूप से महुआ शराब बनाना बताया जा रहा है। वहीं एक व्यक्ति का इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस के भय के कारण अवैध रूप से महुआ निर्माणाधीन सेफ्टी टैंक में रखा गया था। देर रात महुआ निकालने के लिए चमेली देवी टंकी में उतरी और वह बेहोश हो गई। उसे निकालने के लिए मदन साव टंकी में उतरे और वह भी बेहोश हो गया। इसके बाद दोनों को बचाने के लिए चमेली देवी का बेटा रवि साहू टंकी में उतरा लेकिन वह भी बेहोश हो गया। कुछ देर बाद जब तीनों लोग घर नहीं लौटे तो मृतक चमेली देवी के पति आनंद साव



भी टंकी में उतरे। जब वह भी कुछ देर बाद वापस नहीं लौटे तो परिवार के अन्य सदस्य वहां पहुंचे तो देखा कि टंकी में सभी लोग बेहोश पड़े हुए हैं। कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया और आनन-फानन में सभी को शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने आनंद साव को छोड़कर बाकी सभी लोगों को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल आनंद साव का इलाज अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि दम घुटने से सभी की मौत हुई है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि महुआ रखने के दौरान टंकी का स्लैब बंद कर दिया गया था जिससे महुआ का गैस बाहर नहीं निकल पाई और लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। इधर घटना को लेकर कटकमदाग थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि तीन लोगों की संदिग्ध मौत हुई है। मौत के पीछे का कारण क्या है, इसे लेकर जांच किया जाएगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद कई बातों का खुलासा होगा। साथ ही मौत का कारण भी पता चल सकेगा।

# तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां तालाब में डूबने से दो बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई है। यह घटना नगर उंटारी थाना क्षेत्र के कुंबा गांव की है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार पतरिहा कलां गांव के हरिजन टोला निवासी राजू राम की बेटी प्रियांशु कुमारी (8 वर्ष) और परमेश्वर राम की बेटी रेशमा कुमारी (10 वर्ष) मंगलवार सुबह करीब 9 बजे घर से बहवा पहाड़ की ओर लकड़ी चुनने गई थीं। शाम तक जब दोनों बच्चियां घर नहीं लौटीं तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। इसके बाद रातभर ग्रामीणों और परिजनों ने आसपास के इलाकों में खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस बीच बुधवार सुबह करीब 6 बजे गांव के कुछ बच्चों की नजर बच्चियों पर पड़ी। बच्चों ने तुरंत लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों की मदद से दोनों बच्चियो के शव तालाब से निकाले गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। ग्रामीण अरुण तिवारी ने बताया कि दोनों बच्चियां लकड़ी चुनने गई थीं। भीषण गर्मी के कारण वे दोनों तालाब में नहाने उतरी। इस दौरान गहरे पानी में चले जाने से दोनों डूब गईं। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी इस तालाब में कई लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाब के आसपास सुरक्षा व्यवस्था, घेराबंदी और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न हो सके। एसडीपीओ सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि दो बच्चियों की डूबने से मौत हुई है। मामले में आगे की प्रक्रिया की जा रही है।

## खोदो नदी में नहाने के दौरान बीसीसीएल कर्मी की मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बीसीसीएल बरोरा एरिया की एएमपी कोलियरी में कार्यरत भेलव मेन सुभाष बाउरी की बुधवार सुबह खोदो नदी में नहाने के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह मिर्गी बीमारी से ग्रसित थे। साथ ही यह भी आशंका जताई जा रही है कि नदी में नहाने के दौरान मिर्गी का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं बरोरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# धनबाद में बना झारखंड का पहला 'गरिमा गृह'

## सम्मान के साथ जी सकेंगे ट्रांसजेंडर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** कोयलांचल में ट्रांसजेंडर समुदाय को सम्मानजनक जीवन और मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। केंद्र सरकार की स्माइल योजना के तहत जिले के तेतुलमारी में 25 बेड का 'गरिमा गृह' तैयार किया गया है। यह सिर्फ एक शेल्टर होम नहीं बल्कि ट्रांसजेंडर समुदाय को सुरक्षित आवास, प्रशिक्षण, रोजगार और समाज में नई पहचान दिलाने की कोशिश है। गरिमा गृह में रहने वाले लोगों के लिए भोजन, स्वास्थ्य सुविधा, काउंसिलिंग, कानूनी सहायता और स्किल डेवलपमेंट जैसी कई व्यवस्थाएं की गई हैं। खास बात यह है कि झारखंड में इस तरह का यह पहला गरिमा गृह है। धनबाद डीसी आदित्य रंजन ने कहा कि अगर किसी ट्रांसजेंडर को कहीं भी किसी प्रकार की परेशानी हो रही है तो वे इस गरिमा गृह में आकर रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। इसके लिए यहां स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे और प्रशिक्षण के बाद उन्हें रोजगार से जोड़ने की पहल भी की जाएगी।




डीसी ने कहा कि समाज के हर वर्ग को सम्मान के साथ जीने का अधिकार है और यह गरिमा गृह उसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है। गरिमा गृह का संचालन सामाजिक संस्था 'मंथन' द्वारा किया जाएगा। संस्था के परियोजना प्रबंधक पंकज कुमार ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त सोच के तहत इस पहल की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे ट्रांसजेंडर जो आज भी भिक्षाटन में शामिल हैं, उन्हें सम्मानजनक जीवन देने और भिक्षावृत्ति से मुक्त समाज बनाने की दिशा में यह प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि झारखंड का यह पहला गरिमा गृह है, जहां ट्रांसजेंडरों के रहने और खाने से लेकर प्रशिक्षण तक की पूरी व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें रोजगार और लाइवलीहुड से जोड़ने की भी योजना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं झारखंड प्रदेश किन्नर समाज की सचिव श्वेता किन्नर ने इस पहल के लिए सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर और किन्नर समाज को आगे बढ़ाने के लिए सरकार का यह कदम काफी सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस गरिमा गृह से समाज के उन लोगों को नई दिशा मिलेगी जो अब तक उपेक्षा और भेदभाव का सामना करते रहे हैं। श्वेता किन्नर ने प्रशासन से यह भी अपील की कि गरिमा गृह में सिर्फ वास्तविक जरूरतमंद ट्रांसजेंडरों को ही रखा जाए और फर्जी या नकली किन्नरों को इसमें जगह नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक किन्नर ही दूसरे किन्नर का दुख-दर्द सही मायने में समझ सकता है। ऐसे में सरकार और प्रशासन को इस गरिमा गृह के संचालन में किन्नर समाज की भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि इसका लाभ सही लोगों तक पहुंच सके।

एफएसएसएआई fssai भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण Food Safety and Standards Authority of India

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE सत्यमेव जयते

**ध्यान दें**

**खाद्य व्यवसाय संचालक (FBOs)**

**क्या आपने अभी तक अपना वार्षिक रिटर्न दाखिल किया है?**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक रिटर्न (फॉर्म डी 1) दाखिल करने का पोर्टल अब यहाँ खुल गया है :

FoSCoS Food Safety Compliance System

इन पर लागू :
- निर्माता (रीपैकर और रीलेबलर सहित)
- निर्यातक (निर्माता)
- आयातक

फाइल करने की आखिरी तारीख : **31 मई 2026**

**नियमों का पालन न करना:**

फाइल करने में देरी होने पर हर दिन 100 रुपये का जुर्माना लगेगा और लाइसेंस भी रद्द हो सकता है।

सालाना रिटर्न फाइल करने का तरीका :

चरण 1: https://foscos.fssai.gov.in पर जाएं
चरण 2 : अपने FOSCOS क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल करके Food Businesses में लॉग इन करें
चरण 3: Fill Annual Return पर क्लिक करें
चरण 4: साल (2025-26) चुनें और आगे बढ़ें
चरण 5: Form डी1 भरें और सबमिट करें




विस्तृत मार्गदर्शन के लिए, उपयोगकर्ता नियमावली देखें:

Download on the App Store | GET IT ON Google Play

खाद्य सुरक्षा से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए, आप FSSAI का 'Food Safety Connect' ऐप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow Us — fssaiindia | fssai | fssai_safefood | fssaiindia | fssai_india

cbc 17163/13/0001/2627

# 'बाबा, अब आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं, आपका काम आज और अभी होगा'

## जन समाधान दिवस बना उम्मीद का सहारा, उपायुक्त के जनता दरबार में लोगों ने रखीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जन समाधान दिवस के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त श्री शेखावत ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों



को त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जन समाधान दिवस में उस समय मानवीय संवेदना की एक मिसाल देखने को मिली जब पाटन प्रखंड के नवाजयपुर से पहुंचे 81 वर्षीय बुजुर्ग उदित ठाकुर ने उपायुक्त को बताया कि उनका वृद्धा पेंशन पिछले लगभग एक वर्ष से बंद पड़ा है। उन्होंने कहा कि आधार से संबंधित किसी त्रुटि के कारण पेंशन रुक गई है, लेकिन वृद्धावस्था एवं आंखों से दिव्यांग होने के कारण वे विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने में असमर्थ हैं। बुजुर्ग की बातें सुनते ही उपायुक्त ने तत्काल उन्हें बैठाकर पानी पिलाया और बेहद आत्मीयता के साथ कहा, ल्लबाबा, अब आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है, आपका काम आज और अभी यहीं से होगा। इसके बाद उपायुक्त ने मौके पर मौजूद सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक पीयूष को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अधिकारियों द्वारा तत्काल बुजुर्ग का आधार अपडेट कराया गया तथा बैंक खाते से आधार सीडिंग की प्रक्रिया भी पूर्ण कराई गई। आवश्यक त्रुटियों को दूर करते हुए वृद्धा पेंशन पुनः चालू करने एवं लंबित राशि भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पीयूष ने बताया कि आगामी सात दिनों के भीतर उदित ठाकुर के बैंक खाते में पिछले एक वर्ष की लंबित पेंशन राशि भेज दी जाएगी। जन समाधान दिवस के दौरान भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# भीषण गर्मी में नगर पंचायत हुसैनाबाद में प्याऊ व्यवस्था की शुरुआत

**हुसैनाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा आम लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शहर में प्याऊ व्यवस्था शुरू की गई है। नगर पंचायत की ओर से राहगीरों, मजदूरों, दुकानदारों एवं आम नागरिकों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की गई है। इसी क्रम में नगर पंचायत कार्यालय हुसैनाबाद के सामने सबसे पहले प्याऊ व्यवस्था की शुरुआत की गई। इसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती, उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी एवं वार्ड पार्षद आनंद कुमार ने फीता काटकर किया। प्याऊ शुरू होने से उस रास्ते से आने-जाने वाले लोगों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में राहत मिल रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल नगर पंचायत कार्यालय के सामने प्याऊ की शुरुआत की गई है। इसके बाद अन्य जगहों पर चरणबद्ध तरीके से शहर के अन्य प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी प्याऊ की व्यवस्था शुरू की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। नगर पंचायत की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

# डबल मर्डर मामले का खूंटी पुलिस ने किया खुलासा, तीन हत्या आरोपी गिरफ्तार

## हत्या में प्रयुक्त टांगी और खून लगे सामान बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** सायको थाना क्षेत्र में आयोजित छऊ नृत्य मेला के दौरान हुई डबल मर्डर मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला सायको थाना क्षेत्र का जीउरी बड़ाटोली का रहने वाला 17 वर्षीय विशु पाहन और 17 वर्षीय सुमी मुंडू की हत्या की गई थी। खूंटी एसपी ऋषभ गर्ग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 17/18 मई 2026 की रात को सायको गांव में आयोजित छऊ नृत्य मेला देखने गए उसी दौरान किसी मामले को



लेकर आपस में कहा सुनी हुई जिसके बाद उन लोगों ने मिलकर विशु पाहन और सुमी मुंडू की धारदार पारंपरिक हथियार से हत्या कर दी और शव को 300 मीटर दूर झाड़ी में फेंक दिया था। हालांकि इस पूरी घटना में डॉग स्क्वायड और एफएसएल की मदद ली गई थी। जिसके बाद पुलिस ने सबूत जुटाते हुई तीन हत्यारोपियों को सायको थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। खूंटी एसपी ने बताया कि इस हत्याकांड में दो दोस्तों न मिलकर शव का साक्ष्य छुपाने की नीयत से झाड़ी में छुपा दिया था। पुलिस ने बताया कि मास्टरमाइंड सुंबर सिंह मानकी ने अपने ही दोस्त को अपनी पत्नी का देखभाल की जिम्मेवारी सौंपी थी और वह रोजगार के लिए चेन्नई चला गया था। जानकारी के अनुसार सुंबर सिंह मानकी को विशु पाहन ने अपनी पत्नी का किसी अन्य के साथ चल रही बातचीत को छुपाए रखा। इसी मामले को लेकर आवेश में आकर विशु पाहन की हत्या की गई और बीच बचाव में आई सुमी मुंडू की भी हत्या कर दी गई। डबल मर्डर मामले में सायको थाना पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया जिसमें 21 वर्षीय सुन्दर सिंह मानकी, 45 वर्षीय गोमिया सोय और बुधराम सोय शामिल हैं पुलिस ने इनके पास से हत्या में प्रयुक्त टांगी और खून लगे सामान बरामद किया। छापामारी टीम का नेतृत्व खूंटी के डीएसपी मंगल सिंह जामुदा कर रहे थे साथ में खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक फ्रांसिस जेवियर बाड़ा, साइको थाना प्रभारी प्रभात रंजन पाण्डेय , पितरुस बाड़ा, प्रदीप सांगा, धर्मेंद्र भगत , चौकीदार लूसा मुंडू और डोमन स्वासी शामिल थे।

# 28 मई से 4 जून तक जिलेभर में चलेगा माहवारी स्वच्छता जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो कार्यक्रम अंतर्गत राज्यव्यापी अभियान 28 मई से 4 जून 2026 तक चलाया जाना है। इस अभियान को जिले में प्रभावी तरीके से संचालित करने को लेकर बुधवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने एनआईसी सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी बीडीओ एवं प्रखंड वाश समन्वयकों के साथ बैठक की। वहीं एनआईसी सभागार में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि माहवारी स्वच्छता दिवस केवल कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए,

**समीक्षा**

बल्कि इसे जमीनी स्तर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान के रूप में चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज भी राज्य में मात्र 52 प्रतिशत किशोरियां एवं महिलाएं ही सैनिटरी नैपकिन का उपयोग करती हैं, जो चिंताजनक स्थिति है। ऐसे में समाज में जागरूकता बढ़ाकर इस आंकड़े में सुधार लाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि माहवारी स्वच्छता केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि महिलाओं की गरिमा, शिक्षा और सुरक्षित जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने सभी प्रखंडों में पंचायत एवं समुदाय स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। अभियान के तहत किशोरियों एवं महिलाओं को सुरक्षित एवं स्वच्छ माहवारी प्रबंधन, सैनिटरी नैपकिन के उपयोग तथा सुरक्षित निपटान के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार राज्य में अभी भी बड़ी संख्या में महिलाएं असुरक्षित साधनों का उपयोग करती हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ती हैं। अभियान के माध्यम से माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों एवं झिझक को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के दौरान पंचायत एवं समुदाय स्तर पर छोटे समूहों में बैठक, प्रभातफ़ेरी, शपथ ग्रहण, रेड डॉट चैलेंज, जागरूकता रैली तथा स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्वयं सहायता समूह, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से गांव-गांव में जनजागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया।

# आठ बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** श्रम अधीक्षक, पलामू अमित कुमार चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को पलामू जिले के हरिहरगंज एवं पिपरा प्रखंड क्षेत्रों में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 8 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। बकौल श्रम अधीक्षक इन बच्चों से होटल एवं ढाबों में वेटर का कार्य, प्लेट उठाने तथा साफ-सफाई जैसे कार्य कराए जा रहे थे। मुक्त कराए गए बच्चों की उम्र लगभग 8 वर्ष से 13.5 वर्ष के बीच बतायी गयी है। श्रम अधीक्षक श्री चौधरी ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से कार्य कराना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में नियोजकों के विरुद्ध 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा अथवा 20 हजार से 50 हजार रुपये तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि बाल श्रमिकों को नियोजित करने वाले संचालकों के विरुद्ध हरिहरगंज एवं पिपरा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। साथ ही मुक्त कराए गए बच्चों के विद्यालय में नामांकन एवं उनके परिवार के पुनर्वास की कार्रवाई भी की जाएगी।इस अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हरिहरगंज, हुसैनाबाद एवं सदर-मेदिनीनगर के साथ जिला समन्वयक अग्रगति पलामू एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे। श्रम अधीक्षक ने कहा कि बाल श्रम केवल कानूनी अपराध ही नहीं, बल्कि मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है। बच्चों का सही स्थान कार्यस्थल नहीं बल्कि विद्यालय है। समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए बाल श्रम के विरुद्ध सभी को जागरूक एवं संवेदनशील होने की आवश्यकता है।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को लेकर जिला स्तरीय टीओटी प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** उपायुक्त मो0 जावेद हुसैन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं योजना से संबंधित प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु समाहरणालय, खूँटी के सभागार में जिला स्तरीय टीओटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिला समाज कल्याण शाखा, खूँटी, निदेशालय एवं आईपीई ग्लोबल के तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी




महिला पर्यवेक्षिकाएं तथा संबंधित कर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संचालन, पोर्टल प्रविष्टि, आवेदन प्रक्रिया, लाभुक स्वीकृति, भुगतान प्रक्रिया एवं अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, ताकि प्रखंड एवं आंगनवाड़ी स्तर पर योजना का सुचारू एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान लंबित मामलों के निष्पादन से संबंधित प्रक्रियाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। साथ ही यह निर्देश दिया गया कि इगए जांच के 30 दिनों के भीतर लाभुकों का पंजीकरण एवं आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए, ताकि समय पर लाभ प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा योजना के विभिन्न मॉड्यूल पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया तथा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, खूँटी अनिशा कुजूर, सभी एक्ष्म, महिला पर्यवेक्षिका सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे। अनुप केरकेट्टा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर स्मिता गुप्ता एवं प्रकाश पुरान भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बताया गया कि जिला स्तरीय टीओटी प्रशिक्षण के उपरांत इसी प्रकार का प्रशिक्षण प्रखंड स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा, ताकि आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं संबंधित कर्मियों को योजना से संबंधित सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को जमीनी स्तर तक पहुंचाते हुए आंगनवाड़ी सेविकाओं को भी प्रशिक्षित करें, ताकि पात्र लाभुकों को योजना का लाभ समय पर एवं पारदर्शी तरीके से मिल सके।

# 'चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो' अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** उपायुक्त मो0 जावेद हुसैन द्वारा समाहरणालय स्थित सभागार में 29 मई से 4 जून 2026 तक पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से चलने वाले चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान का आज शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं मासिक धर्म से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में व्याप्त झिझक एवं भ्रांतियों को दूर करना है। कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल खूँटी के कार्यपालक अभियंता मनीष कुमार द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल किशोरियों एवं महिलाओं ही नहीं, बल्कि पुरुषों को भी इस विषय पर जागरूक किए जाने की जरूरत है, ताकि सभी अपने दायित्व एवं भूमिका को समझ सकें। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विद्यालयों में इस विषय पर नियमित रूप से चर्चा की जाए। साथ ही पेरेंट्स डे के अवसर पर पिता के साथ-साथ माताओं को भी आमंत्रित कर इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी जाए। उन्होंने वीएचएसएनडी दिवस के दौरान भी महिलाओं को माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर जागरूक करने का निर्देश दिया। वहीं पंचायत स्तर पर पैड बैंक बनाने की भी बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को हाथ में रेड डॉट दिखाकर

**स्वच्छता का संदेश**

स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी साझा कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में दो किशोरियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। उन्होंने बताया कि माहवारी एक सामान्य एवं प्राकृतिक प्रक्रिया है तथा इस दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। किशोरियों ने सैनिटरी पैड के उपयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अन्य किशोरियों को प्रेरित किया कि माहवारी को लेकर घबराने अथवा शर्माने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि जागरूक एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की जरूरत है। उपायुक्त ने किशोरियों द्वारा साझा किए गए अनुभवों की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार खुलकर संवाद करने की आवश्यकता है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान पूर्व में भी चलाया गया है, लेकिन इस बार इसे और व्यापक स्तर पर चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कई बार माहवारी से जुड़ी समस्याओं एवं असुविधाओं के कारण विद्यालयों में बच्चियों के ड्रॉप आउट की संख्या बढ़ जाती है। इसलिए विद्यालयों में किशोरियों के लिए अलग व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि माहवारी के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उप विकास आयुक्त द्वारा इस अभियान को ग्राम स्तर तक सफल बनाने का आवाहन किया गया।

# धनबाद के चौधरी स्वीट्स में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** बैंकमोड़ थाना क्षेत्र स्थित केंद्रीय गुरुद्वारा के सामने मौजूद चौधरी स्वीट्स में बुधवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। दुकान संचालक ने करीब पांच लाख रुपये के नुकसान का दावा किया है। फिलहाल आग लगने के कारणों को लेकर अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं और फायर ब्रिगेड मामले की जांच में




जुट गई है। बताया जा रहा है कि सुबह करीब सात बजे अचानक चौधरी स्वीट्स की दुकान से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने काफी देर तक मशक्कत कर आग पर काबू पाया। दुकान के संचालक बबलू ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। दुकान में रखा सारा सामान जल गया। करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान में तेल गर्म करने के दौरान गैस सिलेंडर लीक होने से आग लगी है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि दुकान के बाहर अवैध रूप से बड़े-बड़े चूल्हे लगाए जाते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। आक्रोशित लोगों ने कहा कि दुकान के ऊपर बुजुर्ग दंपति रहते हैं। अगर आग ज्यादा फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। प्रशासन को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और अवैध तरीके से लगाए गए चूल्हों की जांच की मांग की है। फिलहाल फायर ब्रिगेड और प्रशासन आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच में जुटे हुए हैं।

# जेएसएलपीएस संकुल संगठन ने पनशाला का किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए जिले के विभिन्न प्रखंडों में राहगीरों एवं आमजनों की सुविधा के लिए जेएसएलपीएस संकुल संगठनों द्वारा पनशाला (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया। यह जनहितकारी पहल सखी मंडल की दीदियों द्वारा संचालित की जा रही है, जिसके तहत बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले प्रमुख मार्गों पर लोगों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा हैकार्यक्रम ।के दौरान उपस्थित अतिथियों ने महिला समूहों की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को पेयजल उपलब्ध कराना एक महत्वपूर्ण सामाजिक सेवा है। इससे समाज में सहयोग, संवेदनशीलता एवं जनसेवा की भावना को बढ़ावा मिलता है।जिले के चैनपुर, रामगढ़, तरहसी, मेदिनीनगर, हरिहरगंज, पिपरा सहित विभिन्न प्रखंडों के संकुल संगठनों द्वारा पनशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सखी मंडल की दीदियों ने भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभायी।

# आयुक्त ने गिरिवर +2 हाई स्कूल का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती कुमुद सहाय ने आगामी विभागय परीक्षा को मद्दे नजर रखते हुए गिरिवर +2 हाई स्कूल का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने परीक्षा संचालन को पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यालय परिसर में स्वच्छता, पेयजल (डिस्पोजल के साथ), बिजली, सी.सी.टी.वी., मेडिकल किट एवं बैठने की समुचित व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा कक्षों में पर्याप्त रोशनी एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने केंद्र पर अनुशासन बनाए रखने तथा परीक्षा संबंधी सभी मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने विद्यालय प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# मिसेज इंडिया एशिया प्रतियोगिता में बोकारो की स्नेहा गुप्ता बनीं द्वितीय उपविजेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** एमवी प्रोडक्शन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित मिसेज इंडिया एशिया 2026 प्रतियोगिता का भव्य आयोजन पिछले दिनों द क्रूज़, जमशेदपुर में किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बोकारो स्टील सिटी की प्रतिभाशाली उद्यमी, गृहिणी एवं होटल व्यवसायी स्नेहा गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय उप विजेता का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया।

**उपायुक्त से की मुलाकात**

स्नेहा गुप्ता ने बुधवार को गोपनीय शाखा कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा से मुलाकात की। इस अवसर पर उपायुक्त ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं




शुभकामनाएं दीं। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि स्नेहा गुप्ता जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर स्वयं सहायता समूह की दीदियों एवं महिलाओं को जागरूक एवं प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें। जानकारी हो कि, प्रतियोगिता में झारखंड के अलावा विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान कुल 12 चुनौतीपूर्ण चरण आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभा प्रदर्शन चरण, राष्ट्रीय परिधान चरण, साक्षात्कार चरण, सामान्य ज्ञान चरण, खेल चरण, प्रश्नोत्तर चरण, मंच संचालन चरण एवं भव्य समापन चरण सहित कई व्यक्तित्व एवं प्रदर्शन आधारित चरण शामिल थे। प्रत्येक चरण में स्नेहा गुप्ता ने आत्मविश्वास, बुद्धिमत्ता, सौम्यता एवं प्रभावशाली मंच प्रस्तुति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इससे पहले, स्नेहा गुप्ता को मिसेज इंटेलिजेंट, मिसेज एक्टिव, मिसेज बेस्ट कॉस्ट्यूम एवं मिसेज चार्मिंग जैसी विशेष उपाधियां भी प्रदान की गई है।

# 24 घंटे में हाथी ने दो महिलाओं को मार डाला

## ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की दी गई सलाह, दहशत में गुजर रहीं रातें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में हाथियों का उत्पात फिर एक बार शुरू हो गया है। पिछले 24 घंटे के अंदर एक हाथी ने दो महिलाओं की जान ले ली। हाथी के डर से ग्रामीण भयभीत हैं। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की सलाह दी गई है। हाथियों का झुंड लगातार क्षेत्र में विचरण कर रहा है। जिसमें से एक-दो हाथी झुंड से अलग होकर लोगों की जान ले रहे हैं।



**दो महिलाओं को हाथी ने बनाया निशाना**

लोहरदगा में एक के बाद एक दो महिलाओं को हाथी ने अपना निशाना बनाया है। दोनों महिलाओं की पटक पटककर हाथी ने जान ली है। घटना लोहरदगा जिला के भंडरा थाना क्षेत्र के बेदाल टंगरा टोली और सेन्हा थाना क्षेत्र के बढ़ी केराटोली स्थित सीता पहाड़ के पास की है।

**महुआ चुनने के दौरान महिला पर कहर बनकर टूटा हाथी**

दोनों ही घटनास्थल सीमावर्ती इलाके की हैं। हाथी ने सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही केराटोली स्थित सीता पहाड़ के पास महुआ चुनने गई धीरन उरांव की पटक पटककर जान ले ली। ग्रामीणों को काफी देर बाद इसकी जानकारी मिली। ग्रामीण जब महिला की तलाश में निकले तो एक गड्ढे में उसका शव मिला। इसके बाद वन विभाग और पुलिस को सूचना दी गई।

**दूसरे मामले में महिला को कुचलकर मारा**

इसके बाद पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं हाथियों के झुंड ने लोहरदगा जिला के भंडरा थाना क्षेत्र के बेदाल टंगरा टोली में खेत में गेहूं काट रही एक महिला को कुचलकर मार डाला। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग और भंडरा थाना पुलिस को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। साथ ही यह पुष्टि की है कि महिला की मौत हाथी के हमले से हुई है। वन विभाग द्वारा दोनों ही परिवारों को प्रावधान के अनुसार, आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना को लेकर ग्रामीणों में भय है। हाथियों का झुंड लगातार कुड़ू, कैरो, भंडरा और सेन्हा थाना क्षेत्र में विचरण कर रहा है। आए दिन लोगों के घर टूट रहे हैं। झुंड फसलों को बर्बाद कर रहा है और कई लोगों की जान भी ले चुका है।

# आठ बाल मजदूरों का रेस्क्यू, श्रम विभाग ने चलाया अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के हरिहरगंज से 8 बाल मजदूरों का रेस्क्यू किया गया है। एक बाल मजदूर दूसरी बार रेस्क्यू किया गया है। बाल मजदूरी के शिकार सभी नाबालिग चतरा जिले के हंटरगंज इलाके के निवासी हैं। श्रम अधीक्षक अमित कुमार चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को हरिहरगंज एवं पिपरा इलाके में बाल मजदूरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। **ढाबों पर हुई छापेमारी** : हरिहरगंज में नेशनल हाइवे के किनारे मौजूद कई ढाबों में टीम ने छापेमारी की। इसी छापेमारी में सभी बाल मजदूरों को मुक्त करवाया गया है। जिनकी उम्र लगभग 8 से 13 साल के आसपास है। लाइन होटल और ढाबे में नाबालिगों को तीन से सात हजार रुपए तक की मजदूरी पर रखा गया था। रेस्क्यू के बाद सभी बाल मजदूरों को बाल कल्याण समिति में पेश किया गया। उसके बाद सभी को बालगृह में भेज दिया जाएगा।

# झारखंड के फुटबॉल खिलाड़ी निखिल बारला का भारतीय सीनियर टीम में चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड के उभरते फुटबॉल खिलाड़ी निखिल बारला का भारतीय सीनियर फुटबॉल टीम में चयन होने से राज्य में खुशी का माहौल है। रांची के जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम) श्यामली के पूर्व छात्र निखिल अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, खेल प्रेमियों और झारखंड के फुटबॉल जगत में उत्साह देखा जा रहा है।निखिल बारला ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई रांची स्थित जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली से की थी। छात्र जीवन के दौरान ही उन्होंने फुटबॉल के प्रति अपने जुनून और प्रतिभा की झलक दिखानी शुरू कर दी थी। पढ़ाई के साथ साथ खेल में अनुशासन, मेहनत और लगातार अभ्यास के दम पर उन्होंने अपने खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। भारतीय सीनियर टीम में चयन उनके वर्षों की मेहनत और संघर्ष का परिणाम माना जा रहा है।

**राज्य का नाम रोशन करेंगे निखिल बारलाः प्रधानाचार्य बीएन झा**

विद्यालय के प्रधानाचार्य बीएन झा ने निखिल की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय और झारखंड के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि जेवीएम श्यामली हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता है और निखिल ने यह साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और निरंतर मेहनत से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचा जा सकता है। प्रधानाचार्य ने उम्मीद जताई कि निखिल भारतीय टीम के साथ शानदार प्रदर्शन कर देश और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

# विद्या भारती के 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का रांची में भव्य उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित कूदलूम में आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एवं विद्या मंदिर प्रशिक्षण संस्थान में विद्या भारती झारखंड प्रदेश के नव नियुक्त आचार्य बंधु-भगिनी के 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह में विद्या भारती झारखंड प्रदेश के प्रदेश सचिव नकुल शर्मा तथा एनआईटी विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अरविंद ने भी सहभागिता की। दीप प्रज्ज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मृत्युंजय कुमार झा ने नव नियुक्त आचार्य बंधु-भगिनी को एक कुशल, अनुशासित और राष्ट्रनिष्ठ शिक्षण नेतृत्व विकसित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने विद्या भारती द्वारा संचालित संस्कारयुक्त, राष्ट्रवादी और भारतीय संस्कृति आधारित शिक्षा व्यवस्था के उद्देश्यों तथा उसके व्यापक सामाजिक प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विद्या भारती केवल शिक्षा प्रदान करने वाला संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक व्यापक अभियान है, जो भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति से युक्त भावी पीढ़ी के निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रहा है।कार्यक्रम में यह विश्वास व्यक्त किया गया कि 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भविष्य में समाज और राष्ट्र को श्रेष्ठ दिशा देने वाले सक्षम, संस्कारित और समर्पित आचार्यों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



# दुमका में चार दिन में लूट की दूसरी वारदात, आभूषण व्यवसायियों ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में चार दिनों के अंदर लुटेरों ने दो आभूषण व्यवसायियों को निशाना बनाया है। इससे सर्राफा कारोबार से जुड़े लोगों में दहशत है। बुधवार को सभी व्यापारियों ने थाने पहुंचकर थाना प्रभारी से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

**बीती रात नकदी और चांदी की हुई थी लूट**

दरअसल, दुमका के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कुशबोना गांव में बीती रात एक आभूषण व्यवसायी से ज्वेलरी और नगद रुपयों की लूट हुई है, शिकारीपाड़ा के मुख्य बाजार स्थित आभूषण दुकानदार संजय वर्मा, दुकान बंद करके अपने घर पर्वतपुर गांव जा रहे थे। तभी रास्ते में तीन बाइक पर सवार पांच आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट करने लगे। पांच आरोपियों में से दो के पास पिस्टल थी। व्यापारी के मुताबिक, पिस्टल को उन्होंने उनकी कनपटी पर सटा दी और उसके पास से आठ हजार रुपये नगद, ढाई सौ ग्राम चांदी के साथ अन्य दुकान की चाबी और कुछ जरूरी कागजात छीन लिए। जाते समय डराने के उद्देश्य से एक राउंड फायरिंग भी की। जिसके बाद पीड़ित व्यापारी ने शिकारीपाड़ा थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि तीन दिन पहले भी एक आभूषण दुकानदार संतोष वर्मा से इसी तरह लूट का प्रयास किया गया था। इस मामले में शिकारीपाड़ा बाजार के संतोष वर्मा रात में अपनी दुकान बंद करके नजदीक के ही कुम्हारपाड़ा मोहल्ले जा रहे थे। रास्ते में काफी अंधेरा था जबकि तीन अपराधी मौके की फिराक में थे। जैसे ही संतोष वर्मा वहां पहुंचे तीनों व्यापारी झपट पड़े और आभूषण से भरी थैली छीनने लगे लेकिन दुकानदार ने बहादुरी दिखाई और कसकर अपना झोला पकड़कर मदद के लिए आवाज लगाई। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग एकजुट होने लगे तो खुद को घिरता देख तीनों अपराधी फायरिंग करते भाग निकले। इस मामले में पुलिस की तहकीकात चली रही थी कि बीती रात भी शिकारीपाड़ा में ही दूसरी घटना घट गई।



# धनबाद में बना झारखंड का पहला 'गरिमा गृह'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में ट्रांसजेंडर समुदाय को सम्मानजनक जीवन और मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। केंद्र सरकार की स्माइल योजना के तहत जिले के तेतुलमारी में 25 बेड का 'गरिमा गृह' तैयार किया गया है। यह सिर्फ एक शेल्टर होम नहीं, बल्कि ट्रांसजेंडर समुदाय को सुरक्षित आवास, प्रशिक्षण, रोजगार और समाज में नई पहचान दिलाने की कोशिश है। गरिमा गृह में रहने वाले लोगों के लिए भोजन, स्वास्थ्य सुविधा, काउंसिलिंग, कानूनी सहायता और स्किल डेवलपमेंट जैसी कई व्यवस्थाएं की गई हैं। खास बात यह है कि झारखंड में इस तरह का यह पहला गरिमा गृह है। धनबाद डीसी आदित्य रंजन ने कहा कि अगर किसी ट्रांसजेंडर को कहीं भी किसी प्रकार की परेशानी हो रही है, तो वे इस गरिमा गृह में आकर रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। इसके लिए यहां स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे और प्रशिक्षण के बाद उन्हें रोजगार से जोड़ने की पहल भी की जाएगी। डीसी ने कहा कि समाज के हर वर्ग को सम्मान के साथ जीने का अधिकार है और यह गरिमा गृह उसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# राजगीर मलमास मेला के पहले शाही स्नान में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर मलमास मेला में बुधवार को पहला शाही स्नान श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में शुरू हुए इस पावन अनुष्ठान में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने राजगीर के पवित्र ब्रह्मकुंड, सप्तधारा एवं सरस्वती नदी में आस्था की डुबकी लगाई। पूरे मेला क्षेत्र में "हर-हर महादेव", "जय श्रीराम" और धार्मिक जयघोषों से भक्तिमय वातावरण बना रहा।





सुबह 6 बजे शुरू हुआ शाही स्नान करीब 10 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान 19 अलग-अलग अखाड़ों के साधु-संतों सहित लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने ब्रह्मकुंड में स्नान किया। राजगीर तपोवन तीर्थ रक्षार्थ पंडा समिति के सचिव विकास उपाध्याय ने बताया कि सुबह 10 बजे तक लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है और शाम तक यह संख्या एक लाख से अधिक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने सभी साधु-संतों, श्रद्धालुओं, जिला प्रशासन एवं पंडा समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। शाही स्नान में खाक चौक ठाकुरबाड़ी, बड़ी संगत, धनियां पहाड़ी संगत, रजौली संगत, कैलाश आश्रम, कबीर पंथी, फलाहारी बाबा, सखी संप्रदाय के झुनकिया बाबा सहित विभिन्न अखाड़ों के महंत एवं साधु-संत शामिल हुए। प्रयागराज के उदासीन अखाड़ा के साधु-संत सातवें जत्थे के रूप में ब्रह्मकुंड पहुंचे और विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना की। वहीं अघोरी अखाड़ा श्मशान घाट राजगीर के साधु-संतों ने भी हर-हर बम-बम के उद्घोष के साथ स्नान किया। तीसरे जत्थे के रूप में कबीर चौरा मठ गोला घाट से पहुंचे साधु-संतों ने शाही स्नान में हिस्सा लिया। सबसे पहले खाक चौक ठाकुरबाड़ी के साधु-संतों ने ब्रह्मकुंड में स्नान किया। साधु-संतों के स्नान के दौरान आम श्रद्धालुओं के प्रवेश को कुछ समय के लिए रोका गया था, ताकि सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखी जा सके। शाही स्नान का अनुष्ठान गुरुनानक कुंड से शुरू होकर सरस्वती नदी, सप्तधारा और मुख्य ब्रह्मकुंड तक संपन्न हुआ। साधु-संतों के जत्थे पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों एवं जयघोषों के साथ स्नान के लिए पहुंचे। श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी नई पोखर से पहुंचे 12वें जत्थे के दौरान पूरा राजगीर हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। संत लाल दास जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म की सबसे बड़ी धरोहर राजगीर है। संभावित भारी भीड़ को देखते हुए जिला एवं मेला प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह सूचना एवं सहायता शिविर लगाए गए थे। प्रशासन द्वारा साफ-सफाई, पेयजल एवं यातायात व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मलमास अथवा पुरुषोत्तम मास में भगवान विष्णु एवं 33 कोटि देवी-देवताओं का निवास राजगीर में माना जाता है। इसी कारण इस अवधि में राजगीर में स्नान, पूजा-पाठ एवं दान-पुण्य का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इस दौरान यहां किए गए धार्मिक कार्यों से अनंत गुना पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

# हेल्पलाइन सेवाओं व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की दी गई जानकारी

**नारदीगंज (नवादा)/नबिटा सं.।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, सभड़ी में जिला प्रशासन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों तथा जीविका से जुड़ी महिलाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, साइबर क्राइम हेल्पलाइन, एनिमल हेल्पलाइन और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर की ओर से पहुंचे अमन कुमार, रजनी कुमारी एवं वर्षा कुमारी ने उपस्थित लोगों को विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल श्रम तथा मानव तस्करी जैसी गंभीर समस्याओं से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर चौबीसों घंटे संपर्क किया जा सकता है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-26-26, दिनांक 25.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल: आसनसोल मंडल के तहत ट्रैक रखरखाव एवं परिचालनीय स्टाफ के लिए आधारभूत संरचना के साथ गैंग हट, गुमटी, पेयजल सुविधाओं, पाथवे आदि का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 26,88,935.03, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 53,800/-, **कार्य की समापन अवधि :** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** 17.06.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-111/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/जोन/26-27/डब्ल्यू-II, दिनांक 25.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा दिनांक 01.07.2026 से 30.06.2027 तक की अवधि हेतु मरम्मत/रखरखाव और नए कार्यों के लिए जोनल कार्यों (कार्यादेश रु.5 लाख तक) हेतु निम्नलिखित जोनल ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं जो वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय/पूर्व रेलवे/सियालदह के अधीन निष्पादित की जाएंगी। **क्रम सं. 1, निविदा सं. : टीएन-55/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 1, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कांचरापाड़ा के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/(कार्य)/नैहाटी (किमी 23/7 से 70/11 तक) के कार्यक्षेत्र के अधीन प्लेटफॉर्म सतह, सर्कुलेटिंग एरिया, लेवल क्रॉसिंग आदि सहित ब्रिजों (सब स्ट्रक्चर) की मरम्मत एवं रखरखाव तथा सड़क कार्य। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,35,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.2,70,000/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं. : टीएन-56/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 2, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/नैहाटी (किमी 23/7 से 70/11 तक) के अधीन सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, गेट लॉज की साधारण मरम्मत, रखरखाव, पेंटिंग, कलर वाशिंग, ब्रिजों एवं एफओबी की मरम्मत एवं रखरखाव तथा सहायक अभियंता/कांचरापाड़ा के कार्यक्षेत्र में नए एम/सी शेड और आरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर, आरपीएफ बैरक का रखरखाव एवं अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य:** रु.2,33,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.4,66,000/-, **क्रम सं. 3, निविदा सं. : टीएन-57/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 3, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/सियालदह के क्षेत्राधिकार में वरिष्ठ शाखा अभियंता/(कार्य)/बैरकपुर के अधीन सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, प्लेटफॉर्म, पाइपलाइन कार्य, गेट लॉज की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव तथा अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य:** रु.1,15,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.2,30,000/-, **क्रम सं. 4, निविदा सं. : टीएन-58/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 4, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/सियालदह के क्षेत्राधिकार में प्लेटफॉर्म सतह, प्लेटफॉर्म शेड, सर्कुलेटिंग एरिया, पाइपलाइन कार्य, लेवल क्रॉसिंग आदि सहित ब्रिजों एवं एफओबी की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव एवं सड़क कार्य। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.80,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,60,000/-, **क्रम सं.5, निविदा सं.: टीएन-59/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 5, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कार्य/1/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/बी. आर. सिंह हॉस्पिटल के अधीन बी. आर. सिंह हॉस्पिटल के कैम्पस के अंदर इलेक्ट्रिकल ऑफिस, मॉर्ग एरिया एवं हॉस्पिटल बिल्डिंग के सामने सर्कुलेटिंग एरिया सहित ओपीडी बिल्डिंग, मेट्रो बिल्डिंग और अन्य सभी सेवा भवनों की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य और विविध कार्य। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,00,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.2,00,000/- **क्रम सं. 6, निविदा सं. : टीएन-60/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 6, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कार्य/1/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/सियालदह के अधीन मंडल रेल प्रबंधक के कार्यालय, कंट्रोल बिल्डिंग, सियालदह ऑफिसर्स कॉलोनी, बी. सी. रॉय ऑडिटोरियम, कैश ऑफिस, पी.एल. राय इंस्टीट्यूट, ऑफिसर्स रेस्ट हाउस, आरएमएस बिल्डिंग, हैंडिक्राफ्ट, एसआई ऑफिस, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, रेलवे रिक्रूटमेंट सेल ऑफिस, लेडीज आरपीएफ बैरक एवं सियालदह में पीडब्ल्यूआई/बेलियाघाटा ऑफिस के लिए सभी प्रकार के पाइप लाइन, सैनिटरी एवं प्लंबिग कार्य सहित सेवा भवनों की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य एवं अन्य नए लघु कार्य। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य:** रु.1,33,00,000/- **बयाना राशि :** रु.2,66,000/-, **क्रम सं. 7, निविदा सं. : टीएन-61/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 7, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कार्य/1/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता (कार्य)/स्टेशन/सियालदह के अधीन सियालदह स्टेशन के साथ स्टेशन सेवा भवनों, स्टेशन सीमा के बाहर सेवा भवनों, पार्सल शेड, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म, सब-वे, आरआरआई केबिन, इलेक्ट्रिक पावर हाउस, डीजल शेड, मोटर गैरेज और एनसीसी यार्ड (ब्रिज नं. 1 तक), एसआई ऑफिस, टीआरडी ऑफिस, पार्सल रोड, ड्रेन की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य और साथ ही सभी प्रकार के पाइप लाइन, सैनिटरी एवं प्लंबिग कार्य एवं अन्य नए लघु कार्य। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य:** रु.2,13,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.4,26,000/-, **क्रम सं. 8, निविदा सं. : टीएन-62/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 8, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कार्य/1/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/नारकेलडांगा के अधीन नारकेलडांगा कारशेड और एनएसएस यार्ड, सिक लाइन, ट्रिप शेड, आरपीएफ बैरक, ट्रैक मशीन शेड, ट्रेनिंग स्कूल, बीआरआई ऑफिस, आईओडब्ल्यू ऑफिस एवं गोडाउन सहित सभी सेवा भवनों की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य और साथ ही सभी पाइप लाइन, सैनिटरी एवं प्लंबिग कार्य, हैंड ट्यूबवेल को निकालना एवं पुनः बैठाना एवं अन्य नए लघु कार्य। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,00,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.2,00,000/-, **क्रम सं. 9, निविदा सं. : टीएन-63/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 9, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कार्य/1/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/सियालदह के अधीन मुंशीबाजार कॉलोनी, हर्षी स्ट्रीट, नॉर्थ सियालदह रोड कॉलोनी, गुरीपाड़ा, बेलियाघाटा कॉलोनी, काइजर स्ट्रीट कॉलोनी, साथ में नेताजी सुभाष इंस्टीट्यूट, गाँधी कॉलोनी के लिए सभी प्रकार के पाइपलाइन, सैनिटरी एवं प्लंबिग कार्य आदि समेत सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य एवं अन्य नए लघु कार्य। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,20,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.2,40,000/-, **क्रम सं. 10, निविदा सं. : टीएन-64/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 10, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कार्य/1/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/नारकेलडांगा के अधीन नारकेलडांगा, मुगलबागान और कामारडांगा कॉलोनी में सभी स्टाफ क्वार्टरों की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य और साथ ही सभी पाइप लाइन, सैनिटरी एवं प्लंबिग कार्य, हैंड ट्यूबवेल को निकालना एवं पुनः बैठाना एवं अन्य नए लघु कार्य। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,00,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.2,00,000/-, **क्रम सं. 11, निविदा सं. : टीएन-65/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 11, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कार्य/1/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/बी.आर. सिंह हॉस्पिटल के अधीन बी.आर.सिंह हॉस्पिटल के कैम्पस के अंदर जी+5 बिल्डिंग्स और सभी स्टाफ क्वार्टरों, फिजियोथेरेपी बिल्डिंग, मेडिसिन स्टोर, डॉरमिटरी, डॉरमिटरी के पास कार पार्किंग एरिया एवं जी+5 बिल्डिंग के पीछे सर्कुलेटिंग एरिया से हॉस्पिटल के एकदम दक्षिणी गेट तक साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,00,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.2,00,000/-, **क्रम सं. 12, निविदा सं. : टीएन-66/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 12, **कार्य का नाम:**सहायक अभियंता/बारासात के कार्यक्षेत्र में शाखा अभियंता/कार्य/बारासात के अधीन बारासात रेलवे कॉलोनी (लेकर) से हासनाबाद तक सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, गेट लॉज की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य तथा अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.89,00,000/-**बयाना राशि :** रु.1,78,000/-, **क्रम सं. 13, निविदा सं. : टीएन-67/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 13, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारुईपुर के कार्यक्षेत्र में पीएफ सतह, सर्कुलेटिंग एरिया, लेवल क्रॉसिंग आदि सहित सड़क कार्यों की मरम्मत एवं रखरखाव। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.77,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,54,000/-, **क्रम सं. 14, निविदा सं. : टीएन-68/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 14, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारुईपुर के कार्यक्षेत्र में शाखा अभियंता/कार्य/सोनारपुर के अधीन बारुईपुर (छोड़कर) से नामखाना (लेकर) तक सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, गेट लॉज की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य तथा अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,01,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.2,02,000/-, **क्रम सं. 15, निविदा सं. : टीएन-69/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 15, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारासात के कार्यक्षेत्र में शाखा अभियंता/कार्य/बारासात के अधीन दमदम कैन्टोनमेंट (8/3) से बारासात स्टेशन (लेकर) और बारासात कारशेड के सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, गेट लॉज की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य तथा अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.90,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,80,000/-, **क्रम सं. 16, निविदा सं. : टीएन-70/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 16, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारासात के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/बनगांव के अधीन बारासात-बनगांव शाखा में बारासात (छोड़कर) से गोबरडांगा (छोड़कर) के बीच सेवा भवनों, गेट लॉज की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य तथा अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.72,60,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,45,200/- **क्रम सं. 17, निविदा सं. : टीएन-71/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 17, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारासात के कार्यक्षेत्र में फुट ओवर ब्रिजों की मरम्मत एवं रखरखाव। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.56,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,12,000/-, **क्रम सं. 18, निविदा सं. : टीएन-72/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 18, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारुईपुर के कार्यक्षेत्र में ब्रिजों (सब स्ट्रक्चर) की मरम्मत एवं रखरखाव। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य:** रु.56,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,12,000/- **क्रम सं. 19, निविदा सं. : टीएन-73/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 19, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारासात के कार्यक्षेत्र में ब्रिजों (सब स्ट्रक्चर) की मरम्मत एवं रखरखाव। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य:** रु.56,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,12,000/- **क्रम सं. 20, निविदा सं. : टीएन-74/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 20, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारासात के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/बनगांव के अधीन बनगांव-रानाघाट शाखा में गोबरडांगा (लेकर) से बनगांव (लेकर), बनगांव से पेट्रापोल और बनगांव से गोपालनगर (छोड़कर) के बीच सेवा भवनों, गेट लॉज की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य तथा अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.72,60,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,45,200/-**क्रम सं. 21, निविदा सं. : टीएन-75/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 21, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारुईपुर के कार्यक्षेत्र में फुट ओवर ब्रिजों की मरम्मत एवं रखरखाव। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.56,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,12,000/-, **क्रम सं. 22, निविदा सं. : टीएन-76/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 22, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारासात के कार्यक्षेत्र में पीएफ सतह, सर्कुलेटिंग एरिया, लेवल क्रॉसिग आदि सहित सड़क कार्यों की मरम्मत एवं रखरखाव। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य:** रु.66,00,000/-**बयाना राशि :** रु.1,32,000/-, **क्रम सं. 23, निविदा सं. : टीएन-77/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 23, **कार्य का नाम:**सहायक अभियंता/बारुईपुर के कार्यक्षेत्र में शाखा अभियंता/कार्य/सोनारपुर के अधीन ढाकुरिया (सोनारपुर लेकर) से कैनिंग तक सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, गेट लॉज की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य तथा अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.89,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,78,000/-, **क्रम सं. 24, निविदा सं. : टीएन-78/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 24, **कार्य का नाम:**सहायक अभियंता/बारुईपुर के कार्यक्षेत्र में शाखा अभियंता/कार्य/सोनारपुर के अधीन सोनारपुर (छोड़कर) से डायमंड हार्बर तक सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, गेट लॉज की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य तथा अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.74,80,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,49,600/-, **क्रम सं. 25, निविदा सं. : टीएन-79/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 25, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/रानाघाट के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/रानाघाट के अधीन सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, गेट लॉज की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, पेंटिंग एवं कलर वॉशिंग, बागवानी, रानाघाट-बनगांव शाखा में सातबेरिया हॉल्ट (लेकर) तक ब्रिजों एवं एफओबी की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य एवं अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,46,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.2,92,000/-**क्रम सं. 26, निविदा सं. : टीएन-80/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 26, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/रानाघाट के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/कृष्णनगर के अधीन सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, गेट लॉज की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, पेंटिंग एवं कलर वॉशिंग, बागवानी, ब्रिजों एवं एफओबी की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य एवं अन्य नए लघु कार्य आदि (केवल गुड्स शेड के लिए रु.15 लाख)। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,33,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.2,66,000/-, **क्रम सं. 27, निविदा सं. : टीएन-81/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 27, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/बेलडांगा के अधीन सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों, गेट लॉज की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, पेंटिंग एवं कलर वॉशिंग, बागवानी, ब्रिजों एवं एफओबी की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य एवं अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,06,70,000/-**बयाना राशि :** रु.2,13,400/-, **क्रम सं. 28, निविदा सं. : टीएन-82/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 28, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/रानाघाट के कार्यक्षेत्र में सड़क जोन-एलसी गेट, कॉलोनी और स्टेशन अप्रोच रोड आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.71,50,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,43,000/-, **क्रम सं. 29, निविदा सं. : टीएन-83/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 29, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के कार्यक्षेत्र में सड़क जोन-एलसी गेट, कॉलोनी और स्टेशन अप्रोच रोड आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.71,50,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,43,000/-, **क्रम सं. 30, निविदा सं. : टीएन-84/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 30, **कार्य का नाम:**सहायक अभियंता/बालीगंज के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/बालीगंज के अधीन माझेरहाट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, स्टेशन अप्रोच/सर्कुलेटिंग एरिया रोड के साथ सभी ब्रिजों, एफओबी और लेवल क्रॉसिंग सहित सियालदह साउथ सेक्शन में बालीगंज एलसी-5/एस/टी से आगे बालीगंज से बजबज/सीईएससी लाइन तक स्टेशन, प्लेटफॉर्म, स्टेशन बिल्डिंग, भवनों, स्टाफ क्वार्टरों की साधारण मरम्मत और रखरखाव तथा अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-26 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,10,00,000/- **बयाना राशि :** रु.2,20,000/-, **क्रम सं. 31, निविदा सं. : टीएन-85/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 31, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बालीगंज के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/बालीगंज के कार्यक्षेत्र में सभी ब्रिजों, एफओबी एवं लेवल क्रॉसिंग, स्टेशन अप्रोच/सर्कुलेटिंग एरिया एवं सड़क के साथ किमी. 9एक्स/35 तक कांकुड़गाछी (केजीके) कॉर्ड सेक्शन सहित सियालदह साउथ सेक्शन किमी 0/53 से एलसी नं. 5/एस/टी तक किमी 5/29 (एसपीआर अप्रोच) तक स्टेशन, प्लेटफॉर्म, स्टेशन भवन, सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों की साधारण मरम्मत और रखरखाव तथा अन्य नए लघु कार्य आदि एवं लेवल क्रॉसिंग पर सड़क कार्य, ब्रिजों (सब स्ट्रक्चर) की मरम्मत एवं रखरखाव। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,43,00,000/-, **बयाना राशि:** रु.2,86,000/-, **क्रम सं. 32, निविदा सं. : टीएन-86/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 32, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बालीगंज के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/चितपुर के अधीन सर्कुलर रेलवे में दमदम से कोलकाता स्टेशन तक दक्षिणदारी कॉलोनी, पातीपुकुर कॉलोनी, उल्टाडांगा कॉलोनी में सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों में साधारण मरम्मत और रखरखाव कार्य एवं अन्य नए लघु कार्य जिसमें शामिल है चितपुर यार्ड, दक्षिणदारी यार्ड, कोलकाता स्टेशन एरिया और एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,08,90,000/-, **बयाना राशि :** रु.2,17,800/-, **क्रम सं. 33, निविदा सं. : टीएन-87/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 33, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बालीगंज के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/चितपुर के अधीन काशीपुर कॉलोनी, चितपुर कॉलोनी एवं सर्कुलर रेलवे के टाला स्टेशन से माझेरहाट जिसमें शामिल है चितपुर लोअर यार्ड, काशीपुर यार्ड, दक्षिणदारी यार्ड, कोलकाता स्टेशन एरिया, चितपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, प्रिन्सेप घाट एरिया, बड़ाबाजार आदि में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस में सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों की साधारण मरम्मत, रखरखाव कार्य और अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.82,50,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,65,000/-**क्रम सं. 34, निविदा सं. : टीएन-88/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 34, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बालीगंज के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/(कार्य)/चितपुर के क्षेत्राधिकार में प्लेटफॉर्म सतह, सर्कुलेटिंग एरिया, लेवल क्रॉसिंग आदि सहित ब्रिजों (सब स्ट्रक्चर) की मरम्मत एवं रखरखाव तथा सड़क कार्य। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.77,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,54,000/-, **क्रम सं. 35, निविदा सं. : टीएन-89/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 35, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/मुख्यालय/सियालदह के अधीन बी. आर. सिंह हॉस्पिटल, सियालदह स्टेशन, मंडल रेल प्रबंधक के बिल्डिंग कार्यालय और आसपास के क्षेत्र, बी. सी. रॉय इंस्टीट्यूट, सियालदह कॉलोनी, बेलवेडियर पार्क, जीएम बंगलो, जजेस कोर्ट, न्यू अलीपुर रेलवे कॉलोनी, अलीपुर रेलवे परिसर (बर्न स्टैंडर्ड), घोलसापुर कॉलोनी, स्विमिंग पूल एवं बेहला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बागवानी कार्य। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,00,00,000/-, **बयाना राशि:** रु.2,00,000/-, **क्रम सं. 36, निविदा सं. : टीएन-90/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 36, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कार्य/II/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/बेलवेडियर पार्क के अधीन बेलवेडियर पार्क के ऑफिसर्स बंगलो, वेलफेयर बिल्डिंग के लिए सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य एवं अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,00,00,000/-, **बयाना राशि :** रु.2,00,000/-, **क्रम सं. 37, निविदा सं. : टीएन-91/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 37, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कार्य/II/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/बेलवेडियर पार्क के अधीन ऑफिसर्स बंगलो, जिसमें शामिल है जीएम बंगलो एवं 1/1ए जजेस कोर्ट रोड के लिए सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य एवं अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य:** रु.90,75,000/-, **बयाना राशि :** रु.1,81,500/-, **क्रम सं. 38, निविदा सं. : टीएन-92/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 38, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कार्य/II/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/न्यू अलीपुर के अधीन न्यू अलीपुर रेलवे कॉलोनी, अलीपुर रेलवे परिसर (बर्न स्टैंडर्ड) में सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य एवं अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य:** रु.1,06,70,000/-, **बयाना राशि :** रु.2,13,400/-, **क्रम सं. 39, निविदा सं. : टीएन-93/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 39, **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कार्य/II/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/घोलसापुर के अधीन घोलसापुर रेलवे कॉलोनी, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं स्विमिंग पुल में सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टरों की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव कार्य एवं अन्य नए लघु कार्य आदि। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य :** रु.1,20,00,000/-**बयाना राशि :** रु.2,40,000/-, **क्रम सं. 40, निविदा सं. : टीएन-94/26-27, 26-27 का जोन नं.:** 40, **कार्य का नाम:** संपूर्ण सियालदह मंडल के तहत उपनगरीय शाखा में स्टील ब्रिज कार्य लघु एवं प्रमुख (सुपरस्ट्रक्चर) की साधारण मरम्मत एवं रखरखाव। **26-27 के लिए जोनल निविदा मूल्य:** रु.1,20,00,000/- **बयाना राशि :** रु.2,40,000/-, **जोनल कार्य समाप्त होने की अवधि:** दिनांक 30.06.2027 (क्रम सं. 1 से 40 हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 26.06.2026 को 15.00 बजे । **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 26.06.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-55/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

## आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा

# छह निजी अस्पतालों पर जुर्माना, डीसी ने दिए वसूली के आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत - मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए गठित जिला शिकायत निवारण समिति (डीजीआरसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निजी अस्पतालों द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रस्तुत दावों में से कुछ दावों को नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट ने जांचोपरांत खारिज कर दिया था। उपायुक्त ने वैसे खारिज दावों की विस्तृत समीक्षा की। इस क्रम में उपायुक्त ने नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट द्वारा जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के 28, सर्वमंगला नर्सिंग होम के 18, एशियन द्वारकादास जालान अस्पताल के 4, आरोग्य नर्सिंग होम के 4, राज क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर के 3 तथा लाइफ लाइन अस्पताल के 2 खारिज दावों की समीक्षा की।




समीक्षा के बाद उपायुक्त ने कहा कि आयुष्मान भारत -मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वास्थ्य सेवा प्रदाता और लाभार्थी इसके दुरुपयोग से मुक्त रहे। उन्होंने कहा कि नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट ने जांचोपरांत जिन मामलों को फ्लैग किया है उन मामलों में संबंधित निजी अस्पतालों से आयुष्मान भारत योजना के नियमानुसार जुमार्ना जमा कराएं। बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद, डॉ विकास कुमार राणा, आयुष्मान योजना के जिला समन्वयक निशांत राज, क्लस्टर हेड रुपेश सिंह, डीपीसी निवास कुमार तथा निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## डूब रहे युवक को नाविकों ने बचाया

**बाढ़।** अनुमंडल के हाथीदह थाना क्षेत्र में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। राजेंद्र सेतु के नीचे गंगा नदी में डूब रहे एक अज्ञात व्यक्ति को स्थानीय नाविकों ने बहादुरी दिखाते हुए बचा लिया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए मरांची प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, लेकिन आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद भी करीब एक घंटे तक मरीज बस के अंदर ही जिंदगी और मौत से जूझता रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, व्यक्ति गंगा में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। रेलवे पुल निर्माण कार्य में लगे कर्मियों ने उसे डूबता देख शोर मचाया, जिसके बाद आसपास मौजूद स्थानीय नाविक तुरंत नदी में कूद पड़े और काफी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाला।

इसके बाद घायल को आनन-फानन में एक निजी बस से मरांची स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बावजूद मरीज को तुरंत अंदर भर्ती नहीं किया गया।

# बिजली - पानी के लिए गुस्साये लोग सड़क पर उतरे

### कई दिनों से स्थानीय लोग थे परेशान

### अधिकारियों के आश्वासन से शांत हुए ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** शहर के नगर निगम गोदाम स्थित जब्बारचक इलाके में लगातार बिजली और पेयजल संकट से परेशान लोगों का गुस्सा बुधवार को सड़क पर फूट पड़ा। नाराज स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर प्रशासन और संबंधित विभागों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप था कि पिछले तीन दिनों से इलाके में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। बिजली नहीं रहने की वजह से पेयजल संकट भी गहरा गया है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली कटौती से लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया।

सड़क जाम की सूचना मिलने के बाद नगर निगम और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने बिजली विभाग से समन्वय स्थापित कर जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कराने का भरोसा दिया। आश्वासन मिलने के बाद लोगों ने आंदोलन समाप्त कर सड़क जाम हटा लिया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका।

आक्रोशित स्थानीय निवासी मोहम्मद सोहित ने बताया कि इलाके के लोग पिछले तीन दिनों से बिजली और पानी की गंभीर समस्या झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बिजली नहीं रहने और पानी की किल्लत से लोगों का जीवन मुश्किल हो गया है। इसी परेशानी के कारण लोगों को सड़क पर उतरकर जाम लगाना पड़ा। मोहम्मद सोहित ने कहा कि जाम भले ही कम समय के लिए लगाया गया, लेकिन लोगों की परेशानी कई दिनों से जारी है। उन्होंने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग करते हुए कहा कि मूलभूत सुविधाओं के अभाव में आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर निगम के अधिकारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि इलाके में मुख्य रूप से पानी और बिजली की समस्या थी। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट को देखते हुए नगर निगम के तारपुर गोदाम स्थित डीप बोरिंग पर जनरेटर की व्यवस्था कर दी गई है, जिससे पानी की आपूर्ति दोबारा शुरू कर दी गई है।

# महासेतु के स्पैन में गैप से बढ़ी प्रशासन की चिंता

### विशेषज्ञों की टीम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** उत्तर बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण जादोपुर-मंगलपुर महासेतु में तकनीकी खराबी सामने आने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। गंडक नदी पर बने इस पुल के स्पैन के बीच अचानक गैप बढ़ने की सूचना मिलते ही एहतियातन भारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल रोक लगा दी गई है। यह पुल बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच आवागमन का प्रमुख मार्ग माना जाता है। ऐसे में तकनीकी खराबी की खबर के बाद प्रशासन और स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एनआईटी पटना और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के विशेषज्ञों की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर पुल का निरीक्षण किया। जांच के बाद विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि स्पैन के बीच बढ़ रहे गैप को नियंत्रित करने के लिए तत्काल स्टील प्लेट लगाई जाए। गोपालगंज के जिलाधिकारी पवन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुल पूरी तरह कंक्रीट संरचना पर आधारित है, इसलिए बढ़े हुए गैप को तकनीकी रूप से कम करना संभव नहीं है। हालांकि स्टील प्लेट लगाने से कंपन को नियंत्रित किया जा सकेगा और पुल सुरक्षित रहेगा।

**दस वर्ष पूर्व ही हुआ था उद्घाटन**

सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने पुल के दोनों ओर मजबूत लोहे की बैरिकेडिंग कर दी है। साथ ही पूरे क्षेत्र की 24 घंटे निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। प्रशासन का कहना है कि समय रहते कदम नहीं उठाए जाते तो पुल को गंभीर नुकसान पहुंच सकता था।

## बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

**आरा।** भोजपुर जिले के पवना थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-अरवल मार्ग पर पवना पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की रात बेलगाम बालू लदे ट्रक ने बाइक सवार एक सीएसपी संचालक को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

मृतक 30 वर्षीय राकेश कुमार राय पवना थाना क्षेत्र के खनेट गांव निवासी कमलेश राय के पुत्र थे। वह पेशे से सीएसपी संचालक एवं डेयरी फार्म व्यवसायी थे।बुधवार की सुबह पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल, आरा में कराया। पुलिस ने हादसे में प्रयुक्त ट्रक को जब्त कर लिया है। हालांकि चालक मौके से फरार हो गया। इस मामले में ट्रक चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार राकेश कुमार राय पवना बाजार में सीएसपी चलाते थे। रोज की तरह मंगलवार की रात करीब दस बजे वह अपना सीएसपी बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे।

बताया जाता है कि पवना पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के बाद वह घर के लिए निकले थे। इसी दौरान सहार की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे बालू लदे ट्रक ने उन्हें रौंद दिया।

# फाइलेरिया रोगियों के लिए कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवाजीनगर के सभागार में बुधवार को फलेरिया से ग्रसित रोगियों के लिए एक जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुमित कुमार ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को फलेरिया रोग के प्रति जागरूक करना तथा बचाव एवं उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना था।



कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. सुमित कुमार ने कहा कि फलेरिया एक गंभीर मच्छर जनित रोग है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी का प्रभाव कई बार 10 से 15 वर्षों बाद दिखाई देता है। यह बीमारी पूरी तरह लाइलाज मानी जाती है, लेकिन समय पर देखभाल, सतर्कता और नियमित दवा सेवन से इसे बढ़ने से रोका जा सकता है।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 10 फरवरी से चलाए जाने वाले एमडीए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान के दौरान फलेरिया रोधी दवा का सेवन अवश्य करें तथा अपने परिवार के सभी सदस्यों को भी दवा खिलाएं, ताकि इस बीमारी के फैलाव को रोका जा सके। इस दौरान पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर संजय कुमार शर्मा ने फलेरिया से पीड़ित लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मो. अम्मानुलाह ने कहा कि हाइड्रोसील से संबंधित फलेरिया का इलाज ऑपरेशन के माध्यम से संभव है, लेकिन यदि शरीर के अन्य हिस्सों में यह बीमारी फैल जाए तो इसे पूरी तरह ठीक करना कठिन हो जाता है। इसलिए बचाव ही सबसे बड़ा इलाज है। उन्होंने लोगों से हर वर्ष फलेरिया रोधी दवा का सेवन करने की अपील की कार्यशाला के दौरान अमृता देवी, राज कुमारी देवी, शांति देवी एवं माहेश्वरी देवी सहित कई फलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट मॉर्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसएबिलिटी प्रिवेंशन किट प्रदान की गई। साथ ही उन्हें किट के सही उपयोग एवं साफ-सफाई के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई बैठक में कई चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी एवं समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बिरेंद्र कुमार, जयमाला कुमारी, राजिनी गांधी, देवकी देवी, उर्मिला देवी, पुनिता, रत्ना सिन्हा तथा आगम कुमारी सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

# बदमाशों ने झपटे नकदी सहित लाखों के गहने

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** गोरौल थाना क्षेत्र के गोरौल चौक पर स्थित एक आभूषण दुकान के मालिक से बाइक सवार बदमाशों ने 10 लाख रुपये से अधिक का सोना-चांदी, नकदी और सामान से भरा झोला झपट्टा मारकर छीन लिया। हैरानी की बात है कि घटना थाना से महज 300 मीटर की दूरी पर हुई।

गोरौल चौक स्थित राहुल एंड हर्ष ज्वेलर्स के मालिक राहुल कुमार मंगलवार रात करीब 8:30 बजे दुकान का शटर बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन बदमाश पहुंचे। बाइक दुकान से करीब 10 मीटर दूर लगाकर एक बदमाश उतरा और राहुल कुमार की मां के हाथ में पकड़े झोले को झपट्टा मारकर छीन लिया। इसके बाद तीनों बाइक पर सवार होकर गोरौल चौक की तरफ फरार हो गए।

राहुल और आसपास के दुकानदारों ने बदमाशों को दौड़ाकर पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे भागने में सफल रहे। राहुल कुमार ने बताया कि झोला में दुकान और लॉकर की चाबी, करीब 30 ग्राम नाक की किल, 35 ग्राम सोने के कान के झुमका, डाला, टप्स,100 ग्राम चांदी का पुराना स्क्रैप और कुछ चांदी का सामान,नकद 24,000 रुपये, मोबाइल, चार्जर, ब्लूटूथ आदि।

कुल नुकसान करीब 10 लाख रुपये का बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही गोरौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दुकानदार से जानकारी लेने के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

थाना के नजदीक हुई इस घटना से स्थानीय दुकानदारों में काफी नाराजगी है। कई घंटे बीत जाने के बाद भी किसी की गिरफ्तारी नहीं होने पर दुकानदारों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

# बैठक में पीड़ितों को त्वरित सहायता एवं पुनर्वास का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिला पदाधिकारी, विनोद दूहन की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 एवं नियम 1995 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति और मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 के अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अररिया जितेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे।




बैठक में संबंधित अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन, पीड़ितों को त्वरित सहायता एवं पुनर्वास, लंबित मामलों की समीक्षा तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही मैनुअल स्कैवेंजर प्रथा के उन्मूलन एवं प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास से संबंधित बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि अधिनियमों के प्रावधानों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभुकों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अररिया, पुलिस उपाधीक्षक (मु०) अररिया, जिला कल्याण पदाधिकारी, अररिया, विशेष लोक अभियोजक, प्रभारी जिला अभियोजन पदाधिकारी, अररिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन में शराब तस्कर और पुलिस के बीच हाथापाई

बक्सर। लोकमान्य तिलक-भागलपुर एक्सप्रेस (12336 डाउन) में शराब तस्करों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ट्रेन में सवार प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार, ट्रेन के अगले हिस्से में इंजन के ठीक पीछे स्थित दूसरे सामान्य कोच (जनरल बोगी) में कुछ शराब तस्कर अवैध खेप के साथ सफर कर रहे थे। बोगी में तस्करों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर जब सुरक्षा बलों ने उन्हें चारों तरफ से घेरने का प्रयास किया, तो खुद को फंसता देख तस्करों ने मुस्तैदी दिखाते हुए ट्रेन की चेन पुलिंग कर दी। जैसे ही वैक्यूम होने के कारण ट्रेन रुकी, शराब तस्करों ने बोगी से कूदकर भागने की कोशिश की। इस आपाधापी और घेराबंदी के दौरान मौके पर अचानक गोली चल गई, जिससे यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम में गोली शराब तस्करों की तरफ से चलाई गई या फिर आत्मरक्षा में सुरक्षा बलों ने फायरिंग की, यह स्थिति अभी तक पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाई है।

# प्लेटफार्म पर महिला ने दिया बच्चे को जन्म, दोनों स्वस्थ्य

### महिला यात्रियों ने दिखाई मानवता

### रेलकर्मी और पुलिस मौके पर पहुंचे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** जमुई रेलवे स्टेशन पर बुधवार को उस समय भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब प्लेटफार्म संख्या-01 पर ट्रेन का इंतजार कर रही एक गर्भवती महिला ने अचानक प्रसव पीड़ा के बाद स्वस्थ नवजात को जन्म दिया। घटना के दौरान स्टेशन परिसर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी में बदल गया, लेकिन यात्रियों और रेलकर्मियों की तत्परता ने एक सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कर दिया।



जानकारी के अनुसार, लखीसराय जिले के मननपुर गांव निवासी विक्की कुमार अपनी पत्नी काजल और अन्य परिजनों के साथ जमुई स्टेशन पहुंचे थे। वे प्लेटफार्म संख्या-01 पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान काजल को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ते देख परिजन घबरा गए और स्टेशन पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्लेटफार्म पर मौजूद महिला यात्रियों ने तुरंत मदद का हाथ बढ़ाया। उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए चादर का घेरा बनाकर महिला को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया और वहीं पर प्रसव की प्रक्रिया शुरू की। कुछ ही देर में काजल ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। नवजात की किलकारी सुनते ही स्टेशन परिसर में मौजूद यात्रियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ जवान सुनील कुमार रोशन और रंजीत प्रसाद तथा जीआरपी की महिला पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया और तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। कुछ ही देर में एंबुलेंस और मेडिकल टीम स्टेशन पहुंच गई। प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने मां और नवजात दोनों को स्वस्थ पाया।इसके बाद मां और नवजात को बेहतर देखभाल के लिए मलयपुर स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां दोनों का इलाज जारी है। चिकित्सकों ने दोनों की स्थिति सामान्य बताई है। इस दौरान यात्रियों और रेलकर्मियों द्वारा दिखाई गई तत्परता की लोगों ने जमकर सराहना की। कई यात्रियों ने इसे मानवता और आपसी सहयोग की मिसाल बताया और नवजात के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पुलिस मुठभेड़ में अपराधी को लगी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के चरमा गांव में बुधवार तड़के पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में कुख्यात अपराधी अजय पासवान के पैर में गोली लग गई, जबकि उसके साथी अजय यादव उर्फ छोटू उर्फ सरवन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों अपराधी 13 मई को गोपालपुर थाना क्षेत्र में सिक्योरिटी वाहन से 27 लाख रुपये की लूट की घटना में शामिल बताए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि अजय पासवान अपने गिरोह के साथ चरमा गांव में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना पुलिस ने बुधवार सुबह करीब चार बजे इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी शुरू की।

छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को देखकर अपराधियों ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर दो राउंड फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई, जो अजय पासवान के पैर में जा लगी। गोली लगते ही वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने घायल अपराधी को कब्जे में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। वहीं दूसरा आरोपी अजय यादव उर्फ छोटू उर्फ सरवन भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया।

### वाहन से राशि लूट कांड में था शामिल

जांच में यह भी सामने आया है कि अजय और उसके गिरोह ने दो दिन पहले मसौढ़ी के एक स्वर्ण व्यवसायी को निशाना बनाने की योजना बनाई थी। इसके लिए अपराधियों ने व्यापारी और उसके प्रतिष्ठान की रेकी भी की थी। हालांकि पुलिस की सक्रियता के कारण उनकी योजना सफल नहीं हो सकी।

# हिंदी फिल्म 'रजनी की बारात' का ट्रेलर लॉन्च, 29 को सिनेमाघरों में होगी प्रदर्शित

### मिथिलांचल की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म परिवार के साथ देखने लायक : आदित्य अमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। आगामी 29 मई को रिलीज हो रही हिंदी फिल्म रजनी की बारात बिहार की नई सांस्कृतिक पहचान, खूबसूरती और भोलेपन को बड़े पर्दे पर पेश करने की कोशिश है। इस फिल्म की सबसे खास बात यह है कि इसे पूरी तरह बिहार के दरभंगा और मिथिलांचल की असली लोकेशनों पर शूट किया गया है वो भी बिना सेट, बिना बनावट, सिर्फ असली कहानियों और असली लोगों के साथ। एपीएफई एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म रजनी की बारात का ट्रेलर लॉन्च दानापुर स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में किया गया। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल धर्मशीला पांडेय, वाईस प्रिंसिपल पी के सामंत रे, शिक्षक डॉ. सीवी पांडेय, ए के चौधरी, पी के मोहंती सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी ने फिल्म की पूरी टीम का उत्साह बढ़ाया। फिल्म के निर्देशक आदित्य अमन, जो आर्मी पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र रहे हैं, बिहार की नई पीढ़ी के उन फिल्मकारों में शामिल हैं जो बिहार को अपराध या पिछड़ेपन की नहीं, बल्कि संस्कृति, खूबसूरती और संवेदनशील कहानियों की धरती के रूप में दिखाना चाहते हैं।



इतना ही नहीं, आदित्य अमन ने महाराष्ट्र के निमार्ताओं को भी बिहार की प्रतिभा और कहानियों पर भरोसा कर निवेश करने के लिए सफलतापूर्वक प्रेरित किया है। एपीएफई एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म के निमार्ता तनया आडारकर और तेज एच आडारकर हैं, जबकि फिल्म के एसोसिएट प्रोड्यूसर मोहसिन खान हैं। आदित्य अमन ने कहा कि रजनी की बारात संभवतः मिथिलांचल की पृष्ठभूमि पर बनी पहली ऐसी फिल्म है, जहां सीता जी की जन्मभूमि और रामजी के स्वयंवर की ऐतिहासिक-सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक सोच के साथ जोड़ा गया है। फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की है जो समाज की पुरानी परंपराओं को चुनौती देते हुए अपनी खुद की बारात लेकर निकलती है। अभिनेत्री उल्का गुप्ता स्कूटर पर अपनी ही बारात लीड करती नजर आएंगी, एक ऐसा दृश्य जिसने रिलीज से पहले ही लोगों का ध्यान खींच लिया है। फिल्म में उल्का गुप्ता, सुनीता राजवार, जरीना वहाब, अश्वथ भट्ट, कनिष्क और इशिता सिंह प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। आज दर्शक साफ-सुथरी और परिवार के साथ बैठकर देखी जा सकने वाली फिल्मों की तलाश में हैं, रजनी की बारात एक जरूरी फिल्म बनकर सामने आती है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की फिल्म नीतियों से प्रेरित होकर बिहार सरकार द्वारा 2025 में लाई गई फिल्म नीति अब राज्य में नई संभावनाओं के दरवाजे खोल रही है। यह फिल्म मनोरंजन के साथ-साथ समाज में महिलाओं के फैसलों, सम्मान और बराबरी की बात भी करती है। 29 मई 2026 को अपने नजदीकी सिनेमाघर में आइए और पूरे परिवार के साथ रजनी की बारात का हिस्सा बनिए।

# हिमालया बेबीकेयर ने लॉन्च किया गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना** ।भारत के सबसे भरोसेमंद बेबी केयर ब्रांड्स में से एक हिमालया बेबीकेयर ने हिमालया बेबी गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक लॉन्च करने की घोषणा की। भारत में नवजात शिशुओं को उपहार देना भावनाओं और परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है, जिसमें सोना पवित्रता, आशीर्वाद और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसी सांस्कृतिक भावना को ध्यान में रखते हुए हिमालया बेबीकेयर ने गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक को इस परंपरा की आधुनिक व्याख्या के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसमें भरोसेमंद बेबी केयर के लिए जरुरी वस्तुओं को एक आकर्षक गोल्ड थीम पैक में एक साथ लाया गया है जो देखभाल और अपनापन दोनों को दशार्ता है। चक्रवर्ती एन वी, निदेशक, बेबीकेयर, हिमालया वेलनेस कंपनी ने कहा कि हम समझते हैं कि शुरूआती माता-पिता बनने का सफर कई ऐसे पलों से भरा होता है जो बेहद व्यक्तिगत होते हैं और जश्न मनाने योग्य होते हैं। इस चरण में उपहार देना केवल उत्पादों के बारे में नहीं है, बल्कि देखभाल, आशीर्वाद, शुभकामनाओं और विश्वास व्यक्त करने के बारे में भी है। 501 रुपए की कीमत वाला गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक नवजात शिशु के आगमन का जश्न मनाने वाले दोस्तों और परिवार के लिए एक प्रीमियम लेकिन सुलभ गिफ्टिंग विकल्प के रूप में सोच-समझ कर तैयार किया गया है।

## बकरीद आज, तैयारी पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिले में बकरीद का पर्व आज यानि गुरुवार को मनाया जाएगा।पर्व के मद्देनजर लोग सभी प्रकार की पकवान से लेकर कुर्बानी तक के बकरे का इंतजाम कर लिया गया है। जिले के ईदगाहों ,खानकाहो व मस्जिदों की साफ सफाई कर रंग रोगन कर लिया गया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं : संजय सरावगी

## 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, देश के करोड़ों नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा बिहार प्रदेश कार्यालय, पटना में आगामी 'मन की बात' कार्यक्रम की व्यापक सफलता एवं संगठनात्मक तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी शामिल हुए और लोगों को संबोधित किया। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रभारी राजेन्द्र सिंह भी उपस्थित होकर प्रदेशभर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में जिला पदाधिकारीगण, 'मन की बात' जिला प्रभारी, प्रदेश पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण एवं संगठन के विभिन्न दायित्वधारी कार्यकर्ता वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इस दौरान आगामी 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर बूथ स्तर तक की तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा कार्यक्रम को अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों को प्रेरित करने, सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे इस कार्यक्रम को गांव-गांव, टोला-मोहल्ला एवं बूथ स्तर तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक लोग प्रधानमंत्री के विचारों और संदेशों से जुड़ सकें। उन्होंने सभी जिला एवं मंडल पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सामूहिक रूप से 'मन की बात' सुनने की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा आम जनता की सहभागिता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि संगठन की शक्ति कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण से बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए समाज से जुड़ने और सकारात्मक संवाद स्थापित करने का उत्कृष्ट अवसर है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए समन्वय एवं अनुशासन के साथ कार्य करने का आह्वान किया। अंत में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा एवं समर्पण के साथ आगामी 'मन की बात' कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में बियाडा एवं आएडा की समीक्षात्मक बैठक

## औद्योगिक विकास एवं निवेश प्रोत्साहन की विस्तृत समीक्षा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उद्योग विभाग के सचिव-सह-प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा कुंदन कुमार द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बियाडा एवं आएडा अंतर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं, उनकी वर्तमान प्रगति तथा भावी कार्ययोजनाओं से संबंधित अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई गई। समीक्षात्मक बैठक में बियाडा एवं आएडा की कार्यप्रणाली, प्राधिकरणों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास, निवेश प्रोत्साहन तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन, औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने, निवेशकों के लिए सुदृढ़ एवं उद्योग-अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। मंत्री ने योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उद्योग सचिव के कुशल नेतृत्व में बियाडा एवं आएडा द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की एवं कहा कि राज्य सरकार बिहार में उद्योग एवं निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिबद्ध है तथा निवेशकों को बेहतर सुविधाएं एवं अनुकूल औद्योगिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। बैठक में निदेशक एमएसएमई अमन समीर, उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता सहित विभाग एवं प्राधिकार के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शिलांग में बिहारी कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल से मिले विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**शिलांग।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने अपनी शिलांग यात्रा के दौरान मेघालय के बिहारी कल्याण संघ के एक प्रतिनिधिमंडल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान बिहारी समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बिहारी कल्याण संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद यादव ने किया। उन्होंने संघ की ओर से एक ज्ञापन सौंपते हुए पूर्वोत्तर में रह रहे बिहारियों की सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखे। बैठक में सबसे प्रमुख मांग गुवाहाटी और पटना के बीच दैनिक सीधी हवाई सेवा शुरू करने की उठाई गई, ताकि पूर्वोत्तर राज्यों में रह रहे बिहार के लोगों को बेहतर संपर्क सुविधा मिल सके। इसके अलावा शिलांग में 'बिहार भवन' की स्थापना का प्रस्ताव भी रखा गया जिससे बिहार से आने वाले छात्रों, मरीजों और अन्य आगंतुकों को ठहरने और आवश्यक सहायता की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने मेघालय के प्रतिष्ठित अस्पतालों को बिहार सरकार के चिकित्सा पैनल में शामिल करने की मांग भी उठाई, ताकि बिहार सरकार के कर्मचारियों और नागरिकों को कैशलेस चिकित्सा उपचार की सुविधा मिल सके। बैठक में मेघालय में रह रहे बिहारी उद्यमियों की ओर से बिहार में निवेश को लेकर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने बिहार सरकार द्वारा निवेशकों को दी जाने वाली प्रोत्साहन योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। डॉ प्रेम कुमार ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए मुद्दों की सराहना करते हुए भरोसा दिलाया कि इन विषयों को संबंधित अधिकारियों और विभागों के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि प्रवासी बिहारियों को आवश्यक सुविधाएं और लाभ मिल सकें। बैठक के अंत में बिहारी कल्याण संघ की ओर से विधानसभा अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# अपराध पर जाति की राजनीति करने वाले तेजस्वी को 'जंगलराज' का आइना देखना चाहिए : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा बिहार में अपराधियों के विरुद्ध हो रही कार्रवाई को 'जाति देखकर कार्रवाई' बताना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और तथ्यहीन है। यह बयान राजद की उस मानसिकता को दर्शाता है जिसने 15 साल तक बिहार को 'जंगलराज' में धकेले रखा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार पुलिस 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर काम कर रही है। गोली अपराधी चलाता है, पुलिस जवाब देती है। पुलिस की गोली जाति-धर्म पूछकर नहीं चलती। रंगदारी, हत्या, लूट करने वाला किसी भी जाति का हो, कानून का डंडा सब पर बराबर चल रहा है। तेजस्वी जी अफवाह न फैलाएं। श्री पांडेय ने कहा कि जिस पार्टी के शासन में (राजद) अपहरण उद्योग बन गया था, व्यापारी पलायन कर गए थे। थानों से प्राथमिकी तक नहीं लिखी जाती थी, वो आज पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं। 2005 से पहले 'जाति' देखकर पीड़ित तय होते थे। मदद नहीं मिलती थी। आज 'डायल-112' 15 मिनट में पहुंच रही है, वो भी बिना जाति पूछे। बिहार सरकार ने साफ किया है कि न किसी को फंसाया जाएगा, न किसी अपराधी को बख्शा जाएगा। व्यापारियों की सुरक्षा के लिए 'व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ', महिलाओं के लिए 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' और हर जिले में एसटीएफ का गठन हुआ है। श्री पांडेय ने कहा कि तेजस्वी यादव, जाति की राजनीति छोड़िए।

# एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से विपक्ष की बोलती बंद : राजीव रंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद के बीच जनता दल यूनाइटेड ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की प्रक्रिया पर स्थिति स्पष्ट कर दी है और अदालत ने इस प्रक्रिया को सही माना है। राजीव रंजन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब विपक्ष को एसआईआर पर सवाल उठाना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष लगातार भ्रम फैलाने और अनावश्यक विवाद खड़ा करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन अदालत के फैसले से स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। जेडीयू प्रवक्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद विपक्ष की बोलती बंद हो गई है। उन्होंने कहा कि अदालत के निर्णय ने यह साबित कर दिया है कि एसआईआर की प्रक्रिया संवैधानिक और वैध है। उन्होंने विपक्षी दलों से आग्रह किया कि वे लोकतांत्रिक संस्थाओं और न्यायपालिका के फैसलों का सम्मान करें तथा जनता के बीच भ्रम फैलाने से बचें।

# छात्रों के भविष्य से समझौता नहीं-प्रशिक्षण कार्य जारी रखेगी कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने विद्यार्थियों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बड़ा निर्णय लिया है। संस्थान प्रबंधन ने घोषणा की है कि संस्थान फिलहाल कैरियर मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सी. एम.सी.ए डॉट लाइव के तहत संचालित प्रशिक्षण सेवाओं को अगले निर्देश आने तक लगातार जारी रखा जाएगा, ताकि किसी भी छात्र की पढ़ाई एवं करियर प्रभावित न हो। यह जानकारी संस्थान के संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के बावजूद संस्था छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल स्किल एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण आज युवाओं के रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन चुका है। ऐसे में प्रशिक्षण कार्य बाधित होना हजारों विद्यार्थियों के भविष्य के लिए चिंता का विषय है। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि संस्था सभी विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएं पूर्व की भांति संचालित करती रहेगी तथा उन्हें कंप्यूटर एवं व्यावसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण लगातार दिया जाता रहेगा। साथ ही उन्होंने बिहार सरकार एवं संबंधित विभाग से आग्रह किया कि छात्रहित में अविलंब सकारात्मक निर्णय लेते हुए प्रशिक्षण कार्य को सुचारु रूप से संचालित रखने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई और भविष्य प्रभावित न हो। संस्थान प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि युवाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है और किसी भी परिस्थिति में छात्रों के हितों से समझौता नहीं किया जाएगा।

# पटना में 17 जून से बजेगा बिहार आईपीएल का बिगुल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के बोरिंग रोड स्थित होटल मैत्रेया इंटरनेशनल में सरदार पटेल इवेंट्स कम टैलेंट सर्च के बैनर तले आयोजित प्रेस वार्ता में बिहार में पहली बार अंडर-13 और अंडर-17 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए 'बिहार इंस्टीट्यूट प्रीमियर लीग' (बीआईपीएल) आयोजित करने की घोषणा की गई। प्रतियोगिता का आयोजन 17 जून से 30 जून 2026 तक किया जाएगा। प्रेस वार्ता में बताया गया कि खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल 30 मई से 2 जून 2026 तक एसडीवी पब्लिक स्कूल, परसा बाजार कुरथौल के खेल मैदान स्थित सरदार पटेल क्रिकेट अकादमी, पटना में चरणबद्ध तरीके से आयोजित होगा। चयन समिति के चेयरमैन पूर्व रणजी क्रिकेटर मनोज कुमार यादव की अगुवाई में चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। खिलाड़ियों को सफेद पोशाक में बिहार के खिलाड़ी होने से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुबह 7 बजे चयन स्थल पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए 7488511660 पर संपर्क करने की व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि हाल के दिनों में अनिल अग्रवाल द्वारा बिहार की अपनी आईपीएल टीम की संभावनाओं पर विचार व्यक्त किया गया था। वहीं बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ओर से सकारात्मक सहयोग के आश्वासन ने संस्था को इस दिशा में पहल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल इवेंट्स कम टैलेंट सर्च (स्पेक्ट्स) भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय से निबंधित संस्था है तथा बिहार सरकार सोसाइटी एक्ट से संबंधित पूर्ववर्ती छात्र-युवा समागम की अंगीभूत इकाई है। कृष्णा पटेल ने कहा कि आईपीएल की तर्ज पर बीआईपीएल का नामकरण इसलिए किया गया है ताकि नवोदित खिलाड़ियों में आईपीएल जैसा उत्साह और अनुभव विकसित हो सके। उन्होंने बिहार के विभिन्न संस्थानों के निदेशकों से अपील की कि वे अपने संस्थान के नाम से टीम बनाकर इस आयोजन और बिहार के भविष्य के क्रिकेट खिलाड़ियों को सहयोग दें। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया। आयोजन समिति में अध्यक्ष कृष्णा पटेल, उपाध्यक्ष अनंत कुमार, संयोजक सह उपाध्यक्ष सौरव कुमार, सचिव डॉ. रोहित कुमार, संयुक्त सचिव अभिषेक पटेल, कोषाध्यक्ष आनंद प्रकाश तथा सदस्य सुजीत कुमार, प्रकाश ओझा, आरुष, रवि राज, अभिषेक कुमार और नवीन कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा मैनेजिंग डायरेक्टर धर्मवीर पटवर्धन, एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव उर्फ सतीश राजू, लीगल कमेटी के अध्यक्ष पूर्व रणजी क्रिकेटर एवं अधिवक्ता प्रतीक कुमार तथा चयन समिति के संयोजक पूर्व क्रिकेटर सौरभ चक्रवर्ती बनाए गए हैं। अमित बाबा को संयोजक समिति का सहायक सदस्य नियुक्त किया गया है। त्रिसदस्यीय चयन समिति में पूर्व रणजी क्रिकेटर एवं पूर्व बीसीए चयनकर्ता मनोज कुमार यादव को चेयरमैन, पूर्व रणजी क्रिकेटर हिमांशु हरि को उपाध्यक्ष तथा पूर्व क्रिकेटर विकास राज को सदस्य बनाया गया है।

# भारतीय जीवन बीमा निगम ने किए दो नए प्लान लांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरैस्वामि ने दो नए प्लान-एलआईसी की नई जीवन साथी एकल प्रीमियम तथा एलआईसी की नई जीवन साथी सीमित प्रीमियम का शुभारंभ किया। ये दोनों असहभागी, असंबद्ध, व्यक्तिगत, बचत प्लान हैं। ये संयुक्त जीवन प्लान हैं जो बचत और बीमा सुरक्षा का संतुलित संयोजन प्रदान करती है। दोनों संयुक्त जीवन बीमा प्लान है जिनमें एक विवाहित व्यक्ति तथा उसके जीवनसाथी को एक ही पॉलिसी के अंतर्गत बीमा सुरक्षा प्रदान की जाती है। न्यूनतम मूल बीमित राशि 3,00,000 है जबकि इसकी कोई ऊपरी सीमा निर्धारित नहीं है, अधिकतम मूल बीमित राशि का निर्धारण बोर्ड द्वारा अनुमोदित जोखिमांकन नीति के अनुसार किया जाएगा। प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है। अधिकतम प्रवेश आयु पॉलिसीधारक द्वारा दोनों प्लानों के अंतर्गत उपलब्ध विकल्पों में से चुने गए विकल्प के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकती है। जोखिम कवरेज के लिए दो मृत्यु हितलाभ विकल्पों में से चयन करने की सुविधा उपलब्ध है। तरलता संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु ऋण सुविधा उपलब्ध है। अतिरिक्त प्रीमियम का भुगतान करके वैकल्पिक राइडरों का चयन कर बीमा सुरक्षा को बढ़ाया जा सकता है। वर्तमान पॉलिसीधारकों तथा मृत पॉलिसीधारकों के नामांकितों/लाभार्थियों को प्रीमियम में छूट उपलब्ध है।

# डिजिटल प्लेटफार्मों पर नकली एवं अपंजीकृत कीटनाशकों की बिक्री पर कृषि विभाग सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव के निर्देशानुसार राज्य के किसानों, उपभोक्ताओं एवं पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनज़र नकली, संदिग्ध एवं अपंजीकृत कीटनाशकों की बिक्री एवं प्रचार-प्रसार पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। विभाग के संज्ञान में लगातार यह तथ्य आ रहा है कि विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफार्म, सोशल मीडिया, यूट्यूब चैनलों एवं अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए अपंजीकृत कीटनाशकों, फफूंदनाशकों, खरपतवारनाशकों एवं चूहानाशकों का अवैध रूप से प्रचार एवं विक्रय किया जा रहा है जो अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक विषय है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि देश एवं राज्य में केवल उन्हीं कीटनाशियों के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं बिक्री की अनुमति है जो कीटनाशक अधिनियम, 1968 के तहत विधिवत पंजीकृत है। अपंजीकृत अथवा नकली कीटनाशकों का उपयोग किसानों की फसल, भूमि की उर्वरता, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इसके अतिरिक्त किसानों को आर्थिक क्षति का भी सामना करना पड़ता है। इस संदर्भ में कृषि निदेशालय द्वारा सभी ई-कॉमर्स कंपनियों, डिजिटल विपणन प्लेटफार्मों, सोशल मीडिया संचालकों एवं यूट्यूब चैनलों को निर्देशित किया गया है कि वे केवल पंजीकृत एवं वैध कीटनाशकों के प्रचार एवं बिक्री की अनुमति सुनिश्चित करें।

# सामाजिक न्याय व दूरदर्शी नेतृत्व के प्रतीक थे पंडित नेहरू : राजेश राम

## 62वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 62 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने पंडित नेहरू के योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू का जीवन ही वैश्विक आदर्श है। सामाजिक न्याय व वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित दूरदर्शी नेतृत्व के प्रतीक के रूप में पंडित नेहरू को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की जिस मजबूत नींव को स्थापित किया और एक समावेशी, सौहार्दपूर्ण व प्रगतिशील भारत के निर्माण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया वो हम सब के लिए प्रेरणादायक है। स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक सिद्धांतों, संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित नेहरू का दूरदर्शी नेतृत्व हमेशा देश को उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त करता है।

# वैश्य आयोग के गठन व व्यवसायियों को हथियार लाइसेंस देने की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** वैश्य समाज के आर्थिक एवं सामाजिक आधार को मजबूत करने के उद्देश्य से वैश्य आयोग के गठन तथा व्यवसायियों को आत्मरक्षा के लिए प्राथमिकता के आधार पर हथियार लाइसेंस देने की मांग उठाई गई। यह मांग वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक सह सुढ़ी संघर्ष मोर्चा के प्रमंडलीय संयोजक विजय कुमार अकेला ने पटना स्थित बाबू जगजीवन राम शोध संस्थान सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में प्रमुखता से रखी। कार्यक्रम का आयोजन वैश्य चेतना समिति एवं वैश्य चेतना चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बिहार सरकार में शामिल वैश्य समाज के मंत्रियों के सम्मान में किया गया था। अपने संबोधन में विजय कुमार अकेला ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अनुसूचित जाति आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग तथा स्वर्ण आयोग का गठन किया गया है, ऐसे में वैश्य समाज के लिए भी अलग से वैश्य आयोग का गठन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज आर्थिक रूप से राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देता है, इसलिए समाज के हितों की सुरक्षा और विकास के लिए आयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यवसायी वर्ग अक्सर अपराधियों के निशाने पर रहता है।

# दानापुर स्टेशन पर, मेगा टिकट चेकिंग अभियान में 1015 यात्री पकड़े गये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत रहता है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में अभिनव सिद्धार्थ (वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दानापुर) के निर्देश पर अभिषेक कुमार तिवारी (मंडल वाणिज्य प्रबंधक) के नेतृत्व में एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, हरिकांत प्रसाद सिंह की उपस्थिति में मंडल के दानापुर स्टेशन पर किलेबंदी (फोर्ट्रेस चेकिंग अभियान) करके वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान दानापुर स्टेशन से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों 12792 (सिकंदराबाद एक्सप्रेस), 12395 (जियारत एक्सप्रेस), 13250 (भभुआ इंटरसिटी एक्सप्रेस), 20801 (मगध एक्सप्रेस), 15126 (जनशताब्दी एक्सप्रेस), 13038 (कुंभ एक्सप्रेस), 13240 (कोटा पटना एक्सप्रेस), 12393 (संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस), 20934 (दानापुर-उधना सुपरफास्ट एक्सप्रेस), 12296 (संघमित्रा एक्सप्रेस) तथा दानापुर से झाझा की ओर एवं बक्सर की ओर जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों का दानापुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव लेकर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया जिसमें लगभग 1015 अनियमित/बिना प्राधिकार वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में लगभग 5.07 लाख रुपए का रेल राजस्व अर्जित किया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप दानापुर स्टेशन के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढ़ी हुई भीड़ देखी गई और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए हैं।

# प्रयागराज-डीडीयू-पटना-झाझा-आसनसोल के रास्ते नई दिल्ली और हावड़ा के मध्य दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के मद्देनजर नई दिल्ली और हावड़ा 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 04048/04047 नई दिल्ली-हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल - गाड़ी सं. 04048 नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल नई दिल्ली से 28.05.2026 को 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 10.30 बजे डीडीयू, 11.40 बजे बक्सर, 12.25 बजे आरा, 13.25 बजे पटना, 14.13 बजे बख्तियारपुर, 15.43 बजे किउल एवं 16.55 बजे झाझा सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 23.40 बजे हावड़ा पहुंचेगी। गाड़ी सं. 04050/04049 नई दिल्ली-हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल - गाड़ी सं. 04050 नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल नई दिल्ली से 30.05.2026 को 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 10.30 बजे डीडीयू, 11.40 बजे बक्सर, 12.25 बजे आरा, 13.25 बजे पटना, 14.13 बजे बख्तियारपुर, 15.43 बजे किउल एवं 16.55 बजे झाझा सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 23.40 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

# संपादकीय

## पश्चिम एशिया संकट के बीच क्वाड बैठक पर टिकी थी दुनिया की नजरें

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच फिलहाल युद्धविराम जारी है, लेकिन होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए अमेरिका के प्रयास अभी तक नाकाम रहे हैं।पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से गहरा रहे वैश्विक संकट के बीच क्वाड देशों की महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। खास बात यह है कि भारत की मेजबानी में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यह बैठक होगी। खबरों के मुताबिक, इस बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर विचार-विमर्श के अलावा विश्व भर में पैदा हुए ऊर्जा संकट से निपटने के उपायों पर भी मंथन किया जाएगा।इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे को लेकर भी यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पश्चिम एशिया में शांति बहाली का कोई रास्ता निकलेगा, मगर दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता के नतीजे में ऐसा कुछ नजर नहीं आया।क्वाड में शामिल देशों में से भारत पर भी वैश्विक संकट का मौजूदा परिस्थितियों में सबसे ज्यादा असर दिख रहा है। चूंकि वर्तमान में भारत क्वाड की अध्यक्षता कर रहा है, इसलिए यह उम्मीद है कि इस बैठक में ऊर्जा संकट का मसला प्रमुखता से रखा जाएगा। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि क्वाड में अमेरिका भी शामिल है और ईरान के साथ उसके और इजरायल के संघर्ष से ही संकट की यह स्थिति उत्पन्न हुई है।क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक 26 मई को होगी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को भारत पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं, विशेषकर रक्षा, व्यापार, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। साथ ही पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की गई।अब सबकी नजरें क्वाड की बैठक पर टिकी हैं कि उसमें किन मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच फिलहाल युद्धविराम जारी है, लेकिन होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए अमेरिका के प्रयास अभी तक नाकाम रहे हैं। इसके बजाय होर्मुज के आसपास अमेरिका की नाकेबंदी से स्थिति और जटिल हो गई है।दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े है, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है।पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का भारत पर कितना असर हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दस दिनों से भी कम समय में शनिवार को तीसरी बार बढ़ोतरी की गई। पेट्रोल के दाम में 87 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमत में भी एक रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है।जाहिर है कि ईंधन के दामों में इजाफे से आने वाले दिनों में रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुएं भी महंगी होंगी। कुल मिलाकर इस संकट की सबसे ज्यादा मार आमजन पर ही पड़ेगी। इसलिए जरूरी है कि क्वाड की बैठक में इस मसले को प्रमुखता से रखा जाए और संकट का स्थायी समाधान तलाशने की कोशिश की जाए।इस संगठन में भारत, अमेरिका के अलावा आस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं और यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है।

**देखा जाये तो पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका की विदेश नीति में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। ट्रंप प्रशासन के दौरान 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति ने सहयोगी देशों में असहजता पैदा की। कई देशों को लगा कि वॉशिंगटन अब भरोसेमंद साथी नहीं रहा। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। चीन की आर्थिक और सैन्य ताकत जिस तेजी से बढ़ी है, उसने अमेरिका को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि एशिया में उसका प्रभाव बनाए रखने के लिए भारत जैसी लोकतांत्रिक और उभरती शक्ति के साथ मजबूत रिश्ते जरूरी हैं। दरअसल, चीन केवल व्यापारिक प्रतिस्पर्धी नहीं रहा।**

# ट्रंप को समझ आ गया कि चीन का मुकाबला अकेले नहीं, भारत के साथ मिलकर किया जा सकता है

(नीरज कुमार दुबे)

देखा जाये तो पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका की विदेश नीति में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। ट्रंप प्रशासन के दौरान 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति ने सहयोगी देशों में असहजता पैदा की। कई देशों को लगा कि वॉशिंगटन अब भरोसेमंद साथी नहीं रहा।

अमेरिका को अब इस बात का भलीभांति एहसास हो चुका है कि चीन जैसी उभरती महाशक्ति को रोक पाना उसके अकेले बूते की बात नहीं रह गई है। यही कारण है कि चीन से लगभग खाली हाथ लौटे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अब उम्मीद की सबसे मजबूत किरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दरबार में दिखाई दे रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का भारत दौरा दरअसल इसी बदली हुई वैश्विक मजबूरी और रणनीति का संकेत है। ट्रंप ने जिस तरह भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से बातचीत के दौरान सार्वजनिक तौर पर कहा कि 'मुझे प्रधानमंत्री मोदी बहुत पसंद हैं। मोदी महान हैं और वो मेरे दोस्त हैं।' ट्रंप ने यह तक कहा कि 'हम भारत के इतने करीब पहले कभी नहीं थे और भारत मुझ पर तथा अमेरिका पर सौ फीसदी भरोसा कर सकता है।' यह बयान सिर्फ दोस्ती का प्रदर्शन नहीं, बल्कि उस बदले हुए अमेरिकी रुख का संकेत है जिसमें वॉशिंगटन अब भारत को एशिया में शक्ति संतुलन बनाए रखने वाले सबसे अहम स्तंभ के रूप में देख रहा है। दिलचस्प बात यह भी रही कि मार्को रुबियो ने अपने भारत दौरे में ताजमहल के दीदार का कार्यक्रम भी रखा। कूटनीतिक गलियारों में इसे केवल पर्यटन नहीं, बल्कि एक प्रतीकात्मक संदेश माना जा रहा है, मानो अमेरिका भारत को यह भरोसा दिलाना चाहता हो कि वह इस बार दबाव नहीं, बल्कि मोहब्बत और साझेदारी का पैगाम लेकर आया है।

देखा जाये तो पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका की विदेश नीति में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। ट्रंप प्रशासन के दौरान 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति ने सहयोगी देशों में असहजता पैदा की। कई देशों को लगा कि वॉशिंगटन अब भरोसेमंद साथी नहीं रहा। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। चीन की आर्थिक और सैन्य ताकत जिस तेजी से बढ़ी है, उसने अमेरिका को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि एशिया में उसका प्रभाव बनाए रखने के लिए भारत जैसी लोकतांत्रिक और उभरती शक्ति के साथ मजबूत रिश्ते जरूरी हैं।

दरअसल, चीन केवल व्यापारिक प्रतिस्पर्धी नहीं रहा। वह अब वैश्विक सप्लाई चेन, तकनीक, रक्षा उत्पादन और सामरिक निवेश के जरिए दुनिया पर अपना प्रभाव बढ़ा रहा है। दक्षिण चीन सागर से लेकर ताइवान तक, बीजिंग का आक्रामक रवैया अमेरिका के लिए चुनौती बन चुका है। ऐसे में भारत अमेरिका के लिए एक स्वाभाविक विकल्प बनकर उभरा है। भारत एक ऐसा देश है जिसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, जिसके पास विशाल बाजार है और जो लोकतांत्रिक मूल्यों की बात करता है।

अमेरिका यह भी समझ चुका है कि केवल सैन्य शक्ति से चीन को रोका नहीं जा सकता। इसके लिए आर्थिक नेटवर्क, तकनीकी साझेदारी और भरोसेमंद औद्योगिक ढांचा जरूरी है। यही कारण है कि सेमीकंडक्टर, रक्षा निर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्रिटिकल मिनरल्स और डिजिटल टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में भारत के साथ साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

उधर, भारत के लिए भी यह अवसर कम महत्वपूर्ण नहीं है। लंबे समय तक भारत ने गुटनिरपेक्ष नीति और रणनीतिक स्वायत्तता को प्राथमिकता दी। लेकिन अब नई दिल्ली समझ रही है कि वैश्विक शक्ति संतुलन में सक्रिय भूमिका निभाए बिना अपने हित सुरक्षित नहीं रखे जा सकते। यही वजह है कि भारत क्वॉड जैसे मंचों में सक्रिय है और अमेरिका, जापान तथा ऑस्ट्रेलिया के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। हालांकि, भारत की चुनौती यह है कि वह अमेरिका के साथ नजदीकी बढ़ाते हुए अपनी स्वतंत्र विदेश नीति भी बनाए रखे। रूस के साथ रक्षा संबंध हों या पश्चिम एशिया में संतुलन, भारत किसी एक खेमे में पूरी तरह शामिल होने से बचता रहा है। यही उसकी सबसे बड़ी कूटनीतिक ताकत भी है।

एक चीज और उभर कर आ रही है कि अमेरिका को अब भारत के साथ



संबंधों में सिर्फ रणनीतिक भाषा नहीं, बल्कि व्यावहारिक निवेश की भी जरूरत है। अगर वॉशिंगटन वास्तव में चीन का प्रभाव कम करना चाहता है, तो उसे भारत में निर्माण, तकनीक और औद्योगिक ढांचे को मजबूत करने में गंभीर निवेश करना होगा। केवल भाषणों और समझौतों से बात नहीं बनेगी। देखा जाये तो भारत के भीतर कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां अमेरिकी निवेश बड़ा बदलाव ला सकता है। उच्च तकनीक, रक्षा उपकरण निर्माण, डिजिटल डेटा सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ सकता है। इससे दोनों देशों को फायदा होगा। एक तो अमेरिका को चीन पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी दूसरा भारत को वैश्विक उत्पादन केंद्र बनने का मौका मिलेगा।

लेकिन इस साझेदारी की असली परीक्षा भरोसे पर होगी। अमेरिका का पिछला रिकॉर्ड कई बार अस्थिर रहा है। अफगानिस्तान से अचानक वापसी और बदलती नीतियों ने उसके सहयोगियों को सतर्क किया है। भारत इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठा रहा है। वैसे भी आज की दुनिया में गठबंधन केवल युद्ध लड़ने के लिए नहीं बनते, बल्कि तकनीक, व्यापार, डेटा और सप्लाई चेन पर नियंत्रण के लिए भी बनते हैं। अमेरिका और भारत के रिश्ते अब इसी नए दौर में प्रवेश कर चुके हैं। यह संबंध केवल दो देशों के बीच साझेदारी नहीं, बल्कि एशिया और दुनिया की नई शक्ति संरचना का आधार बन सकता है। मार्को रुबियो की यात्रा इसी बदलती भू-राजनीति का संदेश है। संकेत साफ है कि अमेरिका को अब भारत की जरूरत महसूस हो रही है। और भारत भी यह समझ चुका है कि वैश्विक राजनीति में अब निर्णायक खिलाड़ी बनकर उतरने का समय आ गया है।

इसके अलावा, हाल के घटनाक्रमों ने यह भी साफ़ कर दिया है कि अमेरिका की चीन नीति उतनी सफल नहीं रही, जितनी ट्रंप प्रशासन उम्मीद कर रहा था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हाल ही में चीन दौरे पर गए थे, लेकिन वहां उन्हें कोई बड़ी रणनीतिक सफलता हासिल नहीं हुई। व्यापार, तकनीक और भू-राजनीतिक तनाव जैसे मुद्दों पर बीजिंग ने अमेरिकी दबाव के सामने झुकने के संकेत नहीं दिए। विश्लेषकों का मानना है कि इसी के बाद वॉशिंगटन को दोबारा यह एहसास हुआ कि एशिया में चीन का संतुलन केवल भारत के सहयोग से ही संभव है। यही वजह है कि ट्रंप के सुर अब बदले-बदले नजर आ रहे हैं। ट्रंप की चीन यात्रा के तुरंत बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत पहुंचे और उन्होंने भारत को 'नेचुरल पार्टनर' बताते हुए रिश्तों को नई दिशा देने की बात कही। माना जा रहा है कि ट्रंप ने अपने बेहद करीबी सहयोगियों में गिने जाने वाले भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भारत के साथ रिश्तों को फिर से मजबूत करने की जिम्मेदारी दी है। खुद सर्जियो गोर ने सार्वजनिक रूप से कहा कि ट्रंप भारत और प्रधानमंत्री मोदी के साथ संबंधों को बेहद अहम मानते हैं। दरअसल, अमेरिका अब समझ चुका है कि चीन के साथ 'प्रतिस्पर्धा और सहयोग' की उसकी रणनीति सीमित परिणाम दे रही है, जबकि भारत के साथ मजबूत साझेदारी इंडो-पैसिफिक में उसे कहीं अधिक स्थिर और भरोसेमंद आधार दे सकती है।

संभवतः यह भी एक कारण है कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अपने दौरे के दौरान साफ शब्दों में कहा कि भारत अब अमेरिका के 'सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोगियों' में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकों के बाद रुबियो ने संकेत दिए कि दोनों देशों के बीच लंबे समय से लंबित व्यापार समझौता अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है और आने वाले कुछ हफ्तों में इस पर सहमति बन सकती है। रुबियो ने यह भी स्पष्ट किया कि यह साझेदारी केवल टैरिफ या व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य टेक्नोलॉजी, निवेश, सप्लाई चेन और सामरिक सुरक्षा में गहरा सहयोग स्थापित करना है। क्वॉड को लेकर भी अमेरिका अब केवल औपचारिक बैठकों से आगे बढ़कर उसे वास्तविक आर्थिक और सामरिक गठबंधन के रूप में विकसित करना चाहता है, जिसमें समुद्री सुरक्षा, क्रिटिकल मिनरल्स और चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला प्रमुख एजेंडा होंगे। रुबियो के बयानों से यह साफ झलकता है कि वाशिंगटन अब भारत को केवल दक्षिण एशिया की शक्ति नहीं, बल्कि इंडो-पैसिफिक रणनीति के केंद्रीय स्तंभ के रूप में देख रहा है।

बहरहाल, यह पूरा घटनाक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संतुलित और दूरदर्शी कूटनीति की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। पिछले लगभग एक वर्ष से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत के खिलाफ तीखे बयान, व्यापारिक दबाव और कई असहज संकेत लगातार सामने आते रहे, लेकिन नई दिल्ली ने कभी भी भावनात्मक प्रतिक्रिया या सार्वजनिक बयानबाजी का रास्ता नहीं चुना। मोदी सरकार ने संयम, धैर्य और रणनीतिक चुप्पी बनाए रखते हुए अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी। भारत न तो अमेरिकी दबाव के आगे झुका और न ही संबंधों को टकराव की दिशा में जाने दिया। इसकी बजाय सही समय का इंतजार करते हुए भारत ने अपनी आर्थिक ताकत, वैश्विक प्रतिष्ठा और रणनीतिक महत्व को और मजबूत किया। आज स्थिति यह है कि वही अमेरिका, जो कभी भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा था, अब रिश्तों को सुधारने और भारत को अपना सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताने पर मजबूर है। यह केवल कूटनीतिक जीत नहीं, बल्कि उस आत्मविश्वासी भारत की तस्वीर है जिसने दुनिया को दिखा दिया कि मजबूत राष्ट्र शोर से नहीं, बल्कि धैर्य, संतुलन और सही रणनीति से अपनी जगह बनाते हैं।( इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं। )

# कॉकरोच जनता पार्टी क्या सिर्फ एक छलावा मात्र है?

(संतोष कुमार पाठक)

15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने जिस शब्दावली और तेवरों के साथ बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच के साथ जोड़ा, उससे देश में एक नया ही तूफान खड़ा हो गया। हालांकि अगले ही दिन जस्टिस सूर्यकांत ने अपनी टिप्पणी पर सफाई भी दे दी।

सत्य कभी-कभी कल्पना से भी कहीं ज्यादा विचित्र होता है। आज से पहले शायद ही कभी किसी ने ऐसा सोचा भी होगा कि एक दौर ऐसा आएगा जब लोगों में अपने आपको कॉकरोच कहने की होड़ लग जाएगी। देश भर में 'मैं भी कॉकरोच' जैसा एक बड़ा अभियान शुरू हो जाएगा। लोग, खासतौर से लाखों युवा 'मैं भी कॉकरोच' जैसे मीम्स और बैनरों के जरिए न केवल अपने आपको कॉकरोच कहने में गर्व महसूस करेंगे बल्कि हैशटैग के जरिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इसे ज्यादा से ज्यादा लोकप्रिय बनाने की भी कोशिश करेंगे।लेकिन ऐसा हुआ और इतनी तेजी से हुआ कि किसी को भी सोचने-समझने का मौका तक नहीं मिला।

15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने जिस शब्दावली और तेवरों के साथ बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच के साथ जोड़ा, उससे देश में एक नया ही तूफान खड़ा हो गया। हालांकि अगले ही दिन जस्टिस सूर्यकांत ने अपनी टिप्पणी पर सफाई भी दे दी। लेकिन उसके बाद भी विरोध के स्वर बंद नहीं हुए।

देशभर में सरकारी सिस्टम से नाराज लाखों युवा अलग-अलग अंदाज में लगातार अपना गुस्सा तो जाहिर कर ही रहे थे लेकिन देश की राजधानी दिल्ली से लगभग 11,500 किमी दूर बैठे एक भारतीय युवा अभिजीत दीपके ( जो महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के रहने वाले हैं) के दिमाग में एक आइडिया आया और उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तुरंत 'कॉकरोच जनता पार्टी' बना दी। इसके बाद देखते ही देखते भारत के लोकतंत्र में कुछ ऐसा होता हुआ नजर आया, जो इससे पहले किसी ने सोचा तक नहीं होगा।

देखते-देखते सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' के फॉलोअर्स की संख्या 2 करोड़ 30 लाख तक पहुंचने वाली है। यह दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल होने का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की कुल संख्या 93 लाख से लगभग ढाई गुणा ज्यादा है।

इस बीच पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके भी लगातार चर्चा में रहे। पार्टी के एक्स अकाउंट पर कभी रोक लगाई गई तो कभी वेबसाइट को डाउन करने का आरोप लगाया गया। जैसे ही लोगों ने इस पार्टी के इतिहास-भूगोल को खंगालना शुरू किया, सकते में आए अभिजीत दीपके ने तुरंत सफाई शुरू कर दी। इस बीच उन्होंने पार्टी के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज को हैक करने का दावा भी किया और जब यह ठीक हुआ तो विवाद पैदा करने वाले पार्टी के संस्थापक मेघनन्द को उनकी ही पार्टी फॉलो करना बंद कर चुकी थी।

मतलब कहीं न कहीं, कुछ तो गड़बड़ है। कुछ तो ऐसा हो रहा है जो फिलहाल सामने से नजर नहीं आ रहा है लेकिन जिसका आभास तो हो ही रहा है। बीजेपी इस पार्टी को विदेशी धरती से चलने वाले विपक्षी दल का टूलकिट बता रही है तो वहीं कई वरिष्ठ पत्रकार और बौद्धिक जमात के लोग इसे बीजेपी की बी टीम के रूप में पेश कर रहे हैं। अभिजीत दीपके की भी कई हरकतें, संदेह पैदा कर रही है। अभिजीत द्वारा एक खास पार्टी के समर्थक माने जाने वाले पत्रकारों को ही इंटरव्यू देना, विवादित व्यक्ति को अनफॉलो कर पहले कुछ खास पत्रकारों को फॉलो करना और फिर उन्हें भी अनफॉलो कर देना। सोचिए जो व्यक्ति शुरुआत से ही इतना ज्यादा सेलेक्टिव हो,उसके पीछे कितनी बड़ी टीम या कितना बड़ा दिमाग काम कर रहा होगा जो भारत के लोकतांत्रिक आंदोलन के मिज़ाज, भारत की मेनस्ट्रीम और नई मीडिया( यूटूबर्स) की आदतों को कितनी अच्छी तरह से समझता है। आंदोलन के जरिए, देश में एक माहौल पैदा करने में बीजेपी और आम आदमी पार्टी दोनों को महारत हासिल है। दुर्भाग्यपूर्ण बात तो है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी जिसने देश पर सबसे ज्यादा राज किया है और जो वर्तमान में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है वो कांग्रेस बड़े स्तर पर आंदोलन चलाना और इसे लोकप्रिय बनाने के तौर-तरीके भूल चुकी है। यह भी गौर करने वाली बात है कि कॉकरोच जनता पार्टी को चंद बड़े पत्रकार अपने-अपने यूट्यूब चैनल पर जितना स्पेस दे रहे हैं उससे भी कहीं ज्यादा स्पेस मेनस्ट्रीम मीडिया दे रहा है। हाल के वर्षों में ऐसा कब हुआ था, याद करने की कोशिश कीजिए। इस लेख के लेखक ने अरविंद केजरीवाल के आंदोलन को बहुत ही शुरुआत से कवर किया था जिसकी सबसे खास बात यह थी कि प्रेस कांफ्रेंस के लिए आने वाले न्यौते में जिस केजरीवाल का नाम सबसे लास्ट में और अरविंद केजरीवाल लिखा आता था,उस पार्टी में अब सिर्फ अरविंद केजरीवाल ही बचे रह गए हैं। याद कीजिएगा कि, उस दौर में भी अन्ना-अरविंद के आंदोलन पर सवाल उठाने वाले हर व्यक्ति को करप्ट व्यक्ति के तौर पर ही देखा जाने लगा था और आज भी अगर आप कॉकरोच जनता पार्टी से सवाल पूछते हैं तो एक खास इको-सिस्टम के लोग ( पत्रकार भी) तुरंत सामने आकर आपकी निष्ठा पर सवाल उठाते हुए पूछने लगते हैं कि आखिर कॉकरोच जनता पार्टी से किसी को क्या दिक्कत हो सकती है?

# तपती धरती, झुलसता जीवन- जनता के समक्ष हीटवेव की चुनौती

(ललित गर्ग)

हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं।

वर्ष 2026 की गर्मी केवल एक मौसमीय घटना नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है। अप्रैल-मई के दौरान भारत सहित दक्षिण एशिया के अनेक हिस्सों में पड़ी रिकॉर्ड हीटवेव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का संकट नहीं, वर्तमान की भयावह वास्तविकता है। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य भारत के अनेक क्षेत्रों में तापमान 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई शहरों में बिजली की मांग ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। सड़कें सूनी दिखने लगीं, श्रमिकों का श्रम ठहरने लगा और बच्चों, बुजुर्गों तथा गरीब तबकों के सामने जीवन बचाने की चुनौती खड़ी हो गई। यह संकट अचानक नहीं आया। यह दशकों से प्रकृति के साथ किए गए असंतुलित व्यवहार, अंधाधुंध शहरीकरण, जंगलों की कटाई, संसाधनों के दोहन और सुविधावादी जीवनशैली का परिणाम है। प्रकृति ने बार-बार संकेत दिए, लेकिन विकास की अंधी दौड़ में हमने उन संकेतों को अनसुना किया। आज वही उपेक्षित चेतावनियां लू बनकर हमारे सामने खड़ी हैं।

हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। लेकिन विडंबना है कि विकास के नाम पर जंगलों का तेजी से विनाश हुआ। हर वर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र समाप्त हो रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि स्थानीय स्तर पर तापमान बढ़ा, नमी कम हुई, वर्षा चक्र प्रभावित हुआ और गर्म हवाओं की अवधि लंबी होती गई। आज शहर कंक्रीट के जंगल बन चुके हैं। महानगरों में हरित क्षेत्र सिकुड़ते जा रहे हैं और उनकी जगह सीमेंट, डामर और शीशे की ऊंची इमारतें ले रही हैं। इससे अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव तेजी से बढ़ा है। शहर अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म हो चुके हैं। कंक्रीट दिनभर सूर्य की ऊष्मा को सोखता है और रात में धीरे-धीरे छोड़ता है। परिणामस्वरूप रातें भी गर्म होती जा रही हैं और शरीर को राहत नहीं मिल पाती।

दिल्ली, मुंबई, जयपुर और लखनऊ जैसे शहरों में रात का तापमान पहले की तुलना में लगातार बढ़ रहा है। गरीब बस्तियों में स्थिति और भी गंभीर है। वहां न हरित क्षेत्र हैं, न पर्याप्त जल आपूर्ति, न शीतलन के साधन। टीन की छतों वाले घर दिन में भट्ठी बन जाते हैं। गर्मी की मार सामाजिक असमानता को और गहरा करती है। अमीर वर्ग एयर कंडीशनर और बंद कमरों में राहत खोज लेता है, लेकिन मजदूर, रिक्शाचालक, रेहड़ी वाले और निर्माण कार्य में लगे श्रमिक खुले आसमान के नीचे झुलसते रहते हैं। विडंबना यह भी है कि गर्मी से राहत का सबसे लोकप्रिय साधन एयर कंडीशनर स्वयं संकट को बढ़ाने वाला कारक बनता जा रहा है। एक एयर कंडीशनर कमरे को ठंडा करता है, लेकिन बाहर उतनी ही गर्म हवा छोड़ता है। इसके साथ ही बिजली की खपत बढ़ती है, जिसका बड़ा हिस्सा अभी भी कोयला आधारित ऊर्जा से आता है। रेफ्रिजरेंट गैसें अतिरिक्त ग्रीनहाउस प्रभाव पैदा करती हैं। इस प्रकार एक दुष्चक्र निर्मित हो गया है-गर्मी बढ़ती है, एसी बढ़ते हैं, उत्सर्जन बढ़ता है और फिर गर्मी और बढ़ जाती है।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल तापमान तक सीमित नहीं है। यह कृषि, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी व्यापक असर डाल रहा है। वैज्ञानिक



अध्ययनों से संकेत मिले हैं कि बढ़ती गर्मी और अनिश्चित मौसम के कारण गेहूं, धान और अन्य फसलों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। गर्म हवाएं पौधों की वृद्धि रोकती हैं, जल स्रोतों को सुखाती हैं और मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित करती हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में खाद्य संकट भी गहरा सकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी इसका गंभीर प्रभाव दिख रहा है। लू लगना, निर्जलीकरण, हीट स्ट्रोक, हृदय रोग और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। अस्पतालों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सबसे अधिक खतरा बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बाहर काम करने वाले श्रमिकों को है।

गर्मी का यह संकट सामाजिक और मानवीय संकट भी बन सकता है। जल स्रोतों के सूखने, कृषि संकट और जीवन परिस्थितियों के बिगड़ने से बड़े पैमाने पर पलायन बढ़ सकता है। जैव विविधता पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है। अनेक जीव-जंतु और वनस्पतियां अपने प्राकृतिक आवास खो रही हैं। हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। केवल रेड अलर्ट और ऑरेंज अलर्ट जारी करना पर्याप्त नहीं है। हीटवेव को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के प्रमुख विषय के रूप में स्वीकार करते हुए दीर्घकालिक नीतियां बनानी होंगी। सबसे पहले शहरों में हीट एक्शन प्लान को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। प्रत्येक शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने, जल संरक्षण, छायादार मार्ग, सार्वजनिक प्याऊ और शीतलन केंद्रों की व्यवस्था आवश्यक है। स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों के समय निर्धारण में क्षेत्रीय तापमान को ध्यान में रखा जाना चाहिए। तीखी दोपहर में श्रमिकों के लिए कार्यावधि सीमित की जाए और उनके लिए विश्राम तथा पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य हो।

सरकार को भवन निर्माण नीति में भी परिवर्तन लाना होगा। पारंपरिक भारतीय वास्तुकला-हवादार घर, आंगन, मिट्टी आधारित निर्माण, हरित छतें और प्राकृतिक वेंटिलेशन को बढ़ावा देना चाहिए। कांच की चमचमाती इमारतों और ऊष्मा अवशोषित करने वाले निर्माणों पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। कूल रूफतकनीक, वर्षा जल संचयन और सौर ऊर्जा आधारित शीतलन प्रणाली को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। वन संरक्षण और वृक्षारोपण केवल अभियान नहीं, राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए। शहरों में माइक्रो फॉरेस्ट, पार्क और हरित गलियारों का निर्माण किया जाए। जल निकायों और पारंपरिक तालाबों को पुनर्जीवित किया जाए क्योंकि वे स्थानीय तापमान नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन केवल सरकारें यह लड़ाई नहीं जीत सकतीं। आम जनता को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। हमें उपभोगवादी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा। पानी का संयमित उपयोग, ऊर्जा की बचत, वृक्षारोपण, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग और स्थानीय पर्यावरण संरक्षण अब व्यक्तिगत विकल्प नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी हैं।

भारतीय समाज में कभी सार्वजनिक प्याऊ, छायादार विश्राम स्थल और जल सेवा की समृद्ध परंपरा थी। गर्मियों में राहगीरों के लिए जल की व्यवस्था पुण्य कार्य माना जाता था। आज उस परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। समाज, धार्मिक संस्थाएं और स्वयंसेवी संगठन मिलकर जल सेवा और राहत कार्यों का अभियान चला सकते हैं। गर्मी और जल संकट को राजनीति का विषय बनाने के बजाय सहयोग और समाधान का विषय बनाना होगा। जल विवादों और संसाधनों पर स्वार्थपूर्ण राजनीति भविष्य को और कठिन बनाएगी। आवश्यकता इस बात की है कि जल प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु अनुकूलन को राष्ट्रीय सहमति का विषय बनाया जाए।

वर्ष 2026 की यह झुलसाती गर्मी हमें चेतावनी दे रही है कि यदि हमने अभी भी प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित नहीं किया तो आने वाले वर्षों में स्थिति और विकराल होगी। पृथ्वी का तापमान बढ़ेगा, जैव विविधता नष्ट होगी, खाद्य संकट गहराएगा और मानव जीवन अधिक कठिन हो जाएगा। यह समय प्रकृति से संघर्ष का नहीं, उसके साथ सामंजस्य का है। हमें विकास की ऐसी दिशा चुननी होगी जिसमें पर्यावरण, मानव जीवन और भविष्य सुरक्षित रह सके। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब सूरज की तपिश केवल असुविधा नहीं, अस्तित्व का संकट बन जाएगी।लेखक,पत्रकार एवं स्तंभकार है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# पुलिस ने किया देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़

- छापेमारी में तीन आरोपित गिरफ्तार
- दो नाबालिग लड़कियां बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पचम्बा थाना क्षेत्र के बोड़ो इलाके में कुछ नाबालिग लड़कियों को डरा-धमकाकर और मारपीट कर देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसपी के निर्देश पर विशेष जांच दल (सीट) का गठन किया गया गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बोड़ो स्थित एक किराये के मकान में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने वहां से दो नाबालिग लड़कियों को बरामद किया, जबकि मौके से एक महिला को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पीड़ित लड़कियों ने बताया कि क्रांति देवी नामक महिला उन्हें डराकर और मारपीट कर इस धंधे में धकेलती थी पीड़िता के आवेदन के आधार पर पचम्बा थाना कांड संख्या 52/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की विभिन्न धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है पुलिस ने आगे कार्रवाई करते हुए दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त लाल रंग की ब्रेजा चार पहिया वाहन को जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में क्रांति देवी, मो. तौफिक अंसारी तथा मुशरफ अंसारी शामिल हैं छापेमारी दल में पुलिस उपाधीक्षक आर.के. राणा, अंचल पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन कुमार, पचम्बा थाना प्रभारी राजीव कुमार, दीपक कुमार, प्रभात कुमार सहित पचम्बा थाना के सशस्त्र बल एवं चौकीदार शामिल थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पचम्बा थाना क्षेत्र के चकटांड़ गांव स्थित भाजपा कार्यालय के समीप रेलवे पटरी पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। लोगों ने शव की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।इसके बाद मामले की सूचना पचम्बा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस के पहुंचने के बाद मृतक की पहचान पचम्बा थाना क्षेत्र के सुंदरटांड़ गांव निवासी 32 वर्षीय मोहम्मद इरफान अंसारी, पिता इसराइल अंसारी के रूप में हुई फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाना ले गई है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस से एक ही परिवार के तीन की मौत

## विधायक प्रदीप प्रसाद पहुंचे अस्पताल, परिजनों को दी सांत्वना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड के ग्राम कूद में हुई हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। घर के सेप्टिक टैंक में बनी जहरीली गैस की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों – चमेली देवी, रवि साव एवं मदन साव – की असामयिक मौत हो गई, जबकि परिवार के मुखिया आनंद साव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद सदर अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान पोस्टमार्टम प्रक्रिया में विलंब की जानकारी मिलने पर विधायक ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से बात कर आवश्यक पहल की, जिसके बाद प्रक्रिया शुरू कराई गई।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने घटना को अत्यंत दुखद, पीड़ादायक और समाज को झकझोर देने वाली बताया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने ईश्वर से घायल आनंद साव के शीघ्र स्वस्थ होने तथा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। साथ ही शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

# दिव्यांगों के बीच ट्राईसाइकिल का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती के निदेर्शानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डीएमएफटी मद से 22 दिव्यांग लाभुकों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। इस पहल के तहत पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों एवं रोजगार से जुड़े दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देते हुए लाभ प्रदान किया गया, ताकि उनके दैनिक आवागमन को सुगम बनाया जा सके।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कई दिव्यांग विद्यार्थी एवं नौकरी पेशा से जुड़े दिव्यांग लोग आवागमन की समस्या के कारण कठिनाइयों का सामना करते हैं। बैटरी चालित ट्राईसाइकिल मिलने से अब उन्हें स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, कार्यालय एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की कोशिश है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े एवं अन्य दिव्यांगजनों को सहयोग देना समाज को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग लाभुकों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सुविधा से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा तथा वे अपने कार्यों को अधिक आत्मविश्वास एवं स्वतंत्रता के साथ कर सकेंगे। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# जनगणना कार्य को ले उपायुक्त ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त रामनिवास यादव ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी चार्ज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा बड़की सरैया एवं धनवार नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शामिल हुए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि को गंभीरता, पारदर्शिता एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे।

उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े भविष्य की योजनाओं, संसाधनों के वितरण, आधारभूत संरचना के विकास तथा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं बैठक में चार्ज क्षेत्रवार प्रगति, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, प्रशिक्षण, डाटा संकलन प्रक्रिया एवं क्षेत्रीय स्तर पर आने वाली समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य किया जाए।

उन्होंने आम नागरिकों को भी जनगणना के प्रति जागरूक करने पर जोर देते हुए कहा कि लोग सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि सटीक आंकड़े तैयार हो सकें। साथ ही अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने तथा किसी भी तकनीकी समस्या की जानकारी तत्काल जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया बैठक के दौरान जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सभी अधिकारियों को सक्रियता एवं समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया।

## शांति और भाईचारे के साथ बकरीद मनाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गिरिडीह। बकरीद पर्व को लेकर गिरिडीह पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। जिले के पुलिस अधीक्षक ने सभी नागरिकों से शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की है एसपी ने कहा कि बकरीद आपसी प्रेम, त्याग और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। सभी लोग मिल-जुलकर पर्व मनाएं और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़काऊ या गलत पोस्ट साझा करने से बचने की भी अपील की पुलिस प्रशासन द्वारा जिले के संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा लगातार गश्ती अभियान चलाया जाएगा एसपी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# बकरीद को ले प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा की व्यापक तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला प्रशासन ने ईद उल अजहा बकरीद -2026 को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर व्यापक तैयारी पूरी कर ली है। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार द्वारा संयुक्त आदेश जारी कर जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए गए हैं प्रशासन की ओर से जारी निर्देश के अनुसार संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों एवं भ्रामक संदेशों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। किसी भी छोटी घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जिला एवं अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं, जो 27 मई से 29 मई तक लगातार कार्यरत रहेंगे।गिरिडीह जिला मुख्यालय के अलावा खोरीमहुआ, डुमरी एवं बगोदर-सरिया अनुमंडल कार्यालयों में भी कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। सभी नियंत्रण कक्षों में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल एवं चौकीदारों की तैनाती करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों को लगातार क्षेत्र भ्रमण कर विधि-व्यवस्था पर नजर बनाए रखने को कहा गया है।जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भाईचारे और सौहार्द के साथ बकरीद मनाने की अपील की है। प्रशासन ने लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को देने का आग्रह किया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नेहरू ने देश को विश्व पटल पर दिलाई नई पहचान : जेपी पटेल



हजारीबाग। जिला कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ऐशोआराम का जीवन त्यागकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश की आजादी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि निजी जीवन की कठिन परिस्थितियों के बावजूद नेहरू जी सत्याग्रह आंदोलन में डटे रहे और पूर्ण स्वराज्य के संकल्प को साकार करने में अहम योगदान दिया।

जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में नेहरू जी ने देश को आधुनिक विकास की दिशा दी और भारत को विश्व के अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा करने का कार्य किया। उन्होंने शिक्षा, उद्योग, विज्ञान और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में प्रदेश कोऑर्डिनेटर बिनोद कुशवाहा, सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह, प्रदेश सचिव रेणु कुशवाहा, मनीषा टोप्पो, जिला कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष निसार खान, पूर्व प्रदेश सचिव शशि मोहन सिंह, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट साजिद अली खान, नगर अध्यक्ष परवेज अहमद, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद जाविर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धरना स्थगित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गिरिडीह। बालमुकुंद फैक्ट्री, चतरो मोड़ के सामने 13 मई से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना बकरीद पर्व को देखते हुए फिलहाल कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय 27 मई को धरना स्थल पर हुई बैठक में लिया गया। बैठक में असंगठित मजदूर मोर्चा के महासचिव नीताय महतो, भाकपा माले जिला सचिव अशोक पासवान, किसान नेता पूरन महतो, नगर सचिव राजेश सिन्हा और वरिष्ठ नेता कन्हाई पांडेय मौजूद थे।धरना स्थगित करने को लेकर जिला प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच लिखित समझौता भी हुआ। रात में अंचल अधिकारी, बीडीओ और मुफ्फसिल थाना प्रभारी धरना स्थल पहुंचे और बकरीद तक आंदोलन रोकने का आग्रह किया। नेताओं ने पर्व को प्राथमिकता देते हुए अस्थायी रूप से धरना स्थगित करने पर सहमति जताई हालांकि आंदोलनकारी नेताओं ने साफ कहा कि ह्लस्थगित का मतलब आंदोलन खत्म नहीं है। माले जिला सचिव अशोक पासवान ने कहा कि 5 जून को बड़ी बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी ।

# हजारीबाग को मिला नया अपर समाहर्ता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

हजारीबाग। जिले को एक तेजतर्रार और अनुशासनप्रिय प्रशासनिक अधिकारी के रूप में नया अपर समाहर्ता मिला है। महेंद्र छोटन उरांव ने मंगलवार को हजारीबाग के अपर समाहर्ता पद का कार्यभार ग्रहण किया। उनके पदभार संभालते ही जिला प्रशासन में कार्यों की गति तेज होने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की उम्मीद जताई जा रही है।महेंद्र छोटन उरांव इससे पहले पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थे। इसके पूर्व वे सिमडेगा में भी अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। दोनों स्थानों पर उन्होंने सख्त प्रशासनिक कार्यशैली, त्वरित निर्णय क्षमता और जनहित से जुड़े कार्यों के कारण अलग पहचान बनाई थी।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार वे नियम-कानूनों के पालन को लेकर काफी सख्त अधिकारी माने जाते हैं। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही को लेकर उनकी कार्यशैली बेहद स्पष्ट रही है। योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने के लिए वे अधिकारियों और कर्मियों को जवाबदेह बनाकर कार्य कराते हैं।

राजस्व, जनकल्याण, सामाजिक सुरक्षा और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं के संचालन में भी उनकी भूमिका पूर्व में सराहनीय रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लागू कराने में उन्होंने प्रभावी योगदान दिया है।

हजारीबाग में उनके आगमन को लेकर प्रशासनिक महकमे के साथ-साथ आम लोगों में भी सकारात्मक चर्चा है। माना जा रहा है कि उनके अनुभव और प्रशासनिक पकड़ से जिले की विकास योजनाओं और प्रशासनिक व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

# साधु के वेष में पहुंचे ठग, महिला से गहने लेकर भागे

## ग्रामीणों ने दौड़ाकर दबोचा, किया पुलिस के हवाले



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**निरसा।** निरसा के मैथन क्षेत्र में साधु के भेष में महिलाओं को झांसा देकर ठगी करने वाले तीन शातिर ठगों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपी बिहार के बताए जा रहे हैं और उनसे मैथन पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है।

पीड़ित महिला के अनुसार तीनों युवक साधु का वेश धारण कर उसके घर पहुंचे थे। पहले पानी पीने के बहाने घर में घुसे और फिर धार्मिक बातें तथा टोना-टोटका का डर दिखाकर महिला को अपने झांसे में ले लिया। आरोपियों ने कहा कि यदि घर के जेवरात पर मंत्र पढ़कर शुद्धिकरण किया जाए तो परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। महिला उनकी बातों में आ गई और घर से गहने निकाल लाई। इसके बाद आरोपियों ने जेवर कपड़े में बांधने का नाटक कर महिला को साड़ी में गांठ बांधकर थमा दिया और मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद जब महिला को शक हुआ और गांठ खोली गई तो उसमें गहने गायब थे। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीण जुट गए और पीछा करते हुए गैलेक्सी के पास ऑटो से भाग रहे तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। इसके बाद लोगों ने उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि इन ठगों ने इससे पहले इलाके में और कितनी महिलाओं को अपना शिकार बनाया है।

# आर के महिला कॉलेज की 35 कैडेट्स प्रशिक्षण शिविर से लौटीं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आर के महिला कॉलेज की 35 एनसीसी कैडेट्स दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर सकुशल वापस लौटीं। यह शिविर देवघर कॉलेज में केयटीसी वी युवा आपदा मित्र स्कीमह्व के तहत आयोजित किया गया था। शिविर का आयोजन 36 झारखण्ड बीएन एनसीसी द्वारा किया गया शिविर में कैडेट्स को आपदा प्रबंधन एवं बचाव संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। एसडीआरएफ की टीम ने भूकंप, आग, बाढ़, सड़क दुर्घटना, सांप काटने, रक्तस्राव नियंत्रण, घाव की देखभाल, रस्सी बचाव तकनीक, लू लगने तथा प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया। जिला प्रशासन की ओर से कैडेट्स को जीवन रक्षा किट भी प्रदान की गई कॉलेज की छात्राएँ 22 जेएच बटालियन के पीआई स्टाफ हवलदार केवल कृष्णन एवं जीसीआई कुसुम कुमारी के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस लौटीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . के एन शर्मा ने कैडेट्स की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

# भीषण गर्मी में राहगीरों को बांटा गया सत्तू शरबत और शीतल जल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह** । लायंस क्लबस इंटरनेशनल की हंगर सर्विस एक्टिविटी के तहत आज लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट द्वारा जिला अधिवक्ता भवन, गिरिडीह के समीप राहगीरों, अधिवक्ता लिपिकों एवं अधिवक्ता बंधुओं के बीच सत्तू शरबत एवं शीतल जल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया भीषण गर्मी को देखते हुए आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में लगभग 1000 से अधिक लोगों ने सत्तू शरबत एवं शीतल जल का लाभ उठाया।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अधिवक्ता दशरथ प्रसाद ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट पिछले कई वर्षों से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार मानव सेवा का कार्य कर रहा है और आगे भी सेवा कार्यों के लिए क्लब के सदस्य तत्पर रहेंगे कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब कोषाध्यक्ष गुंजन कुमार शर्मा की अहम भूमिका रही।

## फर्जी जमाबंदी कराने का आरोप

गिरिडीह। जमुआ अंचल के सिहोडीह निवासी मोहन कुमार वर्मा ने तत्कालीन अंचल अधिकारी संजय पाण्डेय समेत कई राजस्व कर्मियों पर ऑनलाइन फर्जी जमाबंदी कायम कराने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव को आवेदन देकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है आवेदन में कहा गया है कि मौजा सिहोडीह, थाना संख्या 286, हल्का संख्या 01 के खाता संख्या 03 एवं 14 से संबंधित जमीन की ऑनलाइन फर्जी जमाबंदी दूसरे व्यक्ति के नाम से कर दी गई। आरोप है कि तत्कालीन अंचल अधिकारी संजय पाण्डेय, अंचल निरीक्षक प्रशांत कुमार चांद, राजस्व उपनिरीक्षक, अंचल लिपिक प्रभात रंजन एवं कंप्यूटर ऑपरेटर आशीष कुमार ने मिलकर यह कार्य किया।आवेदक ने बताया कि उक्त जमाबंदी का रिकॉर्ड पूर्व में ऑफलाइन पंजी-2 में दर्ज नहीं था। मामले को लेकर उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता एवं अंचल अधिकारी को भी आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है।

# मर्सी हॉस्पिटल में सफल सामान्य प्रसव, जच्चा-बच्चा स्वस्थ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** शहर के मर्सी हॉस्पिटल में एक बार फिर सफल सामान्य प्रसव कराया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार प्रथम बार मां बनी महिला (प्राइमिग्रेविडा) ने सामान्य प्रसव के माध्यम से 3.64 किलोग्राम वजन के स्वस्थ शिशु को जन्म दिया।अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में सुरक्षित प्रसव संपन्न हुआ। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं अस्पताल की ओर से बताया गया कि सफल प्रसव में डॉ. लीलावती एवं डॉ. प्रियंका की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों चिकित्सकों की निगरानी में मां और नवजात को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई गई अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि मरीजों की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाता है परिजनों ने सफल प्रसव पर चिकित्सकों एवं अस्पताल कर्मियों के प्रति आभार जताया।

● केंद्र सरकार ने की घोषणा

## मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार सीआईएल में बेचेगी अपनी 2 प्रतिशत हिस्सेदारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को (26 मई, 2026) कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) में 2 फीसदी तक हिस्सेदारी बेचने की घोषणा की। इस बारे में सचिव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट किया। इसकी बिक्री ' ऑफर फॉर सेल ' (ओएफएस) के जरिये होगी। सरकार ने हिस्सेदारी बिक्री की घोषणा ऐसे समय की है जब मिडिल ईस्ट संकट ने चुनौतियां बढ़ा रखी हैं।

सचिव के 'एक्स' पर किए गए पोस्ट के अनुसार, सरकार ने सीआईएल में 'ऑफर फॉर सेल' की घोषणा की है। इसमें इसकी इक्विटी का 1 प्रतिशत का बेस ऑफर और ओवरसब्सक्रिप्शन होने पर 1 प्रतिशत का अतिरिक्त 'ग्रीन शू ऑप्शन' शामिल है। फ्लोर प्राइस 412 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। 26 मई को कोल इंडिया के शेयर की कीमत 455.90 रुपये पर बंद हुई। फ्लोर प्राइस मौजूदा बाजार दर से 10 फीसदी कम दर पर तय किया गया है।

### इस दिन खुलेगा ओएफएस

सचिव के अनुसार मई को नॉन-रिटेल निवेशकों के लिए और 29 मई को रिटेल निवेशकों के लिए खुलेगा। पोस्ट में कहा गया है, 'मजबूत ऑपरेशनल और फाइनेंशियल परफॉर्मेंस, लगातार रिटर्न और आकर्षक डिविडेंड के साथ सीआईएल लंबे समय के निवेश का एक शानदार मौका देना जारी रखे हुए है।'

### सीआईएल ने दी यह जानकारी

एक एक्सचेंज फाइलिंग में सीआईएल ने बताया कि कोयला मंत्रालय ने 6.16 करोड़ इक्विटी शेयर बेचने का प्रस्ताव दिया है। यह कोल इंडिया की कुल पेड-अप इक्विटी कैपिटल का 1 प्रतिशत है। इसे बेस ऑफर साइज के रूप में रखा गया है। फाइलिंग में बताया गया है कि ओवरसब्सक्रिप्शन होने पर सरकार के पास अतिरिक्त 6.16 करोड़ शेयर बेचने का विकल्प भी सुरक्षित है। इससे कुल संभावित ऑफर साइज बढ़कर 12.32 करोड़ शेयर या 2 प्रतिशत इक्विटी हो जाएगा। इसके अलावा, कंपनी के योग्य कर्मचारियों को ओएफएस गाइडलाइंस में दी गई शर्तों और नियमों के अनुसार, सक्षम अधिकारी की मंजूरी के अधीन कंपनी के 25,000 तक इक्विटी शेयर ऑफर किए जा सकते हैं।

# भारत ने रद्द किया सोयामील एक्सपोर्ट कॉन्ट्रैक्ट

## 2021 के बाद पहली बार हुआ ऐसा, बदला कारोबार का रुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय व्यापारियों ने 2021 के बाद पहली बार 25,000 टन सोयामील एक्सपोर्ट के सौदे रद्द कर दिए हैं। इसके बजाय अफ्रीकी देशों से 80,000 टन आयात के सौदे किए हैं। घरेलू कीमतों में भारी उछाल के कारण व्यापार का रुख बदल गया है। व्यापारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सोयामील पशुओं के चारे में इस्तेमाल होता है। यह तब बनता है जब सोयाबीन से तेल निकाल लिया जाता है। इस बचे हुए ठोस हिस्से को 'खली' कहा जाता है। यह दुनिया भर में प्रोटीन का सबसे सबसे महत्वपूर्ण स्रोत माना जाता है।

**इन सप्लायर्स को होगा फायदा:** इन सौदों के रद्द होने से उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका के सोयामील सप्लायर्स को एशियाई खरीदारों को अपनी सप्लाई बढ़ाने में मदद मिलने की संभावना है। ये पारंपरिक रूप से भारत से ही खरीदारी करते हैं। भारत की ओर से सोयाबीन की खरीदारी से अफ्रीकी निर्यातकों को भी यह तिलहन ग्लोबल बेंचमार्क कीमतों से काफी अधिक प्रीमियम पर बेचने का मौका मिल रहा है।

**इसलिए बढ़ी सोयामील की कॉस्ट:** दो डीलरों ने बताया कि घरेलू सोयाबीन की कीमतों में अचानक आए उछाल ने सोयामील की लागत बढ़ा दी है। इससे व्यापारियों के लिए अपने निर्यात के वादे पूरे करना मुश्किल हो गया है। ये दोनों डीलर ग्लोबल ट्रेड



हाउसेज के साथ काम करते हैं। उन्होंने अपना नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर बात की। सूत्रों में से एक ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया, 'विक्रेताओं के लिए 200 डॉलर प्रति टन की बढ़ोतरी को खुद वहन करना संभव नहीं था। लिहाजा, उन्होंने खरीदारों के साथ आपसी सहमति से मई और जून की शिपमेंट के सौदे रद्द कर दिए।' ये सौदे रद्द होना (या 'वॉशआउट') सोयामील के व्यापार में एक दुर्लभ घटना है। कारण है कि इसमें कीमतों में इतना भारी उतार-चढ़ाव आमतौर पर देखने को नहीं मिलता। इन सौदों को रद्द करने पर कोई जुर्माना भी नहीं लगा। सोयाबीन के उत्पादन में गिरावट के कारण सप्लाई में आई कमी के चलते स्थानीय सोयामील की कीमतें एक महीने में 41 प्रतिशत बढ़कर 66,000 रुपये प्रति टन तक पहुंच गईं, जो पिछले चार सालों में इनका सबसे ऊंचा स्तर है। सूत्रों ने बताया कि कीमतों में इस उछाल के कारण जून में लोड होने वाली सोयामील की शिपमेंट के लिए भारत के एक्सपोर्ट ऑफर्स बढ़कर लगभग 695 डॉलर प्रति टन (फ्री ऑन बोर्ड आधार पर) हो गए हैं, जो एक महीने पहले लगभग 475 डॉलर थे।

कृषि उत्पादों के निर्यातक 'सूरज इम्पेक्स' के संस्थापक विनोद जैन ने बताया कि कीमतों के बहुत अधिक होने के कारण भारत को सोयामील के नए निर्यात ऑर्डर नहीं मिल रहे हैं। इसके चलते व्यापारियों ने अफ्रीकी देशों से आयात बढ़ा दिया है। भारत केवल 'नॉन-जेनेटिकली-मॉडिफाइड' सोयाबीन के आयात की अनुमति देता है।

### यह बोली जा रही है कीमत

महाराष्ट्र ऑयल एक्सट्रैक्शंस के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस महीने ट्रेडर्स ने जून और जुलाई में भारत को शिपमेंट के लिए अफ्रीकी सोयाबीन 700 डॉलर से 760 डॉलर प्रति टन की कीमत पर (कॉस्ट, इंश्योरेंस और फ्रेट के आधार पर) खरीदा है। सोयामील बनाने और उसका एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी है। एक सूत्र ने बताया कि ट्रेडर्स ने इस महीने कम से कम 80,000 टन सोयाबीन खरीदा है। खरीदारी अभी भी जारी है क्योंकि स्थानीय सोयाबीन की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। महाराष्ट्र के लातूर में स्थित सोयाबीन प्रोसेसर अशोक भुताडा ने कहा कि सितंबर और अक्टूबर में नई फसल आने तक सोयाबीन की सप्लाई कम रहने की उम्मीद है। इसकी वजह से ट्रेडर्स अफ्रीकी देशों से सोयाबीन इंपोर्ट कर रहे हैं।

# एफडी पर मिलेगा ज्यादा ब्याज, बैंकों की बढ़ गई है मुश्किल!

## बैंक ऑफ इंडिया तुरंत अपनी पॉलिसी रेट्स न बढ़ाए, लेकिन उनमें उछाल आएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंकों को पैसा जुटाने के लिए अब पहले से ज्यादा खर्च करना पड़ रहा या उससे ज्यादा के बड़े डिपॉजिट पर ऊंची दरें ऑफर करनी पड़ रही हैं।



है। ऐसे में उम्मीद है कि जल्द ही आपकी पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। दरअसल, सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट की दरें अप्रैल के मुकाबले मई में 0.60 प्रतिशत से 0.70 प्रतिशत (60 से 70 बेसिस पॉइंट्स) तक बढ़ गई हैं। मई में एक साल वाले सीडी रेट्स 7.70 प्रतिशत पर पहुंच गए हैं, जबकि अप्रैल के आखिर में ये करीब 7 प्रतिशत थे। मार्केट में कैश (लिक्विडिटी) की कमी और पैसों की मांग बढ़ने की वजह से बैंकों को 500 करोड़ रुपये

डिपॉजिट की लागत बढ़ने का असर आम लोगों के डिपॉजिट रेट्स पर पड़ेगा। भले ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया तुरंत अपनी पॉलिसी रेट्स न बढ़ाए, लेकिन उनमें उछाल आएगा। हालांकि, डिपॉजिट रेट्स में कितनी बढ़ोतरी होगी, यह काफी हद तक आरबीआई के आने वाले फैसलों पर निर्भर करेगा। जना स्मॉल फाइनैंस बैंक के ट्रेजरी हेड गोपाल त्रिपाठी ने श्रञ्ज को बताया कि सीडी रेट्स का बढ़ना साफ दिखाता है कि बैंकों के लिए पैसा जुटाना महंगा हो रहा है।

### क्या कह रहे जानकार

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के डायरेक्टर सौम्यजीत नियोगी का कहना है कि सिस्टम में कैश की उपलब्धता मार्च में कुल डिपॉजिट की करीब 2.5 प्रतिशत थी। यह अब घटकर 0.5 प्रतिशत रह गई है। आने वाले समय में जब बैंक को सरकारी पैकेज के तहत बड़े पैमाने पर लोन बाटेंगे, तो कैश की किल्लत और बढ़ेगी। ऐसे में डिपॉजिट रेट्स का बढ़ना तय है। पब्लिक सेक्टर बैंक के एक अधिकारी ने चिंता जताते हुए बताया कि म्यूचुअल फंड से सीडी में आने वाला पैसा भी कम हो गया है, जिससे स्थिति और कठिन हो गई है।

**कैश की कमी:** त्रिपाठी ने बताया कि एक साल के सरकारी ट्रेजरी बिल (सरकार के कर्ज लेने का पैमाना माना जाता है) और एक साल के सीडी रेट के बीच अब 2 प्रतिशत (200 बेसिस पॉइंट्स) का अंतर आ गया है। आम तौर पर यह अंतर 1.30 प्रतिशत से 1.40 प्रतिशत के आसपास रहता है। यह अंतर बैंकिंग सिस्टम में कैश की कमी की ओर इशारा करता है। बैंकों को पैसा जुटाने के लिए अब पहले से ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है उम्मीद है कि जल्द ही एफडी पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी हो सकती है

## भारतीयों की थाली में चावल-रोटी की भरमार, दाल-सब्जी हुईं गायब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीयों की थाली में आज भी अनाज (गेहूं और चावल) का बोलबाला है, जबकि शरीर के लिए जरूरी दालों, सब्जियों, फल, दूध और मछली को नजरअंदाज किया जा रहा है। एक सरकारी स्टडी में यह चौंकाने वाली बात सामने आई है। इस स्टडी में भारतीय परिवारों के खाने-पीने के तौर-तरीकों की तुलना इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा तय किए गए पोषण के नियमों से की गई है। एक व्यक्ति को महीने में 7.5 किलो अनाज खाना चाहिए। गांवों की बात करें तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा, त्रिपुरा और मणिपुर (11.2 किलो) में सबसे ज्यादा अनाज खाया जाता है। इसके बाद बिहार (11.1 किलो), राजस्थान (10.5 किलो) और छत्तीसगढ़ (10.3 किलो) का नंबर आता है। वहीं शहरों में त्रिपुरा (11.2 किलो) सबसे आगे है। इसके बाद मणिपुर (11.1 किलो), बिहार (10.5 किलो), अरुणाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ (10.4 किलो) का स्थान है। आमतौर पर देखा गया है कि जैसे-जैसे लोगों की कमाई बढ़ती है, वे अनाज कम खाते हैं और प्रोटीन व फैट वाली चीजें ज्यादा लेने लगते हैं। सांख्यिकी मंत्रालय की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अब रेस्तरां में खाना और पैकेट बंद फूड खाना लोगों के लाइफस्टाइल का हिस्सा बन गया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस आदत की वजह से देश में गैर-संक्रामक बीमारियां तेजी से बढ़ेंगी।



## विवादों के बीच चर्चा में आई टाटा की बैठक, समूह की घाटे वाली कंपनियों पर मंथन




**नईदिल्ली, एजेंसी।** तमाम विवादों के बीच टाटा संस निदेशक मंडल की बैठक संपन्न हो गई है। दिन भर चली बैठक में टाटा डिजिटल समेत नई इकाइयों के प्रमुखों ने निदेशक मंडल (बोर्ड) को कामकाज के बारे में पूरी जानकारी दी। एयर इंडिया, टाटा डिजिटल और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ ने छह सदस्यीय बोर्ड के सामने अपनी प्रस्तुतियां दीं। ये कारोबार भविष्य के नजरिये से समूह के कुछ सबसे महत्वाकांक्षी निवेश हैं, लेकिन ये सभी घाटे से जूझ रहे हैं। बैठक में टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा भी मौजूद थे। नोएल कथित तौर पर समूह के कुछ व्यवसायों में हो रहे नुकसान पर चिंता जता चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में टाटा समूह के गैर-सूचीबद्ध कारोबारों को 10,905 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। इस घाटे के बढ़कर 29,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। ताजा बैठक में क्या निर्णय हुआ है इसके बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी है। 12 जून को बैठक सूत्रों के अनुसार, टाटा संस बोर्ड की अगली बैठक 12 जून को होने की संभावना है ।माना जा रहा है कि चंद्रशेखरन और टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने समूह की कंपनियों के प्रदर्शन से संबंधित इसी मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सप्ताहांत में मुलाकात की थी।

# मारुति सुजुकी में वर्क फ्रॉम होम लागू

### पीएम मोदी की अपील का असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने वर्क फ्रॉम होम को लागू कर दिया है। सप्ताह के दूसरे दिन यानी मंगलवार को कहा कि कंपनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मितव्ययिता की अपील और पश्चिम एशिया में युद्ध के प्रभाव को कम करने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कई कदम उठाए हैं, जिनमें संभव होने पर 'वर्क फ्रॉम होम' लागू करना और विदेशी यात्राओं पर रोक शामिल है। कंपनी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि वह प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील और पश्चिम एशिया युद्ध के संभावित प्रभाव को कम करने के आह्वान को अत्यधिक महत्व देती है। मारुति सुजुकी ने कहा कि यह सभी प्रक्रियाओं की समीक्षा करने और उन्हें अधिक कुशल बनाने का उपयुक्त समय है, ताकि राष्ट्रीय उद्देश्यों के साथ-साथ कारोबार के स्वास्थ्य को भी बेहतर किया जा सके। कंपनी के अनुसार, प्रबंधन ने कर्मचारियों को कई उपायों को संस्थागत रूप देने का संदेश दिया



है। इसके तहत जहां संभव हो वहां पर 'वर्क फ्रॉम होम' लागू किया जा रहा है, ताकि आवागमन से जुड़े ईंधन की खपत कम की जा सके। कंपनी ने कहा कि यह कदम उसकी मौजूदा रिमोट वर्किंग नीति के अनुरूप है। इसके अलावा, विदेश यात्राओं को केवल बेहद जरूरी व्यावसायिक जरूरतों तक सीमित करने के निर्देश दिए गए हैं। कंपनी ने कर्मचारियों को बैठकों के लिए वर्चुअल माध्यम को प्राथमिकता देने और घरेलू यात्राओं को भी न्यूनतम रखने को कहा है। मारुति सुजुकी ने कर्मचारियों को भी कार पूलिंग और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग जैसे उपाय अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। साथ ही, कार्यालय और घर दोनों जगह ऊर्जा संरक्षण पर जोर देते हुए एयर कंडीशनर, पंखे और रोशनी के बचत के हिसाब से इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। कंपनी ने कहा कि इन सभी उपायों की जानकारी आंतरिक कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों तक व्यापक रूप से पहुंचाई जा रही है।

**हरियाणा में मैन्युफैक्चरिंग लैब:** इस बीच, मारुति सुजुकी ने सरकार के कौशल विकास मिशन के तहत हरियाणा के रोहतक में अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग लैब स्थापित की है। कंपनी ने बयान में कहा कि रोहतक स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) हसनगढ़ में स्थापित इस मैन्युफैक्चरिंग लैब में पहले वर्ष में लगभग 200 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस लैब में छात्रों को वाहन असेंबली, वेल्डिंग और रंगाई जैसे कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा- इस लैब में आधुनिक मशीनों और कार्यस्थल जैसे वातावरण का उपयोग किया जाएगा। कौशल विकास मिशन के अनुरूप यह पहल छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार होने और बदलते वाहन परिवेश के लिए प्रतिभा को निखारती है। मारुति सुजुकी देशभर में 31 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सहयोग दे रही है और अब तक 18 ऐसी लैब स्थापित कर चुकी है।

## एक जून से इंडिगो एयर इंडिया लेगा बड़ा फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए आने वाले कुछ महीने थोड़े मुश्किल भरे हो सकते हैं। देश की दो सबसे बड़ी एयरलाइंस एयर इंडिया और इंडिगो ने घरेलू उड़ानों में कटौती करने का फैसला लिया है। 1 जून 2026 से अगले 90 दिनों तक दोनों कंपनियां कई घरेलू रूट्स पर उड़ानों की संख्या कम करेंगी। इसकी सबसे बड़ी वजह एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी विमान ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी और गर्मी की छुट्टियों के बाद यात्रियों की मांग में कमी बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार एयर इंडिया अपनी घरेलू उड़ानों में करीब 15 प्रतिशत तक कटौती कर सकती है।

● फिर किया कुछ ऐसा कि स्टोरी चेंज, अब छप्परफाड़ कमाई

# नौकरी छोड़कर गांव लौटे तो लोगों ने दिए ताने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र में महाबलेश्वर के पास अवकली गांव के रहने वाले राज वाडकर ने मिसाल कायम की है। मुंबई में अपनी अच्छी-भली कॉरपोरेट फाइनेंस की नौकरी छोड़कर वह वापस गांव लौट आए। उन्होंने अपने परिवार की ब्रिटिश काल से चली आ रही 100 साल पुरानी स्ट्रॉबेरी फार्मिंग की विरासत को संभाला। जब वह लौटे तो लोगों ने 'लो आ गए' कहकर ताने भी सुनाए। लेकिन, उन्होंने इन बातों को अनसुना कर अपने काम पर फोकस किया। आधुनिक तकनीक, सोशल मीडिया मार्केटिंग और टूरिस्टों के लिए अनूठे अनुभवों को जोड़कर उन्होंने आज अपने 'फेमस स्ट्रॉबेरी फार्म' को बेहद मुनाफे वाले और आत्मनिर्भर बिजनेस मॉडल में तब्दील कर दिया है। आइए, यहां राज वाडकर की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

महाबलेश्वर क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी की शुरुआत औपनिवेशिक काल में हुई थी। ब्रिटिश अधिकारियों ने अपने बंगलों के बाहर निजी इस्तेमाल के लिए इसे शुरू कराया था। बाद में इसे स्थानीय किसानों ने बड़े पैमाने पर अपनाया। राज वाडकर के दादाजी ने 1930 के दशक में इस व्यावसायिक खेती की शुरुआत की थी। इससे बाद में उनके पिता विष्णु नारायण वाडकर ने आगे बढ़ाया।



हालांकि, उस दौर में सालाना कमाई महज 15,000 से 25,000 रुपये के बीच थी। राज ने साल 2018 में बीकॉम पूरा करने के बाद मुंबई में एक रिकवरी एजेंट के रूप में फाइनेंस सेक्टर में कदम रखा। लेकिन, साल 2024 तक आते-आते शहर की तनावभरी लाइफस्टाइल और आबोहवा रास न आने के कारण उन्होंने नौकरी छोड़ दी। फिर अपनी पारिवारिक कृषि विरासत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए गांव वापस लौट आए। स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए 15 डिग्री से 25 डिग्री सेल्सयिस का स्थिर और ठंडा तापमान जरूरी होता है। राज के 2.5 एकड़ के फार्म में हर साल एक बेहद सटीक साइकिल फॉलो किया जाता है। इसकी शुरुआत जून में इटली या कैलिफोर्निया से आयातित लगभग 1,500 से 2,000 मदर प्लांट्स को खरीदने से होती है।महाबलेश्वर की भारी बारिश से बचाने के लिए इन्हें पहले पास के शहर की नर्सरी में क्लोनिंग के जरिए 1 से 1.5 लाख पौधों में तैयार किया जाता है। सितंबर-अक्टूबर में मुख्य खेत में करीब 25,000 पौधे रोपे जाते हैं। अपने पूर्वजों के उलट राज ड्रिप इरिगेशन और मल्चिंग पेपर जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हैं ताकि फल मिट्टी और पानी के सीधे संपर्क में आकर सड़े नहीं। लगभग 60 दिनों के बाद दिसंबर के मध्य से अप्रैल तक फल आने शुरू हो जाते हैं। इससे सालाना लगभग 20 से 25 टन का उत्पादन मिलता है। राज ने अपने बिजनेस मॉडल से बिचौलियों को पूरी तरह हटा दिया है। सीजन की शुरुआत में स्ट्रॉबेरी की कीमतें 500-600 रुपये प्रति किलो तक होती हैं, जो अंत तक 300 रुपये प्रति किलो पर आ जाती हैं। राज ने अपनी बिक्री को तीन हिस्सों में बांटा है।

# एचडीएफसी बैंक में 45 करोड़ की गड़बड़ी

## 2 प्रतिशत लुढ़का देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में तेजी के बीच आज देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक का शेयर करीब 2 फीसदी गिर गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बैंक की इंटरनल जांच में 45 करोड़ रुपये की गड़बड़ी सामने आई है। बैंक ने एमडी रंगनाथ की अगुवाई वाले ऑडिट कमेटी ऑफ द बोर्ड से महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन को किए गए ब्याज भुगतान की जांच कराई। यह भुगतान बैंक के पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के 18 मार्च को रिजाइन से कुछ दिन पहले किया गया था। ऑडिट कमेटी ने इस मामले की जांच के लिए इंटरनल विजिलेंस इनवेस्टिगेशन का ऑर्डर दिया था। बैंक के मार्केटिंग डिपार्टमेंट की एक इंटरनल ऑडिट कमेटी ने इस पेमेंट पर सवाल उठाया था और डिपार्टमेंट की परफॉरमेंस को संतोषजनक नहीं बताया था। उसके बाद ही ऑडिट कमेटी ने 12 मार्च को जांच के आदेश दिए थे। विजिलेंस रिपोर्ट 10 अप्रैल को बोर्ड की ऑडिट कमेटी को सौंपी गई। डेवलपमेंट कॉरपोरेशन को किया गया पेमेंट डिफरेंशियल इंटरेस्ट के रूप में दिखाया गया था। लेकिन इसे सीधे कॉरपोरेशन के खाते में डालने के बजाय मार्केटिंग डिपार्टमेंट के जरिए डाला गया था। यह पेमेंट चार लोकल वेंडरों के जरिए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में योगदान के तौर पर दिखाया गया। यानी इसे मार्केटिंग खर्च के रूप में दिखाया गया था। एचडीएफसी बैंक के पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने 18 मार्च को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अपने इस्तीफे में उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में बैंक में जो कुछ हुआ, वह उनके व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता से मेल नहीं खाता है। अतनु के इस्तीफे के बाद एचडीएफसी ने आरबीआई की मंजूरी के बाद पूर्व सीईओ केकी मिस्त्री को अंतरिम पार्ट-टाइम चेयरमैन बनाया था। एचडीएफसी बैंक का शेयर पिछले सत्र में बीएसई पर 779 रुपये पर बंद हुआ था और आज यह 772.10 रुपये पर खुला। कारोबार के दौरान यह 761.25 रुपये तक गिरा। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 1,020.35 रुपये और न्यूनतम स्तर 726.75 रुपये है।





# कंगना की 'भारत भाग्य विधाता' संग क्लैश पर इम्तियाज अली ने तोड़ी चुप्पी

दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, शरवरी और वेदांग रैना अभिनीत फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' की रिलीज को कुछ दिन बाकी हैं। यह फिल्म 12 जून को दस्तक देगी। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी यह एक लव स्टोरी फिल्म है। दूसरी तरफ कंगना रनौत की फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' भी 12 जून को रिलीज होने वाली है। साथ ही दो अन्य फिल्में भी रिलीज होंगी। फिल्मों के बॉक्स ऑफिस क्लैश पर हाल ही में इम्तियाज अली ने रिएक्शन दिया है।

### हमने पहले एलान किया था

निर्देशक इम्तियाज अली ने 12 जून को होने वाले फिल्मों के क्लैश को लेकर हाल ही में 'द फ्री प्रेस जर्नल' से बात करते हुए जवाब दिया। उन्होंने माना कि ऐसी चीजें हमेशा किसी के कंट्रोल में नहीं होतीं। इम्तियाज ने आगे बताया कि उन्हें दूसरी रिलीज के बारे में पहली बार पता चला है। उन्होंने कहा, 'ये चीजें कंट्रोल में नहीं होतीं। हमने सबसे पहले घोषणा की थी'।
निर्देशक बोले- 'ऐसा होना तय है'
इम्तियाज अली ने आगे कहा, 'आमतौर पर, फिल्म इंडस्ट्री में एक तरह का भाईचारा होता है, जैसे कि 'अगर मेरी फिल्म आ रही है तो तुम मत आओ, अगली बार आ जाना' और इस तरह की बातें। यह आमतौर पर काम भी करता है। यह पहली बार है जब मुझे पता चल रहा है कि उस दिन दूसरी फिल्में भी रिलीज हो रही हैं'। निर्देशक ने कहा, अगर ऐसा ही होने वाला है, तो ठीक है। साल में सिर्फ 52 हफ्ते होते हैं और हर साल 52 से ज्यादा फिल्में रिलीज होती हैं। इसलिए, ऐसा होना तो तय है।

### इन फिल्मों के बीच होगा मुकाबला

बता दें कि बीते हफ्ते इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया था। इसे दर्शकों का अच्छा रिएक्शन मिला है। 12 जून को 'मैं वापस आऊंगा' और 'भारत भाग्य विधाता' के अलावा मनोज बाजपेयी की 'गवर्नर- द साइलेंट सेवियर' और मिमोह चक्रवर्ती की 'हॉन्टेड 3डी- इकोस ऑफ द पास्ट' भी रिलीज होंगी।






# महिला निर्देशक के साथ काम करने में खुद को ज्यादा सहज महसूस किया

अभिनेत्री ज्योतिका इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'सिस्टम' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है और इसी वजह से पूरी टीम इसके प्रमोशन में बिजी है। मुंबई में हुए प्रमोशनल इवेंट के दौरान ज्योतिका ने आईएएनएस से फिल्म, अपने किरदार और निर्देशक के साथ काम करने के अनुभव को लेकर बात की। इस दौरान उनके साथ अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा भी मौजूद थीं। आईएएनएस से बातचीत के दौरान ज्योतिका ने फिल्म की निर्देशक अश्विनी अय्यर तिवारी की तारीफ की और बताया कि महिला निर्देशक के साथ काम करने का अनुभव उनके लिए काफी अलग और बेहद आरामदायक रहा। ज्योतिका ने कहा, ''सेट पर मुझे एक अलग तरह की सहजता महसूस हुई। मैं यह बात बहुत गर्व के साथ कह सकती हूं कि महिला निर्देशक के साथ काम करना ज्यादा कंफर्टेबल लगा। कई बार कलाकारों के मन में कुछ विचार होते हैं, जिन्हें वे चाहते हैं कि स्क्रीन पर सही तरीके से दिखाया जाए। अश्विनी अय्यर तिवारी ने हमें उसी नजरिए से समझा और स्क्रीन पर पेश किया।'' अभिनेत्री ने आगे कहा, ''फिल्म में कुछ ऐसे सीन्स भी थे, जिन्हें चाहें तो ज्यादा ग्लैमरस बनाया जा सकता था ताकि दर्शकों का ध्यान जल्दी खींचा जा सके। लेकिन, निर्देशक ने ऐसा करने के बजाय किरदारों की गरिमा को प्राथमिकता दी। मुझे सबसे ज्यादा यही बात पसंद आई कि फिल्म में मुझे और सोनाक्षी सिन्हा को बहुत सम्मानजनक तरीके से दिखाया गया।'' ज्योतिका ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, 'मैं फिल्म में एक स्टेनोग्राफर की भूमिका निभा रही हूं। इस किरदार के लिए मुझे टाइपिंग और स्क्रीन के सामने लगातार काम करते हुए दिखना था। कई बार कैमरे में लैपटॉप का कीबोर्ड ही नजर नहीं आता था, इसलिए मेरा पूरा ध्यान टाइपिंग से ज्यादा अभिनय और भावनाओं को सही तरीके से दिखाने पर होता था।'' उन्होंने कहा, ''आज के समय में लगभग हर व्यक्ति मोबाइल, लैपटॉप और दूसरे गैजेट्स का इस्तेमाल करता है, इसलिए कंप्यूटर पर काम करना मेरे लिए नया अनुभव नहीं था। किरदार को वास्तविक दिखाने के लिए मुझे टाइपिंग स्पीड पर थोड़ा ध्यान देना पड़ा और उसी दौरान चेहरे के एक्सप्रेशन भी बनाए रखने होते थे।'' अभिनेत्री ने कहा, ''इस रोल के लिए मुझे ज्यादा तैयारी की जरूरत नहीं पड़ी, लेकिन कुछ छोटी-छोटी चीजों पर मेहनत करनी पड़ी। इस किरदार में सबसे अहम चीज भावनाओं को सही तरीके से दिखाना था।''



# ऐश्वर्या राय के समर्थन में उतरीं कंगना रनौत

एक्ट्रेस कंगना रनौत ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में ऐश्वर्या राय बच्चन के लुक को लेकर सोशल मीडिया पर हो रही चर्चाओं के बीच उनका खुलकर समर्थन किया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऐश्वर्या की ब्लू कलर के गाउन वाली एक फोटो पोस्ट की और उन लोगों को जवाब दिया, जो ऐश्वर्या के लुक और उम्र को लेकर टिप्पणी कर रहे थे। दरअसल, कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, ''फैशन और स्टाइल किसी भी इंसान की अपनी अभिव्यक्ति होती है। हर व्यक्ति अपने तरीके से जिंदगी को देखता और समझता है। कोई भी महिला किसी को खुश करने के लिए नहीं जीती।'' कंगना ने ऐश्वर्या की तारीफ करते हुए लिखा, ऐश बेहद खूबसूरत लग रही हैं और अगर कुछ लोग उन्हें किसी दूसरे रूप में देखना चाहते हैं, तो पहले खुद को भी देखना चाहिए। ऐश्वर्या किसी को खुश करने के लिए रेड कार्पेट पर नहीं आतीं, बल्कि वह अपनी अलग चमक और आत्मविश्वास के साथ वहां मौजूद रहती हैं। अपने पोस्ट में कंगना ने उम्र को लेकर होने वाली टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, अगर लोग रेड कार्पेट पर बड़ी उम्र की महिलाओं को देखने के आदी नहीं हैं, तो अब उन्हें इसकी आदत डाल लेनी चाहिए।



# लगातार सीखना और जमीन से जुड़े रहना ही असली विकास

अभिनेत्री सई मांजरेकर फिल्ममेकर महेश मांजरेकर की बेटी हैं और धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपना नाम बना रही हैं। सई का मानना है कि भले ही उनके पिता इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं, लेकिन आने वाले समय में केवल अनुशासन, काम के प्रति लगन और कड़ी मेहनत ही उनकी सफलता की पूंजी होगी। अपनी यात्रा को लेकर अभिनेत्री ने कहा, 'मैं हमेशा से अपने फिल्मी बैकग्राउंड के आराम से बाहर निकलकर अपनी खुद की पहचान बनाना चाहती थी। मेरे लिए, विकास लगातार सीखने, अपने काम के जरिए खुद को साबित करने और इन सबके बीच जमीन से जुड़े रहने से आता है।' अभिनेत्री ने आगे बताया कि हर किसी की यात्रा चुनौतियों के साथ आती है और उसकी तुलना करने के बजाय हमें अपने विकास पर ध्यान देना चाहिए।
अभिनेत्री सई मांजरेकर बचपन से ही डांस के प्रति गहरी रुचि रखती थीं और अभिनय की दुनिया में आने से पहले उन्होंने अपने पिता की फिल्म 'अस्तित्व' (2018) में एक सहायक निर्देशक के रूप में भी काम किया था। इसके बाद साल 2019 में दबंग-3 में 'खुशी चौटाला' की भूमिका से बॉलीवुड में डेब्यू किया और अपनी पहली ही फिल्म से दर्शकों का ध्यान खींचा। अभिनेत्री जल्द ही पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा फिल्म 'इंडिया हाउस' में नजर आएंगी। यह फिल्म 1905 के लंदन में स्वतंत्रता-पूर्व काल की वास्तविक घटनाओं पर आधारित एक पीरियड ड्रामा है, जो प्रेम और क्रांति की भावना को दर्शाती है, जिसकी शूटिंग हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में हुई है। सई मांजरेकर इसमें 'सती' नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं। उनका लुक काफी पारंपरिक है।





# 'शक्तिमान' पर आधारित होगी अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म?

90 और 2000 के दशक में बच्चों के लोकप्रिय शो 'शक्तिमान' की आज भी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। यही कारण है कि काफी वक्त से शक्तिमान पर फिल्म बनाने की चर्चाएं भी चल रही हैं। रणवीर सिंह का नाम भी इसके लिए आगे आता रहा है, लेकिन मुकेश खन्ना रणवीर के नाम पर सहमत नहीं हुए। इस बीच ऐसी भी चर्चाएं सामने आईं कि अल्लू अर्जुन की बेसिल जोसेफ के साथ मच अवेटेड आगामी फिल्म 'शक्तिमान' पर ही आधारित है। बेसिल इससे पहले 2021 में आई टोविनो थॉमस की सुपरहीरो फिल्म 'मिन्नल मुरली' बना चुके हैं। यह फिल्म काफी सफल रही थी। हालांकि, खबरों के वायरल होने के बाद अब मेकर्स ने अल्लू अर्जुन की इस मच अवेटेड फिल्म को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया है।

### शक्तिमान पर आधारित नहीं है फिल्म

निर्देशक अरुण अनिरुधन, जिन्होंने टोविनो और बेसिल की हालिया फिल्म 'अथिराडी' का निर्देशन किया है, ने फिल्म निर्माता-अभिनेता के साथ शक्तिमान पर काम करने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'पॉलसन (स्कारिया) और मैं बेसिल की अगली फिल्म की पटकथा लिख रहे थे। दुर्भाग्य से इसकी शूटिंग शुरू नहीं हो पाई। शक्तिमान एक बहुत बड़ी फिल्म बनने वाली थी। मुझे नहीं पता कि यह बनेगी या नहीं, मामला काफी पेचीदा है।' जब उनसे पूछा गया कि क्या वे जिस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जिसकी अभी घोषणा नहीं हुई है वह शक्तिमान है? इस पर निर्देशक ने जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि नहीं, इसका शक्तिमान से कोई संबंध नहीं है। यह कुछ अलग है। फिल्म से जुड़े सभी अपडेट जल्द ही साझा किए जाएंगे।

हाल ही में जब सिनेउलगाम से बातचीत के दौरान बेसिल जोसेफ से अर्जुन के साथ उनकी और अल्लू अर्जुन की आगामी फिल्म के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने टालमटोल भरा जवाब दिया था। उन्होंने कहा था, 'जो होगा देखा जाएगा।' जब उनसे पूछा गया कि क्या यह शक्तिमान है, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा नहीं कहा।

### मुकेश खन्ना ने अल्लू अर्जुन को बताया शक्तिमान के लिए परफेक्ट



अल्लू अर्जुन के शक्तिमान का रोल करने की चर्चाएं इसलिए भी उठती रहती हैं, क्योंकि मुकेश खन्ना ने अल्लू अर्जुन को इसके लिए सबसे उपयुक्त बताया था। जबकि मुकेश खन्ना ने रणवीर सिंह का शक्तिमान के तौर पर खुला विरोध किया था। साल 2024 में मुकेश खन्ना ने कहा था, 'मैं अभी कुछ भी पक्का नहीं कह रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अल्लू अर्जुन शक्तिमान बन सकते हैं। उनके पास अच्छी शक्ल और कद-काठी है।'



# बेटे, पति और पिता की जिम्मेदारियों पर बोले सैफ अली खान

**सैफ अली खान से पूछा गया कि क्या एक बेटे, पति, पिता, ऐक्टर जैसी विविध भूमिकाएं निभाते हुए क्या उन्हें लगता है कि कोई कर्तव्य वे ठीक से नहीं निभा पाए? इस सवाल पर उन्होंने कहा, 'हमेशा ही। कहीं न कहीं कमी तो होती रहती है और बुरा भी लगता है।**

### सैफ अली खान कर्तव्य को लेकर बोले

'हम तुम' और 'दिल चाहता है' के शहरी और दिलफेंक आशिक से लेकर 'ओंकारा' के कुटिल लंगड़ा त्यागी और 'ताना जी' के क्रूर विलन तक। 'कल हो न हो' के चार्मिंग रोहित से लेकर 'सेक्रेड गेम्स' के गंभीर सरताज सिंह तक, सैफ अली खान ने अपने 33 साल लंबे करियर में खुद को वर्सेटाइल ऐक्टर साबित किया है। इन दिनों वह नेटफ्लिक्स पर आई अपनी नई फिल्म 'कर्तव्य' में एक समर्पित ठेठ हरियाणवी पुलिसवाले के किरदार को लेकर चर्चा में हैं। लेकिन मजे की बात यह है कि एक समय था जब एक डायरेक्टर ने सैफ को पुलिसवाले का गंभीर किरदार कभी न करने की हिदायत दी थी। यह खुलासा खुद सैफ ने हमसे खास बातचीत के दौरान किया।

### गलती से भी कॉप जैसा रोल ना करना

वाकया सैफ की शुरुआती दौर की हिट फिल्म 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' (1994) का है, जिसमें वह अक्षय के किरदार से पुलिसवाले के रोल के लिए ट्रेनिंग लेते हैं। बकौल सैफ, 'जब मैंने मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी की थी तो मेरे डायरेक्टर, जो मेरे दोस्त भी हैं, उन्होंने कहा था कि गलती से भी कभी एक कॉप का रोल न करना। यह कॉमिडी फिल्म है तो निकल जाएगी लेकिन एक सीरियस कॉप का रोल अभी तुम नहीं कर पाओगे तो ये बड़ी अच्छी बात है और मुझे खुद पर गर्व है कि 20 या 25 साल के बाद मैं एक पुलिसवाले का रोल कर पाया (हंसते हैं)। इस फिल्म में पवन जिस तरह के दबाव में अपनी ड्यूटी निभाता है, जैसे अपनी दिक्कतों का समाधान ढूंढता है, वो आसान नहीं है। उसकी फिलॉसफी भी रोचक है। असल में वह हीरो है।'

### ओंकारा बहुत स्पेशल फिल्म थी

'कर्तव्य' का ठेठ हरियाणवी कॉप हो या 'ओंकारा' का देसी लंगड़ा त्यागी, सैफ की अदाकारी ऐसे किरदारों में ज्यादा निखरकर सामने आती है, जबकि निजी तौर पर इस दुनिया से उनका बिल्कुल राब्ता नहीं रहा। ऐसे किरदारों के प्रति अपने अप्रोच के बारे में वह बताते हैं, 'यह थोड़ा मुश्किल होता है मेरे लिए। खासकर सोशल और कल्चरल बैकग्राउंड को लेकर जो छोटी-छोटी बारीकियां होती हैं। जैसे लंगड़ा त्यागी का जो भी बॉडी लैंग्वेज है, जैसे वो जोर-जोर से अपना सिर खुजाता है, वह मेरी अपनी बॉडी लैंग्वेज से बिल्कुल अलग है। मैं वैसे कभी सिर नहीं खुजाऊंगा। उसका अंदाज काफी वाइल्ड है, मगर उसी में मजा है कि ऐसा इंसान भी हो सकता है। बतौर ऐक्टर ये चीजें इंट्रेस्टिंग होती है।' वहीं, 'ओंकारा' के अनुभव को याद करते हुए वह कहते हैं, 'ओंकारा बहुत ही स्पेशल फिल्म थी। उसमें सबका उत्साह अलग था। विशाल भारद्वाज (डायरेक्टर) ने नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) और मेनस्ट्रीम कमर्शल फिल्म ऐक्टर्स को एक छत के नीचे लाकर साथ में काम करवाया जो बहुत ही कमाल का अनुभव था। हम सबने एक दूसरे से काफी कुछ सीखा। एक तरह से वो बहुत ही बढ़िया वर्कशॉप था।

### बच्चों को कड़ी मेहनत के लिए बढ़ावा देता हूं

सैफ के बच्चे सारा और इब्राहिम अली खान भी अब ऐक्टिंग की दुनिया में कदम रख चुके हैं। इस भावी पीढ़ी को ऐक्टिंग की उनकी विरासत को आगे बढ़ाते देखने के अनुभव पर उन्होंने कहा, 'एक पिता के रूप में मैं बहुत खुश हूं कि वे काम करना चाहते हैं। मैं उन्हें पूरी तरह सपोर्ट करता हूं। मैं उन्हें कड़ी मेहनत करने के लिए बढ़ावा देता। खुद पर काम करने की सीख देता हूं क्योंकि सबसे जरूरी चीज है लगातार आगे बढ़ते रहना, कोशिश करते रहना और खुद को बेहतर बनाते रहना, जैसा कि हम सभी करते हैं। क्या उनके भविष्य को लेकर वह फिक्रमंद भी होते हैं? यह पूछने पर वह कहते हैं, 'बिल्कुल। हर माता-पिता को अपने बच्चों के भविष्य और उनकी खुशियों की फिक्र रहती है।' वहीं, एक बेटे, पति, पिता, ऐक्टर जैसी विविध भूमिकाएं निभाते हुए क्या उन्हें लगता है कि कोई कर्तव्य वे ठीक से नहीं निभा पाएं? इस सवाल पर उन्होंने कहा, 'हमेशा ही। कहीं न कहीं कमी तो होती रहती है और बुरा भी लगता है कि काश यहां ये कर लेता तो मैं बेहतर हो सकता था। उसके लिए वो कर देता तो बेहतर हो सकता था। एक कोशिश हमेशा होती है कि अच्छी तरह अपनी जिम्मेदारियां निभाऊं।

# मार्श पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

● जोश इंगलिस संभालेंगे ऑस्ट्रेलिया की कमान

**नई दिल्ली ।** टखने की चोट से जूझ रहे कार्यवाहक कप्तान मिशेल मार्श पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर हो गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ उनकी उपलब्धता अनिश्चित है। ऐसे में जोश इंगलिस को पाकिस्तान दौरे पर टीम की कमान सौंपी गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, 'मिशेल मार्श टखने की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। मार्श की



गैरमौजूदगी में विकेटकीपर जोश इंगलिस पाकिस्तान में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे। मार्श, जो लखनऊ सुपर जायंट्स के आईपीएल सीजन का आखिरी मैच नहीं खेल पाए थे, अगली सूचना तक आगे की जांच और इलाज के लिए पर्थ में ही रहेंगे। बांग्लादेश के व्हाइट-बॉल दौरे के लिए उनकी उपलब्धता को लेकर उचित समय पर फैसला लिया जाएगा।' मिशेल मार्श इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा रहे। चोट के कारण वह शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के आखिरी मैच में नहीं खेल सके थे।

# भारतीय तीरंदाजी के 'अग्रदूत' श्याम लाल मीणा का निधन

### सियोल ओलंपिक में लिया था हिस्सा

**नई दिल्ली ।** देश में तीरंदाजी के अग्रदूत माने जाने वाले श्याम लाल मीणा का निधन हो गया है। उनका निधन भारतीय तीरंदाजी के लिए बेहद निराशाजनक है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। रविवार की रात को 61 वर्ष की अवस्था में इस दुनिया को अलविदा कहा। 1988 सियोल ओलंपिक में भारत की पहली ओलंपिक तीरंदाजी टीम के सदस्य रहे श्याम लाल मीणा पिछले कुछ वर्षों से लिवर से जुड़ी दिक्कतों से जूझ रहे थे। उनका निधन भारतीय तीरंदाजी के इतिहास के एक बेहद अहम हिस्से के समाप्ति की तरह है। 4 मार्च, 1965 को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के केवड़िया गांव में जन्मे



मीणा ने दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में तीरंदाजी के वैश्विक मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि वाले परिवार में जन्मे मीणा ने एक पारंपरिक बांस के धनुष से अपने सफर की शुरुआत की थी। उन्होंने सरकार की स्पेशल एरिया गेम्स योजना के तहत मदद पाने से पहले सिर्फ अपने दृढ़ संकल्प के दम पर अपनी प्रतिभा को निखारा।
मीणा ने भारतीय तीरंदाजी की बड़ी कामयाबी में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने लिम्बा राम और रजत हलधर के साथ मिलकर कोलकाता में 1987 की एशियन तीरंदाजी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। इस मेडल को भारतीय तीरंदाजी की पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय कामयाबी माना जाता है। इस सफलता ने ही भारतीय टीम को 1988 के सियोल ओलंपिक्स के लिए क्वालिफिकेशन दिलवाया था। यह ओलंपिक में तीरंदाजी में देश की पहली मौजूदगी थी।



# साई सुदर्शन जैसा किसी के साथ ना हो

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2026 के पहले क्वालिफायर मैच में गुजरात के ओपनर बैटर साई सुदर्शन ने शानदार शुरुआत की थी, लेकिन वो इस मैच में बेहद दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से आउट हो गए। साई जिस तरह से आउट हुए वैसा किसी के साथ ना हो। साई के इस तरह से आउट होने के बाद उनकी टीम पूरी तरह से बैकफुट पर आ गई। हालांकि वो 14 रन पर आउट होने के बाद भी ऑरेंज कैप की रेस में पहले नंबर पर बने हुए हैं।

### साई सुदर्शन हुए हिट विकेट

साई सुदर्शन आरसीबी के खिलाफ हिट विकेट आउट हुए। ये वाकया तब हुआ जब आरसीबी के लिए तीसरा ओवर जैकब डफी फेंक रहे थे। डफी के इस ओवर की तीसरी गेंद पर साई सुदर्शन ने शानदार शॉट लगाया और गेंद बाउंड्री के पार भी चली गई, लेकिन वो आउट हुए। दरअसल हुआ ये कि साई शॉट लगाने के बाद जब पीछे की तरफ मुड़े और रन लेने के लिए आगे बढ़े तभी बैट उनके हाथ से छूट गया और वो उछलकर नीचे गिरने के बाद स्टंप से जाकर टकरा दिया। यानी चौका भी नहीं मिला और वो फोकट में आउट भी हो गए।

## गेंद गई चौका, लेकिन हो गए आउट



### साई सुदर्शन ने बनाए हैं 652 रन

साई सुदर्शन इस लीग में अब तक कमाल की बैटिंग कर रहे हैं और इस मैच में भी लय में थे। 9 गेंदों पर उन्होंने 3 चौकों की मदद से 14 रन बना लिए थे, लेकिन वो आउट हो गए। साई ने इस सीजन में अब तक खेले 15 मैचों में 652 रन बना चुके हैं। साई ने इस मैचों में 46.57 की औसत से रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट इन मैचों में 157.87 का रहा है। साई ने इन मैचों में अब तक यानी 65 चौके और 29 छक्के भी लगाए हैं।

# अर्शदीप ने अपने इंस्टाग्राम से हटाए 200 से अधिक पोस्ट

### कोहली संग बनाई रील भी गायब

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अचानक अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'इंस्टाग्राम' पर 200 से अधिक पोस्ट और रील्स को हटा दिया है। इसके बाद उनकी प्रोफाइनल पर सिर्फ 44 पोस्ट ही रह गए हैं, जिनमें से ज्यादातर विज्ञापन और पेड पार्टनरशिप से जुड़े हुए हैं। अर्शदीप के इस कदम के बाद उनके इंस्टाग्राम से कई वायरल रील्स रातों-रात गायब हो गई हैं, जिसमें भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 सेलिब्रेशन से



विराट कोहली के साथ उनकी शेयर की गई रील भी शामिल है। ज्यादातर बचे हुए अपलोड परिवार, निजी उपलब्धि, विज्ञापन और कुछ चुने हुए सहयोगात्मक कंटेंट के बारे में हैं। अर्शदीप ने पंजाब किंग्स से जुड़े सभी पोस्ट को भी अपने इंस्टाग्राम से हटा दिया है। ऐसी अफवाहों ने भी जोर पकड़ा था कि पंजाब किंग्स और अर्शदीप के बीच में सबकुछ ठीक नहीं है। हालांकि, अर्शदीप ने जो ताजा पोस्ट शेयर किया है, वह पंजाब किंग्स टीम की एक फोटो ही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'सब्र, शुकर। पंजाब। ' इस ऑनलाइन गतिविधि से इस बात के कयास तेज हो गए हैं कि क्या 27 साल का यह खिलाड़ी खुद को रीब्रांड करने की कोशिश कर रहा है? क्या वह हाल के विवादों से खुद को दूर कर रहे हैं, या मैदान के अंदर और बाहर खराब सीजन के बाद बस शोर से दूर रहना चाहते हैं? अर्शदीप का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 संस्करण में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। 14 मुकाबलों में वह पंजाब किंग्स की तरफ से खेलते हुए सिर्फ 14 विकेट ही निकाल सके। अर्शदीप टूर्नामेंट के दौरान रनों पर लगाम लगाने में भी नाकाम रहे और खराब फॉर्म से जूझते नजर आए।

### गुजरात टाइटंस को 92 रनों से हरा फाइनल में पहुंची आरसीबी

# पाटीदार बने हीरो

## कप्तान रजत ने 33 गेंद पर बनाए नाबाद 93 रन

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के पहले क्वालिफायर मुकाबले में मंगलवार (26 मई) को धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को 92 रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। गुजरात



टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 254 रन बनाए।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए कप्तान रजत पाटीदार ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। वह शतक नहीं बना पाए, लेकिन अपनी टीम को प्लेऑफ में सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। 255 रनों के लक्ष्य के जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम ने पहले ही घुटने टेक दिए। भला हो राहुल तेवितया की अर्धशतकीय पारी की। गुजरात टाइटंस 100 रन के अंदर सिमटी दिख रही थी, लेकिन वह 19.3 ओवर में 162 रन पर आउट हुई। गुजरात टाइटंस एलिमिनेटर के विजेता से क्वालिफायर-2 में 29 मई को भिड़ेगी। एलिमिनेटर बुधवार (27 मई) को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए रजत पाटीदार ने 33 गेंद पर नाबाद 93 रन बनाए। क्रुणाल पंड्या और विराट कोहली ने 43-43 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल ने 30 और वेंकटेश अय्यर ने 19 रन बनाए। जितेश शर्मा 15 रन बनाकर नाबाद रहे। टिम डेविड 4 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात टाइटंस के लिए कगिसो रबाडा और जेसन होल्डर ने 2-2 विकेट लिए।

प्रसिद्ध कृष्णा ने 1 विकेट लिए। गुजरात टाइटंस के लिए राहुल तेवतिया ने 43 गेंद पर 68, जोस बटलर ने 11 गेंद पर 29 और साई सुदर्शन ने 9 गेंद पर 14 रन बनाए। शुभमन गिल 2, निशांत सिंधु 5, वाशिंगटन सुंदर 8, जेसन होल्डर 0, राशिद खान 8, कगिसो रबाडा 9 और मोहम्मद सिराज 5 रन बनाकर आउट हुए। प्रसिद्ध कृष्णा 6 रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी के लिए जैकब डफी ने 3 विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार, रसिख सलाम डार और क्रुणाल पंड्या ने 2-2 विकेट लिए। जोश हेजलवुड ने 1 विकेट लिए।



### ट्रेविस हेड की पत्नी ने बताया

# कोहली से झगड़े के बाद परिवार की हुई ट्रोलिंग

**एडिलेड ।** ट्रेविस हेड और विराट कोहली के बीच पिछले हफ्ते आईपीएल 2026 के मैच के दौरान मैदान पर तकरार देखने को मिली थी, जिसके बाद ट्रेविस हेड की पत्नी जेसिका ने बताया है कि उनके परिवार और दोस्तों को आपत्तिजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ा है। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो कोहली और हेड के बीच कुछ कहा-सुनी हुई। जब सनराइजर्स हैदराबाद ने 55 रनों से जीत दर्ज कर ली, तो हेड ने मैच के बाद कोहली से हाथ मिलाने की कोशिश की, लेकिन कोहली बिना कोई जवाब दिए उनके पास से गुजर गए और हाथ मिलाने से मना कर दिया, जबकि उन्होंने एसआरएच के दूसरे खिलाड़ियों से सामान्य अंदाज में हाथ मिलाया। यह घटना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं आने लगीं। जेसिका ने सोमवार को 'द एडवरटाइजर' से कहा, 'ऐसा लग रहा है जैसे वर्ल्ड कप के बाद जो हमें जिस तरह आपत्तिजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ा था, वही फिर से हो रहा है। जब मैं सुबह उठी तो देखा कि मेरे सोशल मीडिया पर अभद्र शब्दों की बाढ़ आई हुई है। हम तो ठीक हैं, लेकिन वे मेरे दोस्तों और परिवार पर हमला कर रहे हैं। '



### त्रिशा जॉली: पिता ने पहचानी प्रतिभा

# बैडमिंटन की खातिर छोड़ा शहर

● कॉमनवेल्थ गेम्स में देश को दिलाया पदक

**नई दिल्ली ।** बड़ी पुरानी कहावत है, 'जहां चाह, वहां राह।' बैडमिंटन की दुनिया में सफलता के नए आयाम छूने की ऐसी ही चाहत भारत की स्टार खिलाड़ी त्रिशा जॉली की भी थी। बैडमिंटन के खेल से इस कदर लगाव हुआ कि ट्रेनिंग के लिए अपना शहर छोड़कर हैदराबाद शिफ्ट हो गईं। कड़ी मेहनत, लगन और दमदार प्रदर्शन के बूते त्रिशा आज इस खेल में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। त्रिशा का जन्म 27 मई, 2003 को केरल में हुआ। बचपन से ही त्रिशा को बैडमिंटन में खास रुचि थी। उनके पिता स्कूल में शारीरिक शिक्षक (पीटी टीचर) थे। त्रिशा की प्रतिभा और इस खेल के प्रति उनके लगाव को पिता ने ही पहचाना। पिता की देखरेख में त्रिशा इस खेल की बारीकियां सीखने लगीं। हालांकि, केरल में बैडमिंटन के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। इसी वजह से त्रिशा ने हैदराबाद शिफ्ट होने का फैसला किया और यहां आकर उन्होंने गोपीचंद एकेडमी में दाखिला लिया। इसके बाद त्रिशा इस खेल में रमती गईं और उन्होंने धीरे-धीरे नाम कमाना शुरू कर दिया।



खेल में विकास के बावजूद

# देश में हर एथलीट को मिलने वाले सम्मान में अंतर: हरमिलन बैंस

चंडीगढ़ । एथलीट हरमिलन बैंस का मानना ??है कि भारतीय खेलों में तेजी से सुधार हो रहा है, लेकिन उन्होंने यह भी बताया कि देश में बढ़ते सपोर्ट के बावजूद, सभी एथलीटों के लिए मौके और इनाम एक जैसे नहीं हैं। बैंस ने कहा कि खेल करियर के मौके तो दे सकते हैं, लेकिन सिस्टम सभी एथलीटों के साथ एक जैसा बर्ताव नहीं करता। एशियन गेम्स में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीतने वाली भारतीय मिडिल-डिस्टेंस रनर हरमिलन बैंस ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'कुछ एथलीट सफल हो जाते हैं, जबकि दूसरे अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उस स्तर की नौकरी नहीं ले पाते। अगर हम आज के पदक विजेताओं की तुलना पिछली पीढ़ियों के एथलीटों से करें, तो अब हर किसी के लिए स्थिति एक जैसी नहीं है।' हरमिलन ने कहा, 'पहले, बड़े इवेंट्स में पदक जीतने वाले एथलीटों को अक्सरल डीएसपी जैसे ऊंचे सरकारी पदों पर सीधी नियुक्ति मिल जाती थी। मौके आज भी हैं, लेकिन पहले के मुकाबले वे काफी कम हो गए हैं। '

हरमिलन ने टीम इवेंट्स में पहचान में अंतर की ओर इशारा किया। रोइंग पदक जीतने वालों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एथलीट निराश हो सकते हैं जब टीम के साथी, जो उतनी ही मेहनत करते हैं, उन्हें अलग-अलग इनाम राशि मिलती है।

एथलीट ने मॉडर्न स्पोर्ट्स में रिकवरी और न्यूट्रिशन की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया, 'प्रशिक्षण के बाद रिकवरी सबसे जरूरी हिस्सों में से एक है क्योंकि इससे यह तय होता है कि



आप अपने अगले सेशन में कितना अच्छा परफॉर्म कर सकते हैं। इसलिए ऐसा खाना, जो शरीर को पोषण दे, बहुत जरूरी है। '

भारतीय खेल के विकास में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) जैसे संस्थानों की भूमिका को हरमिलन ने अहम माना।

उन्होंने कहा, 'भारत निश्चित रूप से आगे बढ़ रहा है क्योंकि अब कई अच्छे प्लेटफॉर्म बन रहे हैं। साई युवा एथलीटों के लिए एक बेहतरीन मंच है, लेकिन बच्चों को अभी भी नहीं पता कि उस स्तर तक कैसे पहुंचा जाए। इस कमी को पूरा करने के लिए छोटी एकेडमी बहुत जरूरी हैं। '

हरमिलन ने गुरिंदरवीर सिंह की हालिया सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि सीमित सुविधाओं के साथ उन्होंने जो हासिल किया है, वह शानदार है।

खेलों में अपने सफर पर हरमिलन ने कहा, 'मेरा सफर मेरे जन्म से भी पहले शुरू हो गया था। मेरे माता-पिता ने खेल से मेरा परिचय तब कराया जब मैं बहुत छोटी थी। मैं इसे लगभग दस सालों से प्रोफेशनली कर रही हूं, लेकिन अगर मैं शुरू से गिनूं, तो खेल पिछले लगभग 22 वर्ष से मेरी जिंदगी का हिस्सा रहा है। खेल ने मेरी जिंदगी को काफी बदल दिया है। '

अपने आगे के कार्यक्रम पर हरमिलन ने कहा, 'मेरा मुख्य फोकस आने वाले सीजन के लिए फिट रहने पर है। आगामी सभी टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है। अगर मैं चोट से बच पाई, तो उम्मीद है कि सब ठीक हो जाएगा। '

## संक्षिप्त समाचार

### भीषण गर्मी के बीच दिल्ली में बदलेगा मौसम, झमाझम बारिश के आसार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मौसमी उतार चढ़ाव के बीच बुधवार को भी दिल्ली में गर्मी के तेवर तल्ख ही रहेंगे। तापमान भी 45 डिग्री के पार जा सकता है, लेकिन एक पश्चिमी विक्षोभ के चलते करवट लेगा। फिर अगले कई दिन वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आने की संभावना है। बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री दर्ज किया गया। दिन का तापमान 45 डिग्री के आसपास रह सकता है। दिन भर आसमान साफ रहेगा तेज धूप भी निकली रहेगी। 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवा भी चलेगी। रिज स्टेशन पर 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.9 डिग्री ज्यादा है और आयानगर में 26.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.7 डिग्री कम था। दूसरी तरफ दिल्ली की वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में ही चल रही है। बुधवार को सुबह नौ बजे दिल्ली का एक्यूआई 184 दर्ज किया गया। इसे 'मध्यम' श्रेणी में रखा जाता है। एनसीआर के शहरों में भी हवा संतोषजनक से मध्यम श्रेणी में चल रही है। पूर्वानुमान है कि हाल फिलहाल इसमें बहुत अधिक बदलाव नहीं होगा।

### यमुना बाढ़ क्षेत्र के 'जोन ओं' में अवैध कॉलोनियां अस्वीकार्य

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना बाढ़ क्षेत्र में अतिक्रमण से जुड़े मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने टिप्पणी की है कि दिल्ली के यमुना बाढ़ क्षेत्र में स्थित 'जोन ओ' के अंतर्गत आने वाली आवासीय कॉलोनियां पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। कोर्ट ने पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में जारी अवैध निर्माण पर चिंता व्यक्त की और चेतावनी दी कि नए अनधिकृत निर्माणों की अनुमति देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि यह स्पष्ट है कि एमसीडी के इंजीनियरों की देखरेख में ही जोन 'ओ' में यह नया अनधिकृत निर्माण किया जा रहा है। यमुना खादर में ओ जोन क्षेत्र में निगम, सिंचाई विभाग इस तरह के बोर्ड लगा रहा है। कोर्ट ने ओ जोन में आने वाले क्षेत्रों के संबंधित कार्यकारी इंजीनियरों के नाम अगली सुनवाई में अदालत के समक्ष रखने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यकारी इंजीनियर को भी अगली सुनवाई में उपस्थित रहने का आदेश दिया।

### दिल्ली के खजूरी खास में 23 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खजूरी खास इलाके में अज्ञात बदमाशों ने गोलियां मारकर एक युवक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान राजा मेवाती उर्फ अक्की उर्फ आकिब के रूप में हुई है। वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए। खजूरी खास थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बदमाशों ने करीब 8 राउंड गोलियां चलाई, तीन गोलियां युवक को लगी। जान गंवाने वाले युवक पर भी कई आपराधिक केस दर्ज थे। पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात सूचना मिली कि खजूरी खास में एक युवक को गोलियां मारी गई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशंका है रंजिश में हत्या को अंजाम दिया गया है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगाई गई हैं।

### बकरीद मनाने वाले छात्रों के लिए बाद में आयोजित की जाएगी विशेष परीक्षा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बकरीद की तारीख पर परीक्षा के आयोजन के खिलाफ दायर याचिका पर डीयू ने दिल्ली हाई कोर्ट को सूचित किया कि मुस्लिम छात्रों के लिए चार जुलाई के बाद एक विशेष परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ के समक्ष डीयू ने कहा कि जो मुस्लिम छात्र बकरीद मनाना चाहते हैं, उनके लिए किसी अन्य तारीख पर एक विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। डीयू ने यह भी कहा कि जो छात्र 28 मई को परीक्षा नहीं देना चाहते हैं वे ईमेल के जरिए ला फैकल्टी के डीन को बुधवार तक सूचित कर सकते हैं।

# दिल्ली वाले ध्यान दें! तीन माह तक बंद रहेगा यह रास्ता, लोगों की बढ़ी मुसीबत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मंगोलपुरी अंडरपास मरम्मत के कारण लगभग तीन माह के लिए बंद कर दिया गया है। रास्ता बंद होने से वाहनों की आवाजाही पूरी से बंद कर दी गई है। ऐसे में अब सड़क मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को तीन-चार किलोमीटर लंबा घूमना पड़ रहा है। रास्ता बंद होने लगभग 50 हजार से अधिक लोग प्रभावित है। अंडरपास बंद होने के कारण उद्योग नगर की ओर से मंगोलपुरी, रोहिणी व सुल्तानपुरी की ओर आने वाले राहगीरों को पीरागढ़ी या सुल्तानपुरी मोड़ से होते हुए आना पड़ रहा है। जिन्हें नांगलोई में भारी जाम का सामना करना पड़ता है।

मंगोलपुरी के लोगों को अब उद्योग मेट्रो स्टेशन नहीं, बल्कि पीरागढ़ी से मेट्रो से यात्रा शुरू करनी पड़ती है। उद्योग नगर से मंगोलपुरी की ओर आने वाले लोग लगभग एक किलोमीटर पैदल चलने के बाद ई-रिक्शा के माध्यम से अपने गंतव्य तक पहुंच रहे है।पैदल यात्री अंडरपास या ऊपर से रेलवे लाइन पार कर जान हथेली पर रखकर अपना रास्ता तय करते दिखें।

लगभग दो वर्षों से अंडरपास की स्थित दयनीय बनी हुई थी। जर्जर सड़क के कारण लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते थे। सड़क में हो रहे गड्ढों की वजह से लोगों को जाम में फंसा रहना पड़ता था। अंडरपास की खस्ता हालत को देखते हुए सरकार ने लगभग तीन सप्ताह पूर्व मरम्मत का कार्य प्रारंभ कराया।

स्थानीय विधायक राजकुमार चौहान ने बताया कि कुछ दिनों पहले ही अंडरपास के मरम्मत का कार्य शुरू होने के बाद रास्ता बंद किया गया।

### मरम्मत का कार्य शुरू होने के बाद रास्ता बंद किया गया



आगामी तीन माह तक यह कार्य पूरा किया जाएगा। उसके बाद पुनः रास्ता खोल दिया जाएगा। लगभग तीन करोड़ की लागत से अंडरपास में सड़क, नाले व फुटपाथ सहित अन्य कार्य किए जा रहे है। मैं निहाल विहार बाजार में काम करने के लिए जाता हूं। रास्ता बंद होने के बाद रास्ता लंबा हो गया है और समय भी अधिक लग रहा है। लेकिन अंडरपास को मरम्मत होना जरूरी था। क्योंकि स्थिति काफी खराब हो चुकी है। - रमेश, मंगोलपुरी 11 मई से यह रास्ता बंद कर दिया गया था। तब से मुझे उद्योग नगर मेट्रो स्टेशन तक पैदल जाना पड़ता है। फिर ई-रिक्शे से आगे जाता हूं। क्योंकि अंडरपास में कोई भी वाहन नहीं जा रहा। पांच मिनट के रास्ता तय करने के लिए अब 25-30 मिनट लग जाती है। मैं ज्वालापुरी से आ रही हूं।अब रास्ता बंद हो गया।

## दिल्लीवालों के लिए अच्छी खबर, नए राशन कार्ड बनने शुरू; घर बैठे ऑनलाइन करें आवेदन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया दोबारा शुरू कर दी है। अब नागरिक घर बैठे आसानी से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले बंद पड़ी इस सुविधा को फिर से शुरू करने से आम लोगों को बड़ी राहत मिली है। आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, फैमिली इनकम सर्टिफिकेट और परिवार के सभी सदस्यों का विवरण शामिल है। सरकार ने राशन कार्ड के लिए आय सीमा भी बढ़ा दी है। पहले 1 लाख तक की वार्षिक आय वाले परिवार योग्य थे, अब इसे बढ़ाकर ?1.20 लाख कर दिया गया है। सरकार का कहना है कि जल्द ही ?2.5 लाख तक की आय वाले परिवारों को भी राशन कार्ड का लाभ दिया जाएगा। इससे मध्यम वर्ग के अधिक परिवारों को सस्ता अनाज मिल सकेगा। इच्छुक व्यक्ति दिल्ली सरकार के पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।



## दिल्ली में दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, अवैध हथियार सहित 10 चोरी की बाइकें बरामद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कालकाजी थाना पुलिस की टीम ने दो अलग-अलग कार्रवाई में दो वाहन चोरों- केशव उर्फ भानू और जीतू कुमार को गिरफ्तार किया है। तलाशी में जीतू के पास से एक पिस्टल व कारतूस मिले।

आरोपितों की निशानदेही पर टीम ने 10 बाइक भी बरामद की। दोनों की गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने वाहन चोरी के 10 मामलों को भी सुलझाने का दावा किया है।




दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी के मुताबिक गोविंदपुरी एक्सटेंशन निवासी शिकायतकर्ता मनजीत सिंह मोहाल ने रॉयल एनफील्ड बाइक ( छ्रुउस्त्रश्च-8628) की चोरी के संबंध में कालकाजी थाने में 11 जनवरी को ऑनलाइन एफआइआर दर्ज कराई थी। अपराध की गंभीरता को देखते हुए, एसएचओ थाना कालकाजी के करीबी पर्यवेक्षण और एसीपी/कालकाजी के समग्र मार्गदर्शन में आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एक समर्पित टीम का गठन किया गया, जिसमें एसआई जयविंद, एएसआई कृष्ण, एएसआई राहुल चौधरी, हवलदार कुलदीप, सिपाही सुधीर, सिपाही गौरव और सिपाही मनोज शामिल थे। टीम ने गहन तकनीकी और जमीनी जांच शुरू की। आरोपियों और उनके वाहन की आवाजाही का पता लगाने के लिए लगभग 350 किलोमीटर के दायरे में लगे सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया। निगरानी के दौरान एक हुंडई एक्सेंट कार, जिसका पंजीकरण है, की पहचान अपराध को अंजाम देने के दौरान सहायक वाहन (सपोर्ट व्हीकल) के रूप में उपयोग किए जाने के रूप में हुई। जुटाई गई खुफिया जानकारी के आधार पर, पहले आरोपी अमित सिंह (पुत्र राधेश्याम, निवासी राज पार्क, देवली, खानपुर, दिल्ली), जो उक्त हुंडई एक्सेंट का मालिक और चालक था।

## विजय विहार में चार मंजिला इमारत में भीषण आग, 23 लोगों को बचाया गया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विजय विहार फेज-2 में चार मंजिला रिहायशी इमारत में अचानक आग लगने के बाद 23 लोगों को रेस्क्यू किया गया। इस दौरान दो लोगों को चोट लगीं। दमकल विभाग कर्मचारियों ने आग और धुएं से घिरे बदहवास लोगों को सीढ़ी और रस्सी का सहारा देकर बालकनी से एक-एक को रेस्क्यू किया। इस काम में स्थानीय लोगों ने भी दमकम कर्मचारियों को बखूबी साथ दिया। चूंकि, इमारत में 15-16 परिवार रह रहे हैं और भवन का पिछला दरवाजा बंद था, इसलिए रेस्क्यू में कठिनाई आईं। 23 में से एक व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। आग में छह दोपहिया वाहन और लगभग डेढ़ दर्जन बिजली के मीटर के अलावा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। इमारत से बाहर निकलने की जल्दबाजी के दौरान दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि आग ग्राउंड फ्लोर पर बिजली मीटर सेक्शन में लगी थी। विजय विहार फेज-2 में श्मशान घाट रोड स्थित चार मंजिला इमारत में सुबह करीब सात बजे आग लग गई। इस इमारत में 15-16 परिवार रह हैं। घटना के समय तीन दर्जन से अधिक लोग थे। आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग समय रहते बाहर आ गए, लेकिन घने धुएं के कारण लोग बालकनी में फंस गए। दमकल कर्मचारियों ने इमारत में फंसे लोगों को निकालने के लिए सीढ़ी लगाई और बचाव कार्य आरंभ किया। घबराहट में कुछ लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया और रस्सी के सहारे खुद उतरने का प्रयास किया। कर्मचारियों ने सुरक्षित रेस्क्यू का भरोसा दिया। दमकम कम्र्रचारियों ने के सामने सीढ़ी लगाकर और बालकनी में फंसे तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म: रोहिणी कोर्ट ने दोषी को दी अंतिम सांस तक कैद की सजा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रोहिणी कोर्ट ने पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दुष्कर्मी को मौत की सजा देने से यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि यह मामला दुर्लभतम (रेयरेस्ट आफ रेयर) श्रेणी में नहीं आता है। साथ ही कोर्ट ने दोषी के बर्ताव को शैतानी बताया और कहा कि अगर दोषी इतनी छोटी बच्ची से दुष्कर्म कर सकता है तो वह पूरे समाज के लिए एक गंभीर खतरा है, इसलिए उसे जिंदगी भर जेल में रखा जाना चाहिए। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने मात्र छह माह में अपना फैसला दिया। कोर्ट ने पिछले महीने की 30 तारीख को आरोपित को दोषी ठहराया था और मंगलवार को सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी को पाक्सो एक्ट के तहत शेष जिंदगी के लिए कारावास की सजा दी। कोर्ट ने पीड़िता को 13.5 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। झकझोर देने वाली यह घटना पिछले साल 17 नवंबर को हुई थी। अभियोजन पक्ष की मौत की सजा की मांग पर कोर्ट ने कहा कि यह घटना रेयरेस्ट आफ रेयर श्रेणी में नहीं आती। दोषी की कम उम्र और साफ अतीत को देखते हुए इस मामले में मौत की सजा सही नहीं है। हालांकि, दोषी को मौत की सजा देने पर विचार नहीं किया जा रहा है, लेकिन फिर भी इसमें कोई शक नहीं है कि उसके काम शैतानी हैं और वह किसी भी तरह की नरमी का हकदार नहीं है और उसे जितना हो सके समाज से दूर रखा जाना चाहिए। विशेष लोक अभियोजक आदित्य कुमार ने कोर्ट के समक्ष दोषी को मौत की सजा दिए जाने का अनुरोध किया और कहा कि दोषी ने लगभग साढ़े चार साल की बच्ची के साथ खतरनाक काम किया है। यौन उत्पीड़न के बाद बच्ची को 16 अस्पताल में रहना पड़ा। दोषी बच्ची के पड़ोस में रहता था। कोर्ट ने कहा कि पीड़ित की तकलीफ की कल्पना भी नहीं की जा सकती। कई सर्जरी करवाना और फिर सर्जरी की दिक्कतों की वजह से बिस्तर पर पड़े रहना बहुत दर्दनाक है। पीड़िता की मां ने कोर्ट को बताया कि उनकी बेटी की कई सर्जरी हुईं और वह तरल पदार्थ ही ले पा रही है। वे बेरोजगार हो गए, क्योंकि उन्हें बारी-बारी से बच्ची की देखभाल करनी पड़ती थी।

## अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान में आ रही गिरावट खतरनाक

### संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख ने दी चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान में खतरनाक गिरावट को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि संप्रभु समानता, क्षेत्रीय अखंडता, राजनीतिक स्वतंत्रता और बल प्रयोग की मनाही जैसे मूल सिद्धांतों को या तो चुनौती दी जा रही है या इन्हें अनदेखा किया जा रहा है।

सुरक्षा परिषद में मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने और संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतरराष्ट्रीय प्रणाली को मजबूत करने पर एक उच्चस्तरीय खुली बहस आयोजित की गई। इसे संबोधित करते हुए गुटेरेस ने कहा कि नियमों के उल्लंघन पर जवाबदेही नहीं हो रही और दंड से बच निकलने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

### संयुक्त राष्ट्र चार्टर मानवता की सबसे अच्छी उम्मीद: गुटेरेस

एंटोनियो गुटेरेस ने चिंता जताते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर शांति के लिए मानवता की सबसे अच्छी उम्मीद बना हुआ है, लेकिन इसकी ताकत इसे बनाए रखने के लिए जिम्मेदार लोगों की प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। महासचिव ने चेतावनी दी कि भू-राजनीतिक विभाजन गहरा रहे हैं, अविश्वास बढ़ रहा है और आम सहमति बनाना तेजी से मुश्किल होता जा रहा है। गुटेरेस ने इस बात पर भी जोर दिया कि अक्सर यह परिषद एकता और उद्देश्य के साथ कार्य करने में विफल रहती है। उन्होंने कहा, 'जब सुरक्षा परिषद विभाजित होती है, तो इसके परिणाम इस कक्ष से कहीं आगे महसूस किए जाते हैं।'




यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया संघर्ष तक का किया जिक्र महासचिव ने संघर्षों की बढ़ती संख्या और उनकी तीव्रता पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के बाद से अब तक के सबसे ज्यादा संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, बाहरी हस्तक्षेप बढ़ रहा है, जिसमें ड्रोन जैसे हथियारों की आपूर्ति शामिल है, जो अक्सर नागरिकों और उनसे जुड़ी चीजों को निशाना बनाते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया, सूडान, यूक्रेन और अन्य क्षेत्रों में हिंसा का पैमाना और जटिलता बढ़ रही है। गुटेरेस ने तेजी से बढ़ती और अस्थिर करने वाले हथियारों की दौड़ के बारे में भी चिंता जताई।

इन गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए एंटोनियो गुटेरेस ने तीन प्रमुख क्षेत्रों में कार्रवाई का आह्वान किया: संघर्ष की रोकथाम और शांति स्थापना, अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान, और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार। उन्होंने व्यापक बहुपक्षीय प्रणाली को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सुरक्षा परिषद के सभी सदस्यों से संयुक्त राष्ट्र चार्टर का लगातार पालन करने, शांति के हितों में कार्य करने, नेतृत्व और समझौते के माध्यम से विश्वास का पुनर्निर्माण करने और यह सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र वास्तव में वही बने जो वह बनना चाहता था: समाधान के लिए एक मंच, अंतरराष्ट्रीय कानून का संरक्षक, और शांति व सुरक्षा के लिए एक शक्ति।

## हमास के सैन्य विंग प्रमुख को इस्राइल ने किया ढेर, सात अक्टूबर के नरसंहार का था मास्टरमाइंड

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गाजा में हमास के सैन्य विंग के नए प्रमुख मुहम्मद ओदेह को मार गिराया है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि की। मुहम्मद ओदेह सात अक्तूबर को हुए नरसंहार के दौरान हमास के खुफिया विभाग का प्रमुख था। उसे हमास के नौसैनिक कमांडर के रूप में भी जाना जाता था और उसने कई आतंकवादी हमलों की योजना बनाई थी। ओदेह को लगभग एक सप्ताह पहले ही नियुक्त किया गया था, ताकि वह दो हफ्ते पहले आईडीएफ के हमले में मारे गए इज्जेदीन अल-हद्दाद की जगह ले सके। ओदेह इस्राइली नागरिकों और आईडीएफ सैनिकों की हत्या और अपहरण के लिए भी जिम्मेदार था। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए हमास के सैन्य विंग के नए प्रमुख मुहम्मद ओदेह को मार गिराए जाने की पुष्टि की। इसके साथ ही उन्होंने सात अक्तूबर 2023 के नरसंहार में शामिल सभी लोगों को खत्म करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा, 'हमने अब हमास के सैन्य विंग के नेता और सात अक्टूबर के नरसंहार की साजिश में शामिल आतंकियों में से एक मुहम्मद ओदेह को निशाना बनाया है। हम उन सभी तक पहुंचेंगे।' इस बीच अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइल ने कल अपने अभियानों को तेज करने के बाद दक्षिणी लेबनान में अपने हमले जारी रखे। रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइली सेना ने लेबनान के विभिन्न इलाकों में हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में कई लोगों के मारे जाने और घायल होने की खबर है।

## फलस्तीन समर्थक महमूद खलील को राहत, संघीय अदालत ने इमिग्रेशन कोर्ट में भेजा मामला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी संघीय अपीलीय अदालत ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र महमूद खलील को बड़ी राहत देते हुए ट्रंप प्रशासन की निर्वासन कार्रवाई के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए अतिरिक्त समय दे दिया है। इसे ट्रंप प्रशासन के लिए झटका माना जा रहा है। अमेरिका के स्थायी निवासी खलील को साल 2024 में कोलंबिया यूनिवर्सिटी में फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व करने के कारण अप्रवासन अधिकारियों ने हिरासत में लिया था। अमेरिकी सरकार ने दलील दी थी कि खलील की मौजूदगी देश की विदेश नीति के हितों के लिए नुकसानदेह है।

कई महीनों तक हिरासत में रहने के बाद न्यूजर्सी की एक संघीय अदालत ने खलील को रिहा कर दिया था। अदालत ने कहा था कि सरकार की कार्रवाई असंवैधानिक थी। इसके बाद यूएस थर्ड अपीलीय सर्किट कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। अदालत ने कहा कि न्यूजर्सी के जज को इस मामले में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं था और मामला पहले इमिग्रेशन अदालतों में चलना चाहिए। हालांकि मंगलवार को अपीलीय अदालत ने अपने फैसले पर फिलहाल रोक लगा दी, ताकि खलील अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकें।

खलील की पैरवी कर रहे अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (ष्टरु) के वरिष्ठ वकील ब्रेट मैक्स कॉफमैन ने फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'हम सुप्रीम कोर्ट से यह स्पष्ट करने की मांग करेंगे कि सरकार असहमति की आवाज दबाने के लिए हिरासत और निर्वासन की धमकी का इस्तेमाल नहीं कर सकती।' सुप्रीम कोर्ट में अपील आने वाले महीनों में, संभवतः गर्मियों के अंत तक, दायर की जा सकती है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने इस फैसले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। अदालत के निर्देश के मुताबिक खलील के वकीलों ने इमिग्रेशन अदालतों में भी पक्ष रखा, लेकिन अब तक उन्हें सफलता नहीं मिली है। इस मामले से जुड़ी एक अलग अपील लुइसियाना स्थित पांचवें अमेरिकी सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स में लंबित है।

# निहित स्वार्थों के कारण सुरक्षा परिषद में नहीं हो रहे सुधार; वैश्विक मंच पर भारत की दो-टूक

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** भारत ने मंगलवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 1945 की व्यवस्था में काम कर रही है। यह विश्वसनीयता के संकट का सामना कर रही है। भारत ने आगे कहा कि 'निहित स्वार्थ' उन सुधारों को रोक रहे हैं, जिनकी आवश्यकता इसे समकालीन चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाने के लिए है।

भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने मंगलवार को कहा, 'परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईएन) में प्रगति की कमी कई सदस्य देशों के यथास्थिति बनाए रखने और आठ दशक पुरानी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संरचना को बरकरार रखने के निहित स्वार्थों का संकेत है।' सुधारों में मुख्य रूप से संयुक्त राष्ट्र के कुछ सदस्य देशों का एक छोटा समूह बाधा डाल रहा है, जो स्वयं को यूनाइटिंग फॉर कंसेंसस (यूएफसी) कहते हैं। इस समूह का नेतृत्व इटली कर रहा है। इसमें पाकिस्तान भी शामिल है। यह समूह बातचीत को आगे बढ़ने से रोकने के लिए प्रक्रियात्मक दांव-पेच का इस्तेमाल करता है। स्थायी श्रेणी में विस्तार करना चाहिए हरीश परिषद में 'संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को बनाए रखना और संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली को मजबूत करना' विषय पर हो रही बहस में बोल रहे थे। भारत के सुधार प्रस्तावों का मुख्य बिंदु परिषद की स्थायी सदस्यता का विस्तार करना है। उन्होंने ने कहा, 'हमें सदस्यता की स्थायी श्रेणी पर ध्यान देना चाहिए और उसका विस्तार करना चाहिए, जिससे इस परिषद की निर्णय लेने की प्रक्रिया में बदलाव आएगा।' उन्होंने आगे कहा, 'बदली हुई परिस्थितियों के अनुसार न ढलने से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अधिकार, विश्वसनीयता, वैधता और प्रभावशीलता और भी कम हो जाएगी।' महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी परिषद के विश्वसनीयता संकट की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, 'एक सुरक्षा परिषद जो आज की दुनिया की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। वह अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से नहीं निभा सकती है।'उन्होंने कहा, टवैश्विक संस्थानों को आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करना चाहिए, न कि 1945 की वास्तविकताओं को। इस परिषद में यह बात सबसे अधिक जरूरी है।' अफ्रीका के साथ हुए अन्याय का खास रूप से जिक्र करते हुए (जिसे स्थायी सदस्यता से बाहर रखा गया है), गुटेरेस ने कहा, 'सुधार का अर्थ है विश्वसनीयता बहाल करना और यह सुनिश्चित करना कि यह परिषद चार्टर को बनाए रखने के लिए निर्णायक और समावेशी रूप से काम कर सके।'



## संक्षिप्त समाचार

### मीडिया से बेहतर समन्वय एवं संवाद को लेकर पदाधिकारियों की वर्कशॉप

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के लिए मीडिया से बेहतर समन्वय एवं संवाद स्थापित करने को लेकर विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों, योजनाओं एवं जन हितकारी कार्यक्रमों की सूचनाओं को प्रभावी एवं सकारात्मक तरीके से आमजनों तक पहुंचाना है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि प्रशासन एवं मीडिया के बीच बेहतर संवाद से शासन की योजनाओं और कार्यों की सही जानकारी आमजनों तक पहुंचती है। सकारात्मक एवं तथ्यात्मक सूचना साझा करना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में त्वरित सूचना प्रसार के दौर में मीडिया प्रबंधन और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। कार्यशाला के माध्यम से पदाधिकारियों को संवाद कौशल विकसित करने एवं मीडिया के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का अवसर मिलेगा।

### डीसी-एसपी ने बकरीद को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार शाम को उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने जिला मुख्यालय के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिला कंपोजिट कंट्रोल रूम, कैंप-2, सेक्टर वन, राम मंदिर, भर्रा बस्ती, चिरा चास, तेलगड़िया मोड़, सोलागडीह, आईटीआई मोड़, पुलिस लाइन, रितुडीह एवं सिवनडीह आदि क्षेत्रों में पुलिस



बाइक पेट्रोलिंग के साथ फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में डीएसपी, पुलिस निरीक्षक, डीपीआरओ,प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) चास, अंचल अधिकारी (सीओ) चास, एपीआरओ सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। मौके पर डीसी - एसपी ने रितुडीह से सिवनडीह कर्बला मैदान होते हुए पैदल मार्च कर आमजनों से संवाद स्थापित किया तथा लोगों से आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व मनाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है। सभी को प्रशासन का सहयोग करने का अपील किया।

### जेल में बंद आजसू नेत्री से मिले सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोयाबाद बांसजोड़ा गोलीकांड मामले में जेल में बंद आजसू पार्टी की नेत्री रजनी रवानी से बुधवार को मिलने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी धनबाद मंडल कारा पहुंचे। इस दौरान उनके साथ पार्टी के कई समर्थक और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद ने धनबाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए।



उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था अंग्रेजी शासन जैसी हो गई है। सांसद ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि किसी भी निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसाया गया है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच कर निदोर्षो को राहत नहीं दी गई तो आजसू पार्टी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### बंद खदान से युवक का शव बरामद, जांच जारी

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र में बंद खदान से एक 25 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पिंडराजोरा गांव निवासी अंकित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आसपास के



ग्रामीणों ने बंद खदान में जमा पानी में एक युवक के डूबे होने की सूचना पिंडराजोरा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को बाहर निकालकर अपने कब्जे में लिया। घटनास्थल से मृतक की स्कूटी भी बरामद की गई है। पुलिस ने यूडी कांड दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अब भी रहस्य बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# बकरीद को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट : उपायुक्त

## अफवाह फैलाने एवं सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना द्वारा संयुक्त संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बकरीद पर्व को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियों की जानकारी विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संवाददाताओं को दी गई।



**विधि-व्यवस्था बनाए रखने को प्रशासन प्रतिबद्ध**

मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विधि-व्यवस्था बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की पोस्ट, फोटो अथवा संदेश साझा करने से पूर्व उसकी सत्यता अवश्य जांच लें। प्रशासन पूरी तरह चौकस, सतर्क एवं अलर्ट मोड में कार्य कर रहा है। समाज के सभी लोग निर्भीक होकर आपसी भाईचारे एवं सामूहिक सांस्कृतिक सौहार्द के साथ पर्व मनाएं।

**क्षेत्रों में फ्लैग मार्च एवं जनसंवाद जारी**

उपायुक्त ने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं डीएसपी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है तथा आमजनों से सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा अमन-चैन एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक एवं ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट साझा नहीं करें, नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना मिलने पर तुरंत करें साझा**

उपायुक्त ने कहा कि यदि किसी मीडिया प्रतिनिधि को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होती है, तो वे सीधे जिला नियंत्रण कक्ष, मीडिया पदाधिकारियों अथवा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साझा करें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अननोन कॉल, मीडिया प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों के कॉल अवश्य रिसीव करें।

**संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी : एसपी**

पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने कहा कि विशेष शाखा से प्राप्त इनपुट सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ साझा कर दिए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है तथा सभी स्थानों पर संयुक्त फ्लैग मार्च किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नौ क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) भी तैनात की गई हैं। पुलिस बल को बकरीद पर्व के दो दिन बाद तक प्रतिनियुक्त रखा गया है।

**सीसीटीवी, ड्रोन एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग से होगी निगरानी**

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नमाज अदा करने का समय निर्धारित किया गया है तथा सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की गई हैं। सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का भी गठन किया गया है, जो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी रखेगा। उन्होंने आमजनों से अफवाहों से बचने एवं आपसी भाईचारे के साथ बकरीद पर्व मनाने की अपील करते हुए सभी को बकरीद की शुभकामनाएं दीं।

## बोकारो जनरल अस्पताल में नई जीवनरक्षक सुविधा:

# बच्चों और वयस्कों के गले में फंसी चीजें अब 'रिजिड ब्रोंकोस्कोप' से सुरक्षित निकाली जा सकेंगी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आपातकालीन चिकित्सा के क्षेत्र में बोकारो जनरल अस्पताल ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल के कान, नाक एवं गला विभाग में अब 'रिजिड ब्रोंकोस्कोप' नाम का एक विशेष आधुनिक उपकरण आ चुका है. यह मशीन उन आपातकालीन स्थितियों में वरदान साबित होगी, जब किसी मरीज के गले या सांस की नली में कोई बाहरी वस्तु (फॉरेन बॉडी) फंस जाती है और दम घुटने की नौबत आ जाती है.बोकारो जनरल अस्पताल में इस अत्याधुनिक उपकरण का इस्तेमाल कान, नाक एवं गला विभाग में जरूरत के मुताबिक शुरू भी कर दिया गया है। आमतौर पर 5 साल से कम उम्र के छोटे बच्चों में यह समस्या सबसे ज्यादा देखी जाती है. बच्चे अक्सर खेल-खेल में सिक्के,



छोटे खिलौने, बीज या अन्य हानिकारक चीजें मुंह में डाल लेते हैं, जो सीधे उनकी सांस की नली में जाकर फंस जाती हैं. डॉक्टरों के मुताबिक, यह स्थिति बेहद संवेदनशील होती है क्योंकि इससे हवा का रास्ता (एयर पैसेज) ब्लॉक हो जाता है. केवल बच्चे ही नहीं, कई बार वयस्क भी अनजाने में इस तरह के हादसे का शिकार हो जाते हैं. अब ऐसी किसी भी आपात स्थिति में मरीज को बिना समय गंवाए तुरंत बोकारो जनरल अस्पताल लाया जा सकता है. इस आपातकालीन स्थिति में मरीज को पूरी बेहोशी दी जाती है. इसके बाद डॉक्टर 'रिजिड ब्रोंकोस्कोप' के जरिए दूरबीन विधि का उपयोग कर-के सांस की नली में फंसी वस्तु को बिना किसी बड़े चीरे के, बेहद सुरक्षित तरीके से बाहर निकाल लेते हैं. बीजीएच में इस सुविधा के शुरू होने से अब स्थानीय निवासियों को ऐसे मामलों में उचित चिकित्सीय मदद मिल सकेगी. अभिभावकों से भी अपील है कि वे छोटे बच्चों पर नजर रखें और ऐसी आपात स्थिति होने पर घबराने के बजाय तुरंत उन्हें अस्पताल के ईएनटी विभाग में लेकर आएं.

### कार की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल

**महुदा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजगंज-तेलमोच्चो फोरलेन मार्ग पर बुधवार को एक कार की चपेट में आने से तारगा आमाडीह की एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि आमाडीह निवासी बंधु मोहली की 35 वर्षीय पुत्री गुड़िया देवी तालाब में स्नान करने के बाद फोरलेन पार कर अपने घर जा रही थी। इसी दौरान महुदा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर पहले महुदा पुलिस के बोर्ड से टकराई, फिर डिवाइडर पर चढ़ गई। इसके बाद सड़क पार करने के लिए खड़ी महिला को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल महिला को तत्काल उठाकर स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

# बीएसएल में संविदा कर्मियों की कटौती के खिलाफ बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ का विरोध प्रदर्शन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ द्वारा आज सी ई जेड गेट के समीप संविदा कर्मचारियों की 40 प्रतिशत कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया गया, जिसकी अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष विशेश्वर महतो एवं संचालन रमेश कुमार मिश्रा ने किया। बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ के महामंत्री विनोद कुमार ने कहा कि इस्पात मजदूर महासंघ (बीएमएस) के महामंत्री रंजय कुमार के आव्हान पर सेल के सभी स्टील प्लांट और माइंस मे विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है ' भारतीय मजदूर संघ ने इस कटौती के विरुद्ध आपत्तियों को रेखांकित करते हुए स्पष्ट किया कि मजदूरों से संबन्धित किसी भी आदेश या नीतिगत बदलाव को ट्रेड यूनियन के साथ चर्चा किए बिना प्रसारित करना उन हजारों श्रमिकों के बीच भय एवं असुरक्षा का माहौल पैदा करता है। लगभग 3,335 श्रमिकों (बी एस एल से 2,552 और एस आर यू से 783) की व्यापक छंटनी राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों एवं भारत के संविधान के अनुच्छेद 41 (काम का अधिकार) के विपरीत है। ये श्रमिक अक्सर स्थानीय या विस्थापित परिवारों से होते हैं। आय का अचानक समाप्त होना बोकारो क्षेत्र में स्थानीय आर्थिक मंदी और सामाजिक अशांति का कारण बनेगा। प्रबंधन द्वारा यह कहना कि संविदाकर्मियों की कमी की जा रही है या की जाएगी, यह "सामूहिक छंटनी" की श्रेणी में आता है जो 'औ द्योगिक विवाद अधिनियम, 1947' की विभिन्न धाराओं (जैसे 25 एफऔर 25एन) का उल्लंघन है। "जो बाद में आया, पहले जाएगा" (एल आई एफ ओ) जैसे बुनियादी श्रम सिद्धांतों की अनदेखी की जा रही है। आगे उन्होने बताया की बिना सुरक्षात्मक पहलू एवं शेष बचे हुये मजदूरों के कार्यभार का मूल्यांकन किए हुये 40% कर्मचारियों की अचानक कमी से संयंत्र के परिचालन और कार्यस्थल की सुरक्षा की जिम्मेवारी किनकी होगी यह भी स्पष्ट होनी चाहिए । संघ ने अपने पत्र में 'सेल बनाम नेशनल यूनियन वाटर फ्रंट वर्कर्स जैसे सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णयों का हवाला देते हुए बताया कि सार्वजनिक उपक्रमों में संविदा श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है। एक अन्य न्यायिक प्रकरण सचिव, कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी (2006) मामले में न्यायालय ने यह माना है कि राज्य श्रमिकों का शोषण नहीं कर सकता और विधि की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना उन्हें अचानक बर्खास्त भी नहीं कर सकता। जबकि सेल एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में प्रतिष्ठित उपक्रम है, इस तरह की छंटनी सामाजिक उत्तरदायित्व के सिद्धांतों के खिलाफ है. इससे स्थानीय समुदाय की आर्थिक स्थिति पर भी गहरा आघात लगेगा। यदि शुरूआती दिनों से देखें तो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य रोजगार सृजन करना और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक ऊथान को सुनिश्चित करना था। परंतु आज कुछ और ही हो रहा है। संघ ने प्रबंधन को सुझाव दिया है कि कटौती के लक्ष्य को तत्काल स्थगित किया जाए। तथा छंटनी के बजाय श्रमिकों के लिए पूर्ण कौशल प्रशिक्षण के विकल्प तलाशे जाएं। प्रबंधन से अपील की गई है कि वह एक 'आदर्श नियोक्ता' की भांति व्यवहार करे और औ द्योगिक शांति व श्रमिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कटौती करने के निर्णय पर तत्काल रोक लगाई जाय नहीं तो संसद से सड़क तक मजदूर हित में आन्दोलन करेंगे। प्रदर्शन में प्रदेश के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शैलेश कुमार वर्मा, तपन गिरी, रामसुमेर सिंह, कृष्णा प्रसाद केवट राजेश कुमार महतो, अरविंद सिंह, आशीष सिंह, दिगू कर्मकार,शशि भूषण सिंह, ओम प्रकाश ,रमेश कुमार, राजेश कुमार महतो, अशोक सोरेन,हराधन सिंह, पीसी रजक, टेकलाल महतो,लालभूषण सीपी ठाकुर, एमपी मेहता, गिरेंद्र सिंह, उमेश ठाकुर, कुलन सोरेन, अजीत तिवारी एल बी सिंह संजय सिंह, अफ्तार हुसैन,उपेंद्र महतो रोशन कुमार जैनुल अंसारी कंकू महतो मनोज कुमार महतो किशोर कुमार ललन सिंह कार्तिक दीगार, चिन्मय साहू जयप्रकाश वकील दास सुभाष कर्मकार, एस पी मुर्मू, आनंद प्रसाद महतो शामिल हुए।

### बकरीद को लेकर एसडीओ चास ने जारी किया यातायात व्यवस्था संबंधी आदेश

**28 मई को सुबह 6:30 बजे से 9:00 बजे तक भारी वाहनों के परिचालन पर रहेगा प्रतिबंध**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बकरीद (ईद-उल-जोहा) पर्व 2026 को लेकर एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा द्वारा विधि-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु विशेष आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार 28 मई 2026 को माराफारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिवनडीह एनएच-23 में बड़ी संख्या में लोगों के नमाज अदा करने हेतु आने-जाने की संभावना को देखते हुए भारी मालवाहक वाहनों के परिचालन पर अस्थायी रोक लगाई गई है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार आईटीआई मोड़ से बालीडीह की ओर जाने वाले भारी मालवाहक वाहनों को तेलीडीह हाईवे चौक के पास रोका जाएगा। इसी प्रकार नया मोड़ से बालीडीह की ओर जाने वाले भारी मालवाहक वाहनों को उकरीद मोड़ हाईवे के पास रोका जाएगा। वहीं, पेटरवार से आईटीआई मोड़ की ओर आने वाले भारी मालवाहक वाहनों को जरीडीह टॉल प्लाजा एवं स्टेशन मोड़ बालीडीह के पास रोका जाएगा। संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्र में निर्धारित समय एवं स्थान पर भारी वाहनों को रोकना सुनिश्चित करेंगे तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखेंगे।

# निगम के इंजीनियर और पार्षदों के बीच विवाद का मामला पहुंचा थाना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम के सहायक अभियंता (यांत्रिक) मो. नाजिश नवाज ने वार्ड 31 की पार्षद सुमन राय, वार्ड 33 के पार्षद उत्तम गोप और वार्ड 4 की पार्षद के पति पिंटू राय पर शराब के नशे में अभद्र व्यवहार, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पिंड्राजोरा थाना में आवेदन दिया गया है। वहीं दूसरी ओर, पार्षद सुमन राय, उत्तम गोप और पिंटू राय ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। उनका कहना है कि मंगलवार को नगर निगम में पेयजल संकट को लेकर सभी पार्षदों की बैठक बुलाई गई थी। बैठक के बाद वे अपने-अपने वार्ड की पेयजल समस्या और खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत को लेकर सहायक अभियंता से मिलने पहुंचे थे। पार्षदों का आरोप है कि सहायक



अभियंता ने बिना सूची के किसी भी चापाकल की मरम्मत कराने से इनकार कर दिया और आग्रह करने के बावजूद उनकी बात नहीं सुनी। वार्ड 31 की पार्षद सुमन राय ने कहा कि जब उन्होंने पानी और अन्य जरूरी कार्यों को सुचारू रूप से करने का आग्रह किया, तब अभियंता ने उनके साथ बदसलूकी की। सवाल यह है कि जब मेयर और अपर नगर आयुक्त में बैठक बुलाई थी, उस बैठक में अपने मुद्दे को उठाने के बजाय कार्यालय में बाद में जाने की क्या वजह थी। इधर सहायक अभियंता ने अपने आवेदन में कहा है कि मंगलवार शाम वह जिला नियंत्रण कक्ष ड्यूटी के लिए जा रहे थे, तभी आरोपितों ने उन्हें धमकी दी और कार्यालय के बाहर मारपीट की बात कही। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीच-बचाव करने वालों के साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। दोनों पक्षों ने पिंड्राजोरा थाना में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनसार थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले में फरार चल रहे आरोपी लवकुश कुमार यादव को पुलिस ने बिहार के नवादा जिले से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने तकनीकी और गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। धनबाद डीएसपी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रकाश सोय ने बुधवार को जानकारी देते हुए कहा कि 4 मई 2026 की शाम धनसार थाना को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए धनसार थाना में कांड संख्या 75/2026 दर्ज किया गया। आरोपी लवकुश कुमार यादव के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर छापेमारी शुरू की गई।

# बोकारो जिला भाजपा की दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

## प्रशिक्षण शिविर संगठन को और मजबूत बनाने का माध्यम : आदित्य साहू

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के महामिलन बैंकेट हॉल में बुधवार को भाजपा के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026' के अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू , प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ,धनबाद सांसद ढुलू महतो , कार्यक्रम जिला पर प्रभारी अमरदीप यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, विधायक,पूर्व विधायक और कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राज ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ कर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण देकर सभी अतिथियों का प्रशिक्षण शिविर में अभिनंदन किया। बोकारो जिला में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 में प्रदेश





अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और ऐसे प्रशिक्षण शिविर संगठन को और मजबूत बनाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकताओं में वैचारिक स्पष्टता, सेवा भाव और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण को बढ़ाते हैं। साहू ने कहा 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026' केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि संगठन की विचारधारा और राष्ट्रसेवा को मजबूत करने का अभियान है। इसके जरिए कार्यकताओं को संगठन की कार्यशैली और जनसेवा के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी जाती है। प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए सांसद ढुलू महतो ने कहा कि कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विचारों की मजबूती ही किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय और राष्ट्रसेवा का विचार आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं को जनहित में काम करने की प्रेरणा देता है। निवर्तमान सांसद पशुपति नाथ सिंह ने कार्यकर्ता विकास, संभाल और दायित्व बोध पर अपना मार्गदर्शन दिया। प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने कार्यकताओं से जनता के बीच सक्रिय रहने और संगठन की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। जन जन की समस्या को निदान करने के लिय भाजपा सड़क से लेकर सदन आवाज उठाएगी। प्रखंड से लेकर जिला मुख्यालय तक जनता की समस्याओं के निदान को लेकर जोर दार उठाने की काम करेगी। प्रशिक्षण वक्ता के के गुप्ता ,बबन गुप्ता ने बूथ प्रबंधन कार्यक्रम मन की बात,अशोक कुमार बड़ाईक ने सोशल मीडिया परीक्षण शिविर में कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में रविन्द्र कुमार पांडेय, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, अंबिका ख्वास, प्रहलाद महतो, रोहित लाल सिंह, बिनोद महतो,जयदेव राय सहित 150 कार्यकताओं ने भाग लिया।

### मुंबई में दुर्घटना में मृत प्रवासी मजदूर का शव पहुंचा गांव

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार प्रखंड के अम्बाडीह गांव निवासी कमलेश कुमार महतो (36) का शव बुधवार को गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। बताते चले की मुंबई के थाने में कमलेश महतो एपीएस माइनिंग कंपनी में हाइवा चालक के रूप में कार्यरत थे। बीते दिनों ड्यूटी के दौरान वाहन में तकनीकी खराबी आने के कारण हुई दुर्घटना में उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने सहायता की मांग उठाई थी। इसके बाद सामाजिक प्रतिनिधियों एवं झारखंडी संगठनों की पहल पर कंपनी प्रबंधन के साथ वार्ता की गई। वार्ता के बाद मृतक परिवार को ₹4 लाख मुआवजा, शव को गांव तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस खर्च तथा बीमा राशि मिलने तक मृतक की पत्नी को ₹25 हजार प्रतिमाह आर्थिक सहयोग देने पर सहमति बनी। बुधवार को कमलेश का शव गांव पहुंचते ही अम्बाडीह गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

C M Y K